| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 72,426.64 ▲ +376.26 | | |
| डॉलर | 83.016 ▲ +0.023 | | |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 18.0 | 24.0 |
| धनबाद | 29.0 | 17.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 18.0 | 27.0 |
| पलामू | 30.0 | 15.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 | रांची, सोमवार, 19 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-20, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — दुनिया भर में बढ़ रही है गरीबों की ... 08

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने फ्लाइट की इमरजेंसी...12 — देश विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 58,800

चांदी (1 किलो) 78,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# हेमंत सोरेन ही नहीं अभी कई रसूखदारों की भी नपेंगी गर्दन

### रजिस्टर टू में फेरबदल कर फर्जी दस्तावेज पर जमीन खरीदने का मामला

### अब तक ईडी ने कुल 17 ओरिजनल रजिस्टर 2 की जांच की है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आने वाले दिनों में फर्जी दस्तावेज के आधार पर औने-पौने दाम में प्राईम लैंड खरीदने वाले कई रसूखदारों के गर्दन नपने वाला है। हेमंत सोरेन का बरियातु में साढ़े आठ एकड़ जमीन विवाद मामले की जांच के क्रम में ईडी के हाथ जमीन घोटाला मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। एजेंसी की जांच में यह बात सामने आई है, ईडी अब उन सभी जमीनों की जांच में जुट गई है।







### कई नाम आए सामने

रांची जमीन घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावे कई अन्य लोगों ने भी फर्जी दस्तावेज बनवाकर, सरकारी रिकार्ड में हेरफेर के बाद औने पौने दाम पर जमीन की खरीदारी की है। इस संबंध में ईडी ने अपनी जांच में कई नए तथ्य हासिल किए हैं। जो तथ्य जांच के दौरान ईडी को मिले हैं, उसका सत्यापन भी रिमांड पर आए आरोपियों से की गई है। अब तक ईडी ने कुल 17 ओरिजनल रजिस्टर 2 की जांच की है। जांच के दौरान यह पाया गया है कि बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद ने अपने सिंडिकेट के साथ मिलकर कई जमीनों को फर्जी तरीके से हथियाने में मदद की।

### कैसे किया फर्जीवाड़ा

ईडी ने कोर्ट को बताया है कि भानु प्रताप प्रसाद ने पद पर रहते हुए रजिस्टर 2 को अपने अधीन रखा। इस दौरान उसने कई जमीनों से जुड़ी रजिस्टर 2 की असली एंट्री को मिटाया। इसके बाद सादे पन्नों को लगाकर रजिस्टर 2 में नई एंट्री कर दी। जांच में यह पाया गया है कि कई भूईहरी और नन सेलेबल जमीनों की प्रकृति भी बदली गई। इसके बाद उन जमीनों की बिक्री कर दी गई। ईडी ने जांच में पाया है कि कई जमीनों की फर्जी डीड भी भानु प्रताप ने तैयार करायी थी। इसके बाद उन जमीनों की भी बिक्री हो गई। ये सारी भूमि अब ईडी की जांच के दायरे में हैं।

### हेमंत सोरेन के अलावे कई लोग हुए लाभान्वित

ईडी ने जांच में पाया है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई अन्य लोग भी हैं जो भानु प्रताप प्रसाद के प्रोसिड आफ क्राइम से लाभान्वित हुए हैं। जिन लोगों ने ये संपत्तियां फर्जी तरीके से अर्जित की है, ईडी ने पीएमएलए की संगत धाराओं के तहत उन्हें भी आरोपित करने का फैसला लिया है।

**भारतीय टीम की टेस्ट मैच में सबसे बड़ी जीत**

# तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराया




**एजेंसी। राजकोट**

भारतीय टीम ने राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 434 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया है। भारतीय टीम की यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था। इस जीत के साथ भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। सीरीज का चौथा मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री चंपाई आज इटखोरी महोत्सव का करेंगे उद्घाटन



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोमवार को त्रिदिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। 19, 20 और 21 फरवरी तक चलने वाले इस भारतीय एवं झारखंड की संस्कृति और सभ्यता से ओतप्रोत भक्तिमय एवं संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### झारखंड में भी होगी जातीय जनगणना

**रांची।** झारखंड की सरकार ने राज्य में जातीय जनगणना कराने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। सीएम चंपाई सोरेन ने कार्मिक विभाग को इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए हैं। विभाग की ओर से तैयार किए जाने वाले प्रस्ताव को कैबिनेट में मंजूरी के लिए लाया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के पहले राज्य सरकार प्रस्ताव को मंजूरी दे सकती है। बिहार के बाद झारखंड देश का दूसरा राज्य है, जहां जातीय जनगणना कराई जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कहा था कि उनकी सरकार जातीय जनगणना कराने की पक्षधर है।

(संबंधित खबर पेज 04 पर)

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा**

# गठबंधन मजबूत, झारखंड में सरकार को खतरा नहीं

### मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर की शिष्टाचार भेंट

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से मंत्रिमंडल में रिक्त बारहवें सीट पर चर्चा की भी आ रही खबर

### कांग्रेस के 12 विद्यायकों की नाराजगी उनका आंतरिक मामला, वे इसे सुलझा लेंगे

### सीएम रांची वापस आएंगे तो सकारात्मक जवाब देंगे, अन्यथा मैं निर्णय लेने को स्वतंत्र

**आरएनएम। रांची/नई दिल्ली**

कांग्रेस के चार विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल करने पर पार्टी विधायकों के एक वर्ग में नाराजगी की खबरों के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को कहा कि प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन मजबूत है और राज्य में गठबंधन सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नयी दिल्ली में मुलाकात से पहले सोरेन ने यह टिप्पणी की। खरगे से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर



### सम्मान को ठेस पहुंची है, चुप नहीं बैठेंगे : बैद्यनाथ राम



झारखंड के सीएम चंपाई के मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने से नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक बैद्यनाथ राम ने रविवार को कहा कि उनके सम्मान को ठेस पहुंची है और वह चुप नहीं बैठेंगे। लातेहार से विधायक ने कहा कि उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने के फैसले ने अनुसूचित जनजाति की भावनाएं भी आहत हुई है। विधायक ने आगे की कार्रवाई तय करने के लिए अपने आवास पर एक बैठक बुलाई है। कथित तौर पर शपथ ग्रहण के दिन शुक्रवार को अंतिम समय में बैद्यनाथ राम का नाम सूची से हटा दिया गया था। असंतुष्ट विधायक ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने मंत्री पद पर विचार के लिए दो दिन का वक्त मांगा है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री दिल्ली में हैं। उम्मीद करता हूं कि जब वे रांची वापस आएंगे तो कोई सकारात्मक जवाब देंगे अन्यथा मैं कोई भी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हूं।

### खरगे से हुई सीट शेयरिंग पर बात

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग पर बात की। इस दौरान कांग्रेस के झारखंड के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और झामुमो के विनोद पांडे, सुप्रिया भट्टाचार्य और सुदीव्य सोनू मौजूद रहे। बैठक में सभी सीट पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। आने वाले दिनों में सीट शेयरिंग की घोषणा जल्द होगी। कहा गया कि गठबंधन के सभी नेता-कार्यकर्ता एकजुटता का परिचय देते हुए राज्य के सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

# सत्ता में वापसी का विश्वास, कार्यकर्ताओं को मोदी ने दिया 100 दिनों का लक्ष्य

### तीसरे कार्यकाल में भारत को बनाएंगे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

### एनडीए को 400 पार कराना है तो भाजपा को 370 का माइलस्टोन पार करना होगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में समापन भाषण देते हुए आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। पार्टी पदाधिकारियों के समक्ष अपनी सरकार के 10 वर्षों के कामकाज और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने विपक्ष की नाकामियां भी गिनाईं। साथ ही सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक देश को विकसित बनाने का वादा किया। उन्होंने कहा सरकार का तीसरा कार्यकाल किसी भोग के लिए नहीं राष्ट्र के अक्षय भाग्य निर्माण के लिए है। इसके लिए एनडीए को 400 सीट पार करना होगा वहीं भाजपा को 370 का माइलस्टोन पार करना होगा। इसलिए आने वाले आम चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को 100 दिनों तक हर वोटर, लाभार्थी, वर्ग, समाज, पंथ, परंपरा तक पहुंचना होगा। उन्होंने कहा जो युवा 18 वर्ष के पड़ाव पर पहुंचे हैं, वे देश की 18वीं लोकसभा का चुनाव करने वाले हैं। भाजपा पर बने उनके भरोसे और विश्वास को मजबूत कर वोट के लिए अपील करना होगा।

**दुनिया समझ रही भारत का विकास उनके लिए लाभदायी :** भारतीय विदेश नीति से जुड़ी उपलब्धियां गिनाते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया को अब समझ में आ रहा है कि भारत का विकास उसकी बेहतरी के लिए है। हाल की कतर और यूएई की यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में अब भारत के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। इन सबका श्रेय भाजपा सरकार को देते हुए प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की वापसी पर विश्वास जताया और कहा कि दुनिया भी अब मान रही है कि पार्टी तीसरी बार सत्ता में लौटेगी। इसी कारण से आम चुनाव से पहले ही उन्हें ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### मोदी पर व्यक्तिगत हमले पर कांग्रेस में ही टकराव



प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन और विशेषकर कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार को लेकर हमला बोला। कहा, हर अहम पद पर परिवार वाले या उनके करीबियों को ही आगे बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कांग्रेस में दो खेमों के बीच मोदी पर व्यक्तिगत हमला करने या नहीं करने को लेकर संघर्ष चल रहा है। कांग्रेस इतनी हताश हो गई है कि उसमें सैद्धांतिक और वैचारिक विरोध का साहस भी नहीं बचा। इसलिए गाली-गलौच और मोदी पर झूठे आरोप ही उनका एजेंडा बन गया है।

### दस वर्षों के कामकाज की प्रमुख उपलब्धियां गिनाई

- ▶▶ अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करके उनकी सरकार ने पांच सदियों का इंतजार खत्म किया है।
- ▶▶ गुजरात के पावागढ़ में 500 साल बाद धर्म ध्वजा फहराई गई है।
- ▶▶ सात दशक बाद उनकी सरकार के प्रयासों से करतारपुर साहिब कॉरिडोर शुरू हुआ, जबकि पहले सिख श्रद्धालु दूरबीन से उसे देखते थे।
- ▶▶ 7 दशक के इंतजार के बाद देश को आर्टिकल 370 से मुक्ति मिली है।
- ▶▶ बीते वर्षों में भारत ने अपने इतिहास को सहेजा भी है व संवारा है।
- ▶▶ नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण किया, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक बनाया।
- ▶▶ अंडमान में नेताजी सुभाष और परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर द्वीपों का नामकरण किया।
- ▶▶ बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थ को विकसित किया।
- ▶▶ रांची में भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में म्यूजियम बनाया और सरदार पटेल को समर्पित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' भी उनके सरकार के कार्यकाल में ही बनी।

**इंडिया**

# समय की मांग है पकड़ौआ शादी के मूल कारणों की समीक्षा की




***भारतीय*** संस्कृति ही नहीं सभी धर्म-संप्रदायों में विवाह को बहुत ही पवित्र संस्कार माना जाता है, वैदिक संस्कृति में भी स्वयंवर से लेकर अनेक प्रकार के विवाहों को मान्यता मिली हुई है जिसमें प्रेम विवाह की तरह गंदर्भ विवाह की भी चर्चा है और सबसे खुशी वाले पलों से सजे पारंपरिक विवाह में सामाजिक रीति रिवाज इस तरह समाहित होते हैं कि पूरा परिवार ही नहीं समाज तक उसमें सम्मिलित हो जाता है, कुछ रीति रिवाज तो ऐसे भावपूर्ण होते हैं जिन्हें देखने के लिए परिजन वर्षों से दिन गिनते हैं और अतिथि घंटों की प्रतीक्षा करते हैं पर बिहार के एक विशेष प्रकार के विवाह ने समाज ही नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है और 17 फरवरी की घटना ने नीति निर्धारकों के साथ देश को झकझोर कर रख दिया है और एक बार फिर पकड़ौआ विवाह चर्चा में आ गया है। 1970-80 में तिलक दहेज और राजसी ठाटबाट वाली शादियों से असमर्थ लोगों ने इसे कुप्रथा पर जबरन रोक के नाम पर बेगूसराय जिले में बढ़ाया था। पकड़ौआ विवाह असल में वो होता है जिसमें शादी के लायक संपन्न या नौकरी वाले लड़के का अपहरण किया जाता है और फिर डरा-धमकाकर जबरन उसकी शादी करवा दी जाती है। नवंबर 2023 में पटना हाईकोर्ट ने पकड़ौआ विवाह के एक मामले को रद्द कर दिया था। जस्टिस पीबी बजंथरी और अरुण कुमार झा की पीठ ने कहा था कि विवाह का पारंपरिक हिंदू रूप 'सप्तपर्व' और 'दत होम' के अभाव में वैध नहीं होता है। यदि सप्तपदी' पूरी नहीं हुई है, तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी नहीं माना जाएगा। हाईकोर्ट के सामने दायर याचिका में याचिकाकर्ता एक सैन्यकर्मी ने कहा कि बंदूक की नोक पर बिना किसी धार्मिक या आध्यात्मिक अनुष्ठान के उसे लड़की की मांग में सिंदूर भरने के लिए मजबूर किया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने आदेश पर रोक लगा दी है। हाल की दुखद घटना में पकड़ौआ शादी के बाद डेढ़ साल से लड़की अपने मायके में ही रह रही थी। जब लड़के के बड़े भाई की शादी की खबर लड़की के परिवार को हुई तो वे अपनी बेटी को लेकर उसके ससुराल पहुंचे, उन्हें लगा कि शायद अब उनकी बेटी के ससुराल वाले उसे अपना लेंगे। लेकिन लड़के के घर वालों ने लड़की को अपने यहां रखने से साफ कर दिया और बहस के दौरान लड़के के पिता ने लड़की, उसके पिता और भाई को गोली मार दी। 1970 के दशक में इस प्रकार की शादी की शुरूआत हुई थी तब शादी के बाद सामाजिक दबाव से वर के परिजन को वधू ले जाने के लिए राजी कर लिया जाता था।

### वधू पिता और भाई की हत्या

सामाजिक दबाव का इस्तेमाल करने के कारण पकड़ौआ शादी की सफलता का प्रतिशत 90 से भी ज्यादा था। दौर बदला और पकड़ौआ शादी की सफलता का प्रतिशत बढ़ता दिखा तो 1980 की दशक के बाद पकड़ौआ शादी का रूप बदलने लगा। दोस्तों व शुभचिंतकों की सहायता से पकड़ौआ शादी करने की परंपरा का व्यावसायीकरण होने लगा। कई गिरोह ने वर उठाने का काम शुरू कर दिया। धड़ल्ले से विभिन्न अपराधी गुट चिन्हित लड़के को उठाते थे तथा उनकी शादी मारपीट कर दी जाती थी। वधू पक्ष द्वारा चिन्हित लड़के को अपराधी गिरोह तमंचे की नोक पर अपहरण कर लेते थे तथा चिन्हित जगह पर अपहत वर को पहुंचा दिया जाता था। और घर में जब शादी की रस्म शुरू होती थी तब उसे पता चलता था कि रात उसकी शादी है। 1985 के दौर में धीरे-धीरे पकड़ौआ विवाह ने पूरी तरह से व्यावसायिक रूप ले चुका था। 5 से 10 हजार रुपए में लड़का उठाने का काम धड़ल्ले से होने लगा था। 1990-95 के दौरान वर उठाने का गिरोह चलाने वाले सरगनाओं ने भी अपने घर की लड़कियों की शादी अच्छे घर के लड़कों से कराने का काम शुरू कर दिया और यही वह समय था जब पकड़ौआ शादी के असफल होने का प्रतिशत एकाएक बढ़ने लगा। आज बेगूसराय हो जहां से यह विवाह शुरू हुआ था या फिर पटना,मोकामा, कटिहार, गया जैसे जिले हों अब पकड़ौआ विवाह के मामले कम हुए हैं। पकड़ौआ शादी के बाद कई ऐसे मामले सामने आए जिसमें लड़कियों को प्रताड़ित किए जाने की बात सामने आई। लोगों की धारणा बदली है। लोग गरीब घर में बेटी की शादी कर लेने को तैयार हैं लेकिन पकड़ौआ शादी करने को तैयार नहीं हैं। इस प्रथा पर कई तरह की फिल्में और टीवी सीरियल बन चुके हैं। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक बिहार में 2020 में जबरन शादी कराने के 7, 194, 2019 में 10,295, 2018 में 10,310 और 2017 में 8,927 मामले सामने आए। हालांकि, इसमें से अधिकांश मामले आपसी सहमति से निपटाए गए या प्रकाश में नहीं। आज के सभ्य समाज के लिए इसे कलंक ही माना जाएगा जिस पर अब सभी को सोचना चाहिए।

# जैन मुनि आचार्य विद्यासागर हुए समाधिस्थ, पीएम ने जताया शोक

**एजेंसी। भोपाल**

जैन समाज के लिए रविवार का दिन बेहद कष्टदायक रहा। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 2.35 बजे दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने समाधि ले ली। तीन दिन के उपवास के बाद 'वर्तमान के वर्धमान' कहे जाने वाले जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ तीर्थ स्थल पर शरीर त्याग दिया। उन्होंने तीन दिन पहले समाधि की प्रक्रिया की शुरूआत की थी, जिसके बाद उन्होंने अन्न-जल का त्याग कर दिया था। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 2.35 बजे प्रसिद्ध जैन मुनी ने श्वसन प्रक्रिया का अंत कर दिया। आचार्य के शरीर त्यागने की खबर मिलने के बाद से देश भर से उनके शिष्यों का डोंगरगढ़ में जुटना जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैन संत आचार्य विद्यासागर महाराज के



ब्रह्मलीन होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मोदी ने कहा कि आचार्य महाराज का जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए आचार्य के बहुमूल्य प्रयासों को हमेशा याद किया जाएगा। ऐसे में देश भर में जहां शोक की लहर है, वहीं मध्यप्रदेश सरकार ने उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए आधे दिन का राजकीय शोक घोषित कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में रविवार को होने वाले सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिया है।

## एक नजर

### विद्यालय का ताला तोड़कर 69 बोरी चावल की चोरी

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के सोंस पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल सोस में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा भंडार कक्ष का ताला तोड़कर एमडीएम के लिए रखा हुआ 69 बोरी चावल तथा 5 गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया। चान्हो थाना क्षेत्र में इस तरह की चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। यह विधालय राष्ट्रीय मार्ग 75 समाने है एवं पुलिस गश्ती लगातार होती रहती है। किन्तु एक भी घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पुरे मामले कि जांच मे जुटी है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की घटना स्थल पर पहुंची। घटना वारदात स्थल का निरीक्षण किया और इस विषय पर थाना के प्रभारी बात की। विधायक ने मीडिया के माध्यम से लोगो बतलाया कि इस तरह की घटना शर्मनाक है। इसकी जांच सघन रूप से किया जायेगा। पुलिस को भी चोरों को पकड़ने के लिए सख्त हिदायत दी जायेगी। वही दूसरी ओर चान्हो ब्लॉक परिसर में कर्मचारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आवास का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधिवत नारियल फोड़ कर किया।

### सुमन कुमार को आठ प्रांतों की मिली जिम्मेदारी

**रांची।** हिन्दू जागरण मंच अखिल भारतीय की दो दिवसीय बैठक हरियाणा प्रांत के पानीपत में समालखा के श्रीमाधव जनसेवा न्यास भवन में हुई। समापन समारोह में हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक झारखंड बिहार डॉ सुमन को द्विक्षेत्र, जिसमें उत्तर पूर्व क्षेत्र एवं पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठक (उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार, झारखंड, उत्तर बंगाल, मध्य बंगाल, दक्षिण बंगाल, उड़ीसा पूर्व, उड़ीसा पश्चिम) आठ प्रांतों की जिम्मेदारी दी गई।

### समाजसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए राजनीति में आया हूं : ब्रजेन्द्र हेमरोम

**खूंटी।** परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव पद से सेवानिवृत्ति के बाद भाजपा का दामन थामने वाले ब्रजेंद्र हेमरोम ने कहा कि समाज सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए राजनीति में आया हूं। हेमरोम रविवार को तोरपा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रोजगार के अवसर खुलेंगे तथा यहां के लोगों का दुःख-दर्द दूर कर सकूं यही मेरा उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि 37 वर्षो तक सरकारी सेवा में रहने के दौरान जो काम नहीं कर सका, उसे पूरा करना है। भाजपा नेता हमेरोम ने कहा कि एक विजन के साथ क्षेत्र में काम करना है। क्षेत्र में एक भी मेडिकल कॉलेज या इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं है, जिसके कायाण यहां के विद्यार्थी दूसरे राज्यों में चले जाते हैं। इसके साथ ही यहां का पैसा भी बाहर चला जाता है। कृषि के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं हैं। लोगों के सहयोग से इन सभी कामों को पूरा करने के लिए मैं संकल्पित हूं। भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले और अब की भाजपा में काफी फर्क है। भाजपा को आदिवासी विरोधी कहकर कुछ लोग आम लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं।

#### सिल्ली में 103 गांवों के ग्रामीणों के बीच लगी खुशी चौपाल

# सभी ने बौद्धिक मदद करने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के तत्वावधान में सिल्ली स्टेडियम में 103 गांव के ग्रामीणों के बीच खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। टेंसन, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृति के खिलाफ इस एलान-ए-जंग में सभी ग्रामीण खुशी परिवार से जुड़ कर खुशी दूत बनने का संकल्प लिया। एक ही गूंज, हमारी जिंदगी पर तनाव, डिप्रेशन का कब्जा नहीं हो सकता। अपनी जिंदगी हम जिएंगे, जिंदादिली से। इसके बाद आदित्य बिड़ला प्लस टू विद्यालय में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। अंतिम सत्र में हलमाद गांव में खुशी चौपाल लगा। मौके पर खुशी क्लास के संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि प्रकृति ने बहुमूल्य जिंदगी जीने के लिए दी है, गुजारने के लिए नहीं। खुशी के साथ ही हम जिंदगी जी सकते हैं। तनाव,टेंसन में हम नारकीय अंदाज में सिर्फ जिंदगी गुजार सकते हैं। यह खुशी सकारात्मक भाव से ही आती है। कितनी भी झंझावतें आएं, सकारात्मकता का साथ कभी नहीं छोड़ें। यही सकारत्मकता हमें सभी दिक्कतों से उबार कर खुशियों से भर देती है। हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति महामारी का रुप लेते जा रही है। समाज से इसे भगाना है। इसे हम खुशी-सकारात्मकता के साथ ही भगा सकते हैं। गांव की माटी सिर्फ फसल नहीं उपजाती, खुशियों की गीत भी गाती है। बस इसे महसूस कर दिल में उतार लें। मौके पर हलमाद के छोटेलाल महतो ने कहा- खुशी क्लास की जरूरत हर घर को है। छोटे-छोटे कारण से लोग आत्महत्या कर ले रहे हैं। तनाव और टेंसन घर की खुशियां छीन रही है। हम सभी खुशी दूत के रुप में खुशी परिवार से जुड़कर गर्व महसूस करेंगे। पोड़ा गांव में ग्रामीण बिहारी सिंह ने कहा कि खुशी क्लास समाज में जादुई परिवर्तन ला सकती है। बस इसके संदेश को अमलीजामा पहनाने की जरूरत है। अंत में खुशी क्लास संचालक मुकेश सिंह चौहान ने सभी से अशीवार्दी, नेग, दक्षिणा मांगा कि आप सभी खुश और सकारात्मक रहने का सच्चा वादा दे दें।

# गांव चलो अभियान में भाजपा ने गिनायी केंद्र सरकार की उपलब्धियां



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता खलारी में बूथ स्तर पर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं। इसी के तहत पुरनी राय स्थित बूथ नंबर 56, 57 में प्रवासी के रूप में चयनित कार्यकर्ता अनिलकुमार गंझू व शशिप्रसाद साहू अभियान का नेतृत्व किए। बूथ अध्यक्ष रामेश्वर महतो व सौखी महतो से मिलकर बूथ समिति का सत्यापन किया गया। नए सदस्य को जोड़ा और लाभुक समिति से भी मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गांव के टोलों मुहल्लों में घूम घूम कर बताया। नमो एप डाउनलोड कराया गया। प्रवास के दौरान खिलाड़ी, शिक्षक व सहिया से मिले। अबकी बार फिर से मोदी सरकार के नारे को लेकर दीवार लेखन भी किया गया। इस मौके पर मंडल संयोजक रामसूरत यादव, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झारखंड में ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ धोखा : ओबीसी छात्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ओबीसी छात्र रविवार को अपनी मांगों को लेकर बापू वाटिका में एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि जेपीएससी तथा जेएसएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में पिछड़ा वर्ग को एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को अधिकतम उम्र सीमा में मात्र 2 वर्ष की छूट दी जाती है जबकि निकटवर्ती राज्यों में जैसे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में 5 वर्ष की छूट दी जाती है। छात्रों ने मांग की है कि जेपीएससी एवं जेएसएससी द्वारा आयोजित प्रक्रियाधीन एवं आगामी सभी परीक्षाओं में अन्य राज्यों की भांति ओबीसी वर्ग को अधिकतम उम्र सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाए तथा इसे तत्काल प्रभाव से लागू करें। विगत 23 वर्षों में जेपीएससी तथा जेएसएससी द्वारा संपन्न विभिन्न परीक्षाओं में ओबीसी छात्रों को उचित अवसर नहीं मिल पाया है। इसलिए ओबीसी वर्ग के लिए आयु गणना 2010 करते हुए दो अतिरिक्त अवसर दिया जाए ताकि अभी तक अवसर से वंचित ओबीसी के छात्रों के साथ न्याय हो सके। मौके पर राजेश कुमार, वकील यादव, अनिमेष गौतम , आफताब जी सहित दर्जनों छात्र ओबीसी अधिकार मंच के बैनर तले सरकार से मांग की है।

### ब्रह्मर्षि समाज का मिलन समारोह 22 को

**हजारीबाग ।** भारत के राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी सहित देश में संगठित किसान आंदोलन के जनक एवं किसानों के मसीहा स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर 22 फरवरी को स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान, हजारीबाग द्वारा उनकी जयंती को समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर संस्थान द्वारा शहर के दीपुगढ़ स्थित मुकेश सिंह के आवासीय परिसर में संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैठक आहूत की गई। इसमें संस्थान से जुड़े ब्रह्मर्षि समाज के करीब दो दर्जनों गणमान्य लोग शामिल हुए और समारोह की रूपरेखा तैयार की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रोवेश रिसॉर्ट परिसर में ब्रह्मर्षि समाज के सभी लोग जुड़ेंगे और समाज के आदर्श स्वामी सहजानंद सरस्वती जी को याद करेंगे। समारोह के दौरान ही ब्रह्मर्षि समाज वनभोज- सह-मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर बीडीओ से मिले छात्र नेता




**नवीन मेल संवाददाता। सोनाहातू**
सोनाहातू प्रखंड कार्यालय में शनिवार के दिन खातियानी झारखंडी पार्टी के संस्थापक सदस्य सह छात्र नेता राजू महतो के नेतृत्व में सोनाहातू प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर आय, जाति व स्थानीय प्रमाण पत्र बनाने में हो रही समस्या को लेकर अवगत कराया। छात्र नेता राजू कुमार ने कहां की सोनाहातू प्रखंड अंतर्गत कोई छात्र-छात्राओं का आय, जाति वह स्थानीय प्रमाण पत्र बनने में काफी देरी हो रही है । महीना दिन लग रहे हैं जिसके कारण हजारों गरीब छात्र-छात्राएं ई-कल्याण छात्रवृत्ति का फॉर्म भरने, विभिन्न संस्थाओं में नामांकन एवं किसी प्रकार की नियुक्ति में आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।राजू कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से हजारों लंबित पड़े आवेदन को जल्द से जल्द निर्गत करने साथ ही आवेदन जमा दिनांक से पांच दिनों के अंदर बनवाने का व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जल्द ही सभी लंबित पड़े आवेदन को जल्द निर्गत करने को लेकर आश्वस्त किया है ।मौके पर मुन्ना महतो, हरीश कुमार , बरुन मेहता, नेपाल कुमार,दिनेश महतो समेत कई छात्र मौजूद थे ।

#### सिल्ली शौंडिक जागरण मंच का वार्षिक समारोह का आयोजन संपन्न

# मंच समाज ने कल्याणकारी योजना पहुंचाकर बेहतर संदेश दिया है : कुमुद

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली बजार स्थित शिवगंगा शौंडिक भवन में रविवार को शौंडिक जागरण मंच सिल्ली मुरी का वार्षिक समारोह का आयोजन मंच के अध्यक्ष राधेश्याम साहू के अध्यक्षता में किया गया। मुख्य संरक्षक कुमुद प्रसाद साहू, प्रधान संरक्षक निर्मल चंद्र साहू, संरक्षक दिनेश साहू, मुकेश साहू, रुपेश साहू, झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रवक्ता विरेंद्र साहू एवं अन्य अतिथियों ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए कुमुद प्रसाद साहू ने कहा कि मंच लगातार क्षेत्र एवं समाज के लोगों के लिए कल्याणकारी योजना चलाकर समाज में अच्छा संदेश पहुंचाने का काम किया है। दिनेश प्रसाद साहू ने कहा कि मंच के स्थापना काल से ही समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम चला रही है जो आगे भी जारी रहेगा। निर्मल चंद्र साहू एवं अन्य अतिथियों ने भी समारोह को संबोधित किया। सभी इकाइयों के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मंच के पदाधिकारी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा भाविक कार्य कर्मों पर चर्चा की गई। जिसमें सभी इकाइयों का पुनर्गठन, भवन के खाली जमीन पर पेवर ब्लॉक लगाने, सेड निर्माण एवं किचन भवन के निर्माण, क्षेत्र के लोगों के लिए कल्याणकारी योजना चलाने, स्वस्थ शरीर का आयोजन समेत कई निर्णय लिया गया। उपस्थित मंच के संरक्षकों ने सहयोग के लिए आर्थिक मदद करने की घोषणा की।

# बेड़ो में भव्य डीजे साउंड व विद्युत सज्जा के साथ निकली विसर्जन शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में सार्वजनिक क्लबों एवं संस्थाओं में अलग-अलग स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं को पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ रविवार की रात बड़ा तालाब में विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान झरी क्लब देवी मंडप चौक, बेड़ो बस्ती सरस्वती पूजा पंडाल, सरना क्लब गुमला रोड बेड़ो तथा अम्बाटोली में स्थापित मां शारदे की प्रतिमा को भव्य एवं आकर्षक विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। रात 8:00 बजे शुरू हुई विसर्जन शोभायात्रा में ट्रकों में मां की प्रतिमा को विद्युत सज्जा के साथ विसर्जन शोभा यात्रा के लिए निकाली गई। विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान डीजे साउंड सिस्टम से संपूर्ण बेड़ो के मुख्य सड़क गुंजायमान हो उठा। अगल-बगल



की घरों में साउंड से कंपन महसूस होने लगी। अलग-अलग पूजा पंडालों के बीच साउंड सिस्टम का प्रतियोगिता का अद्भुत नजारा देखा गया। समाचार लिखे जाने तक प्रतिमाओं का विसर्जन शोभा यात्रा निकाला गया लेकिन प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया गया था। विसर्जन शोभा यात्रा को सफल बनाने में झरी क्लब के शशी गोप, बेड़ो बस्ती पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष आयुष गोप, सचिव छोटू गोप, संरक्षक खद्दी उरांव, विष्णु बडाईक, दीपक गोप, विश्वा गोप, जयराम गोप, मनोहर बडाईक, मनोज उरांव, मुन्ना बडाईक, प्रिंस पांडे,रवि सिंह, बजरंग गोप, किशन बडाईक उत्तम गोप, पंकज महली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

#### घघारी बाबा धाम को राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाने की होगी कोशिश

# कमेटी में ईमानदारी, निष्ठा व पारदर्शिता सबसे बड़ी जरूरत : राजकमल

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति की आमसभा में समाजसेवी राजकमल गोप सर्वसम्मति से घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए। रविवार को घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति का एक दशक के बाद पुनर्गठन किया गया। राजकमल गोप के अध्यक्ष के रुप में चयन से घाघरी बाबा धाम प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित सैकड़ो लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं संजय कुमार महतो को सर्वसम्मति से सचिव चुन लिया गया। जबकि कमेटी के पुराने कोषाध्यक्ष गुरुजी सेवक सिंह को दोबारा कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष पद के एक उम्मीदवार रामशंकर सिंह अपनी संभावित हार की संभावना के कारण अध्यक्ष पद के चयन के पूर्व ही विरोध जताते हुए बैठक स्थल से वापस चले गए। जिसके बाद सर्वसम्मति से मौके पर ग्रामीणों ने



नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकमल गोप, सचिव संजय कुमार महतो तथा कोषाध्यक्ष सेवक सिंह को फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राजकमल गोप ने कहा कि घघारी बाबा धाम और घघारी जलप्रपात को राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कमेटी में ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि घघारी बाबा धाम हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर है। हमें इसे राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है। वहीं सचिव संजय कुमार महतो ने कहा कि घघारी बाबा धाम के विकास के लिए समर्पित लोगों की जरूरत है। कोषाध्यक्ष के रूप में चुने गए सेवक सिंह के संदर्भ में जानकारी दी गई कि मकर संक्रांति महोत्सव के समय से कमेटी में इतने समर्पित हैं कि वह अभी तक अपने घर नहीं गए और घघारी बाबा धाम में रहकर ही मंदिर की सेवा कर रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहु ने किया जबकि संचालन संजय कुमार महतो ने किया। इस मौके पर

**घघारी बाबा धाम हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर है**

मुख्य रूप से पूर्व उपाध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, पूर्व सचिव सह विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, समाजसेवी दशरथ कुमार तिर्की, सुनील उरांव, अरविंद तिवारी, मनोज उरांव, नपिन्द्र सिंह, विकास नारायण सिंह, पारितोष शेखर सिंह, विक्की सिंह, विक्रम शेखर सिंह, रंजीत महतो, विनय पांडेय, नवरंग गोप, पुजारी राम शंकर पाठक, पुजारी राजेश पाठक, तुलसी दास गोस्वामी, बंधना भगत, कामेश्वर गोप, हीरालाल शेखर सिंह विजय महतो, फागु भगत, भीम गोप, तीर्थनाथ सिंह, मनबोध सिंह, मोहन लोहरा, महावीर महतो, रिंकु सिंह, युगल किशोर सिंह, गोपाल रजक, राजू सिंह सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे।

# ब्राइट फ्यूचर स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
प्रखण्ड के टांगर स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल में वार्षिक महोत्सव मनाया गया। इसमें आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के बच्चों के द्वारा बहुत ही सुन्दर कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक जीतेन्द्र साहू एवं दीपक कुमार, अनिल कुमार एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अतिथियों के द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्योलित करके किया गया। माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। निदेशक जीतेन्द्र साहू के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि यह विद्यालय पिछले 8 वर्ष से क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य कर रहा है। कोरोना काल में कुछ असुविधा हुई, परन्तु अभिभावकों ने विद्यालय के प्रति रूचि दिखाई और विद्यालय फिर नई उर्जा के साथ खड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय आज के पाठ्यक्रम के अनुसार पूर्णतः व्यवस्थित ढंग से अंग्रेजी माध्यम पर आधारित है। बच्चों में शारीरिक विकास और आत्म रक्षा की दृष्टि से नियुद्ध (कराटे), योग प्राणायाम, स्मार्ट क्लासेस के साथ साथ समय - समय पर शैक्षणिक भ्रमण भ्रमण भी होता है। नए सत्र का नामांकन चालू हो गया है।

## न्यूज बॉक्स

### सीआईएसएफ ने जब्त किया ओबी से चुना गया तीन टन कोयला



**खलारी।** सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम ने रविवार सुबह छापामरी कर डकरा परियोजना के ओबी डंप से अवैध रूप से जमा किया गया तीन टन कोयला जब्त कर लिया। जब्त किया गया कोयला सीसीएल को सुपुर्द कर दिया। सीआईएसएफ को जानकारी मिली थी कि आसपास के ग्रामीण डकरा ओबी डंप से अवैध कोयला चुनकर जमा करते है। जिसके बाद सीआईएसएफ निरीक्षक स्वाति के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम ने डकरा ओबी डंप में छापामारी अभियान चलाकर कोयला जब्त किया। इस दौरान सीआईएसएफ क्यूआरटी टीम व ग्रामीणों के बीच हल्की झड़प़ होने की भी सूचना है। छापामारी में क्यूआरटी टीम के अलावा छह बल के सदस्य के साथ सीआईएसएफ निरीक्षक शामिल थे।

### कोंचो पहाड़ में महा शिवरात्रि के आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न



**सिल्ली।** प्रखंड के कोंचो गांव के कोंचो पहाड़ के समीप रविवार को कोंचो पहाड़ शिवरात्रि पुजा समिति कोचों के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजकुमार महतो ने की। बैठक में पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के आयोजन पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये एवं पुजा समिति का पुनर्गठन किया गया । जिसमें अजय कुमार महतो को संरक्षक, त्रिलोचन महतो (अजय) को अध्यक्ष, राकेश कुमार महतो को उपाध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह को सचिव, भुपेश चंद्र महतो को सह सचिव, बबलु कुमार महतो को कोषाध्यक्ष, इसके अलावे रास रंजन महतो, कीनू राम महतो, पतित महतो, जतित महतो, पतित पवन महतो, अनुप महतो एवं जनक महतो को सक्रिय सदस्य बनाया गया।

### मुरी पुलिस इलेवन और मीडिया इलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन



**सिल्ली।** मुरी हिंडालको मैदान में हिंडालको प्रबंधन की ओर से हिंडालको कंपनी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में हिंडालको मैदान में मुरी पुलिस एलेवन एवं मीडिया एलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया एलेवन को 125 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरे मुरी पुलिस ने निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट खोकर 190 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वही जवाबी पारी खेलने उतरे मीडिया एलेवन के टीम केवल 65 ही बना पाई। एच आर हेड अरुण कुमार रॉय ने सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। हिंडालको प्रबंधन की ओर से सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुरी ओपी प्रभारी विपुल कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी लालजी, आशीष रंजन, अजय कुमार, मुन्ना प्रसाद , अनिल कुमार ,भरत सिंह, विष्णु चरण गिरी, कमलेश महतो, जनक महतो,अनूप महतो, , कमलेश दुबे, रमाकांत विश्वकर्मा, विजय नंदन प्रसाद, दिनेश बनर्जी, परवींदर पांडे, गुड्डू कुमार, विनोद बनर्जी, संदीप पाठक समेत मीडिया कर्मी एवं हिंडालको कर्मी उपस्थित थे।

### बाघवार एकेडमी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**चान्हो।** प्रखण्ड स्थित बाघवार एकेडमी में रविवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम मे बच्चों द्वारा अलग अलग गानो पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। गानों में ओ माय फ्रेंड गणेशा ,केसरिया रंग ,सपने मेरे घूमर-घूमर, छम्मक - छम्मक, दिल में मार्स है , डिंग डांग डिंग डांग, इट्स टाइम टू डिस्को आदि गानों पर जबरदस्त डांस प्रस्तुत किया गया। ड्रामा में मोबाइल फोन एडिक्शन ,ओल्ड वर्सिज न्यू जेनरेशन, अजब डॉक्टर की गजब कहानी आदि प्रमुख रहा। विधायक ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बदलते व डिजिटल परिवेश मे शिक्षा का काफी महत्व बढ़ गया है। क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओ को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अलख जगे। विधायक ने बच्चों से कहा सभी अपने अपने लक्ष्य की ओर ध्यान दे की आपको आगे चलकर क्या बनना है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव एवं कक्षा 11 के आफरीन हक, शीला उरांव, वंशिका गुप्ता एवं शिवम राजके द्वारा किया गया। मौके पर अब्दुल्ला अंसारी, सुरजीत शाही कार्यकर्ता गण एवं अन्य मौजूद थे।

### आठ युवक दोस्त की शादी में हथियार चमकाने जा रहे थे , पहुंच गये जेल

**गुमला ।** अपने दोस्त की शादी में बोलेरो से जा रहे आठ युवक एंटी क्राईम वाहन जांच के दौरान पालकोट पुलिस के हत्थे चढ़ गयें। जब इनकी एक-एक कर तलाशी ली गई तो अनिश कुमार नामक एक युवक के कमर में खोंसा हुआ एक देसी कट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार अनिश कुमार(18) ,नितेश कुमार (22) , छोटू उरांव (18) ,पवन गोप (18) , सुदामा गोप (18) , मोहन गोप (19) और सुजीत उरांव (18) एक अन्य सहित आठ को गुमला मंडल कारा भेज दिया गया। पुलिस ने देसी कट्टा व बोलेरो को जब्त करते हुए आठ युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गुमला के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि शनिवार की रात करीब 11:30 बजे पालकोट थाना क्षेत्रांतर्गत सेमरा गंजाई पुल के पास सशस्त्र बल के साथ गुमला-पालकोट आने-जाने वाले वाहनों की सघन एंटीक्राईम वाहन जांच किया जा रहा था। रात करीब 12 : 15 बजे गुमला की ओर से आ रहे एक सफेद बोलेरो को जांच के लिए रोका गया। बोलेरो में आठ युवक बैठे हुए थे। सशस्त्र बल के सहयोग से बारी-बारी से नाम-पता पुछते हुए सभी की तलाशी ली गई। इस क्रम में अनिश कुमार के कमर में खोंसा हुआ एक देसी कट्टा बरामद हुआ। हथियार के बारे में पूछने पर बताया कि यह देसी कट्टा मेरे भैया विजय कुमार का है। उनकी मौत के बाद कट्टे को अपने पास रखता हूं। आज हमलोग सभी आठो दोस्त देसी कट्टा लेकर सिसई से अपने दोस्त की शादी पार्टी में हंसदेन पालकोट में हथियार चमकाने,डराने व धमकाने के लिए जा रहें थे।

# व्यवस्था परिवर्तन के बगैर डायन हत्याओं का रोकथाम असंभव : मुर्मू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने चाईबासा के हाटगम्हरिया में डायन बिसाही का आरोप लगाकर चार लोगों की हत्या कर दिए जाने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि डायन बताकर माता-पिता और दो मासूमों की हत्या जैसा समाचार दिल को दहला देता है। मुर्मू ने कहा कि कल हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के नुरदा गांव में घटित आदिवासी परिवारों की नृशंस हत्या के पीछे डायन या जमीन विवाद का मामला हो लेकिन यह अन्याय, अत्याचार, शोषण का वीभत्स पशुवत कृत्य है। चिंता का विषय यह है कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति प्रत्येक आदिवासी गांव-समाज में निरंतर चालू क्यों है? आखिर यह कब रुकेगा और कैसे रुकेगा?आदिवासी सेंगेल अभियान के अनुसार इनकी रोकथाम आदिवासी गांव समाज में व्यवस्था परिवर्तन के बगैर असंभव है। क्योंकि, आदिवासी गांव समाज में नशापान, अंधविश्वास, डायन प्रथा, जुमार्ना लगाना, सामाजिक बहिष्कार, ईर्ष्या द्वेष, महिला विरोधी मानसिकता, वोटों की खरीद-बिक्री, धर्मांतरण आदि को सामाजिक स्वीकृति प्राप्त है। इनको रोकने की जगह आदिवासी स्वशासन व्यवस्था प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष इनको आगे बढ़ाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जब तक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में जनतांत्रिक सुधार और संविधान, कानून, मानव अधिकारों को गांव समाज में लागू नहीं किया जाएगा यह अन्याय, अत्याचार, शोषण जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सेंगेल घटना के अपराधियों को फांसी के फंदे पर लटकाने के साथ सरकार और समाज से संविधान सम्मत त्वरित व्यवस्था परिवर्तन की मांग करता है।

## थानेदार पर लगाया परेशान करने का आरोप...

# महिला वकील ने की आत्महत्या की कोशिश

***नवीन मेल संवाददाता। रांची*** **राजधानी रांची में थानेदार की हरकतों से तंग आकर एक महिला वकील ने आत्महत्या करने की कोशिश की। महिला वकील को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। महिला वकील ने थानेदार पर कई आरोप लगाए हैं। थानेदार को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है।**

### सुखदेवनगर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

पूरा मामला 11 फरवरी की रात झारखंड हाईकोर्ट के वकील रवि मिश्रा पर हुई फायरिंग से जुड़ा है। 11 फरवरी की रात अधिवक्ता रवि को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। मामले की तफ्तीश के दौरान पुलिस रवि की महिला मित्र जो मुंबई हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करती हैं, उनसे भी पूछताछ करने पहुंची थी। इस दौरान महिला वकील का आरोप है कि सुखदेवनगर थाना प्रभारी ने उनका फोन और पासपोर्ट जब्त कर लिया और थाने आने का दबाव बनाने लगे। यह भी आरोप है कि थानेदार महिला वकील को अकेले आने का भी दबाव बनाते थे।

### महिला से सिर्फ की पूछताछ : थानेदार




वहीं मामला सामने आने के बाद रांची पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी थानेदार की भूमिका की जांच कर रहे हैं। वहीं इस मामले में सुखदेवनगर थानेदार रमाकांत ने बताया कि रवि मिश्रा पर फायरिंग मामले में महिला वकील का भी बयान लिया गया था। महिला वकील से रवि मिश्रा की दोस्ती थी। उसी आधार पर महिला वकील से सिर्फ पूछताछ की गई थी। उन्होंने महिला पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं डाला। उन पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं।

**तंग आकर आत्महत्या का प्रयास**

**थानेदार की लगातार प्रताड़ना और रवि पर फायरिंग में बेवजह नाम लिए जाने से महिला वकील परेशान हो गईं। जिसके बाद शनिवार देर रात उन्होंने आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन उनके परिवार वालों ने उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।**

# रांची के ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की छुट्टी दो मार्च तक रद्द




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी रांची में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की छुट्टियों को दो मार्च तक के लिए रद्द कर दिया गया है। रांची के ट्रैफिक एसपी कार्यालय की ओर से यह आदेश जारी किया गया है।ट्रैफिक एसपी के ऑफिस से शनिवार रात जारी आदेश में कहा गया है कि अगर पहले से किसी पदाधिकारी या कर्मी ने पहले से अवकाश ले रखा है, तो उनका अवकाश भी स्थगित किया जाता है। एसपी कार्यालय के अनुसार 23 फरवरी से 27 फरवरी तक धुर्वा के झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) में भारत और इंग्लैंड के बीच इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इसके साथ ही 23 फरवरी से दो मार्च तक झारखंड विधानसभा का बजट सत्र बुलाया गया है। इसके मद्देनजर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यातायात व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किए गए सभी पदाधिकारियों, कर्मियों के अवकाश को रद्द कर दिया गया है। ट्रैफिक एसपी ने कहा है कि विशेष परिस्थिति में पुलिस अधीक्षक (यातायात) की ओर से छुट्टी को मंजूरी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड में आठ फरवरी से बजट सत्र बुलाया गया था। लेकिन, तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपाई सोरेन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। चूंकि, 16 फरवरी तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ था, इसलिए आठ फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र नहीं हो पाया। अब सरकार ने 23 फरवरी से दो मार्च तक बजट सत्र बुलाने का फैसला किया है।

## एक नजर

### मारवाड़ी युवा मंच ने बच्चों के बीच पढ़ाई का सामाग्री वितरण किया

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा रांची ने मोराबादी ऑक्सीजन पार्क में हेल्थ चेकअप का कैम्प लगाया। यह चेकअप डॉ लाल पैथलैब के सौजन्य से किया गया । 70 लोगो ने अपना चेकअप करवाया। इसके अलावा भूयिया टोली में बच्चों के बीच पढ़ाई से संबंधित सामान का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष स्वेता भाला, सचिव सपना सिंघानिया, स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला, पुजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार कविता जालान उपस्थित थी।

### जातीय गणना किए जाने के निर्णय का स्वागत

**रांची।** झारखंड प्रदेश में जातीय गणना किए जाने के निर्णय को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है। तथा इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहल करने वाले राहुल गांधी जी एवं पूर्व सी एम हेमंत सोरेन, सीएम चंपई सोरेन एवं तेजस्वी यादव के प्रति आभार व्यक्त करता है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता कही। गुप्ता ने कहा कि देश और राज्य में जातीय जनगणना करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लंबे समय से आंदोलनरत है। इसके लिए धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल आक्रोश मार्च जेल भरो अभियान सहित सभी पार्टियों के अध्यक्षों मंत्रियों आदि को ज्ञापन सौंप कर जातीय जनगणना कराई जाने की दबाव बनाया।

### मिथलेश बने झारखंड ताइक्वांडो संघ के इंचार्ज

**रांची।** झारखंड ताइक्वांडो संघ के वार्षिक आमसभा में झारखंड ताइक्वांडो संघ को तीन जोन में विभाजित किया गया था। जिसमें रांची जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव मिथलेश कुमार सिंह दक्षिण छोटानागपुर का इंचार्ज मनोनित किया गया है। झारखंड में ताइक्वांडो खेल के विकास को लेकर पिछले दिनों तीन जोन में विभाजित किया गया था। इससे खिलाड़ियों को आ रही जमीनी स्तर पर अपनी विकसित करने में सुविधाजनक हो जायेगी।

# भारतीय जनतंत्र मोर्चा का एक दिवसीय कार्यकर्ता सह सदस्यता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** ए जी मोड डोरंडा, रांची स्थित कार्यालय में भारतीय जनतंत्र मोर्चा का एक दिवसीय कार्यकर्ता सह सदस्यता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 200 से अधिक महिलाओं और नये सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण किया। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिक थे। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष धमेंन्द्र तिवारी ने सभी सम्मानित नये सदस्यों का मार्गदर्शन और उनका उत्साह उर्जित किया। केन्द्रीय उपध्यक्ष पंचानन सिंह ने लोगों को बताया कि आप एक ऐसे शख्सियत और अपने आप में संस्थान माननीय सरयू राय जो भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक है उनके साथ जुडें हैं।

**कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय महासचिव आशीष शीतल मुण्डा ने किया :** कार्यक्रम में मीर अशरार संजूह्य, वक्तावर खान, मो. नियामतुल्ला खान ह्यसज्जादह्य, मो. फिरोज खान, संतोष सोनी, अनिता शर्मा, भवानी मिश्रा, उषा सिंह, मंटू सिंह, रीना शर्मा, मो. अमन, सुरेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, रंजिता कुमारी, नेपाल सिंह मुण्डा, मुस्ताक अहमद, साहिद अकतर, शम्स तबरेज,आरिज जमाली, मो. रब्बानी, मो. मेहताब, मो. इंम्तियाज, मो. मंजर, मो. मोजाहिद, मो. महमुद आदि प्रमुखरूप से अपनी बातो को रखा।

# हेमंत को जेल भेजे जाने के विरोध में झामुमो ने चौथे दिन भी रखा उपवास




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष चौथे दिन रविवार को भी लोहरदगा जिला समिति अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में उपवास रखा। इसमें रांची जिला समिति भी शामिल रही। मौके पर झामुमो लोहरदगा जिला अध्यक्ष ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि झारखंड के साथ पूरे देश से भाजपा का सुपड़ा साफ होगा। यहां की जनता आने वाले चुनावों में भाजपा को करारा जवाब देगी और यहां से इनको उखाड़ फेंकने का काम करेगी। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन पर हो रहे अन्याय के खिलाफ हम सभी लोग उपवास कार्यक्रम के तहत आज चौथे दिन भी बैठे हैं। केंद्र सरकार हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर रही है। जनता में इसको लेकर भारी आक्रोश है। इसका जवाब केंद्र की भाजपा सरकार को जरूर मिलेगा। इस दौरान मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, लोहरदगा केंद्रीय सदस्य विनोद यादव, समीद अंसारी, सरिता भगत, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, उपाध्यक्ष कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, तालकेश्वर महतो, लोहरदगा जिला सचिव अनिल उरांव, रांची जिला उपाध्यक्ष बीरु साहू, आफताब आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने आयोजित किया अभिनंदन-सह - विदाई समारोह



**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट भवन सभागार में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की ओर से स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में बीते साल राज्य प्रशासनिक सेवा से सेवा निवृत्त हुए पदाधिकारीयों के सम्मान में विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। ये पदाधिकारीगण विशेष सचिव, अपर सचिव या संयुक्त सचिव स्तर से सेवानिवृत हुए हैं। वहीं दूसरी और इसी कार्यक्रम में राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत होने वाले पदाधिकारियों का स्वागत-सह-सम्मान भी किया गया। सम्मान व विदाई के रूप में पदाधिकारियों को झासा की ओर से शाल तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को रेखांकित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता भी ज्ञापित की गई। जिन पदाधिकारीयों को झासा की ओर से सामूहिक विदाई देते हुए सम्मानित किया गया उनमें राम कुमार सिंहा, संजय कुमार, अशोक कुमार खेतान, अभय कुमार सिंहा, मनोज कुमार रंजन शामिल हैं।

### स्व विधाधर शर्मा के आकस्मिक निधन पर मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने की श्रद्धांजलि सभा



**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, रांची में बयोवृध सुप्रसिद्ध समाजसेवी व संस्था के पूर्व मंत्री स्व विधाधर जी शर्मा के आकस्मिक निधन पर स्थानीय मारवाड़ी ब्राह्मण भवन, बंशीधर अडुकिया पथ, रांची में रविवार,श्रधांजलि सभा कर दिवंगत पुण्यात्मा को श्रधा सुमन अर्पित किया. इस सभा में अध्यक्ष रमेश शर्मा ने स्व. विधाधर जी शर्मा के वृहत मारवाड़ी समाज व संस्था में अतुलनीय योगदान को स्मरण कर उन्हे भावभीनी श्रधांजलि अर्पित किया। पूर्व अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने कहा कि स्व विद्या बाबू हमारे पितातुल्य अभिभावक थे, उनका परिचय एक हस्ताक्षर के रूप सदेव स्मरण किया जायेगा, ऐसी विभूति का जाना निश्चित रूप से समाज के लिये अपूर्णीय छती है। जिसकी भरपाई असंभव है। मंत्री कृष्ण कुमार शर्मा ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा की स्व विधाधर जी शर्मा ने ब्राह्मण सभा रांची के पूर्व मंत्री पद को भी सुशोभित किया, पुण्यात्मा की आत्मा को शांति एवम परिवारजनों को शक्ति प्रदान करे।

# समाजसेवी जितेंद्र सिंह अपने हजारों समर्थकों के साथ आजसू में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अरगोड़ा मैदान में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कहा कि राज्य एक कुशल और जनता के प्रति जवाबदेह नेतृत्व की कमी से गुजर रहा है। इस राज्य को एक ऐसा नेतृत्व चाहिए जो हर वर्ग और सबके विचारों को साथ लेकर चले। हम सभी को मिलकर झारखंड की राजनीति को फिर से पटरी पर लाना है। मिलन समारोह में समाजसेवी जीतेंद्र सिंह अपने हजारों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी के पुत्र जेएमएम नेता शाहजहां मंसूरी और रांची निवासी मो.कैफ, उमर अली, आफताब अलाम समेत कई लोग भी पार्टी में शामिल हुए। जीतेंद्र सिंह का पार्टी में स्वागत करते हुए पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीति काफी चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है। इस चुनौती को स्वीकारते हुए जीतेंद्र जी जनता की सेवा के उद्देश्य से पार्टी में शामिल हुए हैं। जीतेंद्र कुमार पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले समाजसेवी जीतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड की प्रगति के प्रति सुदेश जी के सोच और उनके कार्यों से प्रभावित होकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूँ।



**इन्होंने ली सदस्यता**

उमर अली के नेतृत्व में सलीम बब्लू, गुलजार काई, फिरोज, फरहान अंसारी, साजिद, इमरान काई, सेराज, समसू काई, सिंटू अंसारी, पप्पू काई, ऐसान, इमरान काई, तबरेज अंसारी, मुताज अली, नासिर काई, बदरूदीन काई, काजिम अंसारी, नेजम काई, इस्माईल काई, वाजिद काई, इरफान अली, समीम, अल्कामा काई, आरजू, फिरोज, उस्मान काई समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मोहम्मद कैफ उर्फ रिंकू की अगुवाई में साजिद, अफसर, अकरम, नसीम, साहिल, सोनू, अफताफ, शाहिद, मकसूद खान, वसीम खान, दानिस, इमरान, सोनू, रोशन, सुमित, चांद, मोहसिन खान समेत अन्य लोग पार्टी में शामिल हुए।

# मंदिर निर्माण सह प्राण प्रतिष्ठा समारोह कलश यात्रा से प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बुकरु, बाजार टांड़ में बजरंग बली के मंदिर निर्माण के लिए सात दिनों का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ समारोह सह सात दिवसीय महायज्ञ सह राम कथा का प्रारम्भ कलश यात्रा निकालकर प्रारम्भ हुआ। सभी भक्तों ने रिंग के पास स्थित जुमार नदी से जल उठाकर पूरे नगर भ्रमण करते हुए बाजार टांड़ स्थित महायज्ञ स्थल पर कलश रखकर यात्रा का समापन किये। सभी महिला, पुरुष, बच्चे, वृद्ध, भगवा वस्त्र में यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। सभी महावीर के भक्तों ने भगवान राम और बजरंगी के नारा लगाते हुए पूरे बुकरु नगर में भ्रमण किये। सभी भक्तों का गजब का जोश, उत्साह और उमंग देखते ही बनता था। इस आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी ने बताया कि 18 फरवरी से 24 फरवरी 2024 तक महायज्ञ का संचालन किया जाएगा। नगर वासियों एवं महायज्ञ में शामिल होने वाले सभी भक्तों को संकटमोचन हनुमान जी की भक्ति में डुबकी लगाने के लिए सात दिनों तक विशिष्ट संतो, महात्माओं व विद्वान पंडितों के द्वारा महायज्ञ का संचालन एवं पूजन किया जाएगा। राम कथा एवं हनुमान कथा का आयोजन किया जाएगा। हजारों रामभक्तों ने इस आयोजन आयोजन में बढ़ चढ़ कर सहयोग किए हैं और भी भक्त लगातार सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। मौके पर उपस्थित भाजपा नेता सह समाजसेवी अर्जुन राम ने कहा कि भगवान राम और संकटमोचन महावीर बजरंगबली के कृपा से पूरा देश एवं हमारा नगर भी प्रगति करें यह कामना करते हैं।



कलश यात्रा में उमड़ी हजारों हजार भक्तों की भीड़

### द्वादश ज्योर्तिलिंगम त्रिदिवसीय मेले का उद्घाटन



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान हरमू रोड रॉची के तत्वावधान में डोरण्डा कन्या पाठशाला के पास राधा कुष्ण मंदिर के मैदान में द्वादश ज्योर्तिलिंगम त्रिदिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्चलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए शिवचरण विजय, पूर्व अधिकारी मेकॉन ने कहा एक ही यात्रा से 12 तीर्थ यात्राओं के पुण्यफल की सहज प्राप्ति करने के लिए इस अध्यात्मिक मेले में अवश्य आना चाहिए। केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने द्वादश ज्योर्तिलिंगम त्रिदिवसीय मेले के उदघाटन समारोह में कहा कि हर व्यक्ति को डोरण्डा कन्या पाठशाला के पास राधा कृष्ण मंदिर के मैदान में स्थित इस मेले में आकर आध्यात्मिक लाभ लेना चाहिए।

### धूमधाम से मनाया गया मां भगवती का वार्षिकोत्सव



**रांची।** रिंग रोड,रातू सिमलिया , नया टोली अवस्थित मां भगवती मंदिर का पांचवां वार्षिक महोत्सव बड़े हीं धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस पुनीत अवसर पर भाजपा नेता सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हमलोग सिमलियावासी मां भगवती का पांचवां वार्षिक महोत्सव मना रहे हैं ।इस पुनीत अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाला गया तथा मां का श्रृंगार से सजाकर पूजा अर्चना की गई। मंदिर को फूलों एवं बिजली की लड़ियों से सजाया गया। महिला एवं पुरुष द्वारा भक्ति भजन किया गया । उक्त भजन को सुनकर भक्तगण भक्ति में झूम उठे। इस मौके पर सुनील सिंह ने कलश यात्रियों को पूजा मे कलश का महत्व के बारे में समझाया तथा मां भगवती से क्षेत्र, राज्य के साथ राष्ट्र की कुशलता के लिए कामना की । यात्रा में शामिल महिलाएं एवं बच्चों को नींबू शरबत पिलाया गया।

# 136 वाँ नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे स्थित श्री राज श्यामा (श्री राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में संस्था के सदस्यों एवं आये हुए श्रद्धालुओ के संयुक्त तत्वाधान मे सत्संग भजन कीर्तन का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंकित अग्रवाल पुत्रवधु आकांक्षा अग्रवाल ने अपने माता पिता ललिता गोविन्द अग्रवाल एव परिवार संग अपने जन्मदिवस पर पुडी, मिक्स भेजीटेबुल सब्जी, भेजिटेबल पुलाव, सुजी का केसरिया हलवा, चिप्स,फल में संतरा एव जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे बच्चों के बीच टोफी का वितरण दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में लगभग 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओ, राहगीरों, दिव्यांगों एव प्रभुजी निराश्रित लोगों के बीच 136 वाँ नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा महाप्रसाद के भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक विशाल जालान ने गोविन्द ललिता अग्रवाल अंकित आकांक्षा अग्रवाल,विकाश सपना अग्रवाल को अंगवस्त्र, राधा-कृष्ण की माला पहनाकर एव अन्नापूर्णा भंडारे का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विकास अग्रवाल पुर्णमल सर्राफ, बिष्णु सोनी,विशाल जालान, बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## ऐमरा झारखंड ने शीर्ष मोबाइल ब्रांडों के साथ रणनीतिक चर्चा का नेतृत्व किया

# अपग्रेड के बहाने विदेशी सर्वर पर संवेदनशील जानकारी संग्रहीत करना चिंताजनक : ऐमरा झारखंड

**वाणिज्य। रांची** ऐमरा झारखंड ने रांची में अपनी वार्षिक आम बैठक में मोबाइल खुदरा विक्रेताओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने और प्रभावी समाधान तलाशने के लिए राज्य भर के डीलरों से चर्चा हुई । ऐमरा के संस्थापक अध्यक्ष कैलाश लख्वानी और ऐमरा के राष्ट्रीय महासचिव नवनीत पाठक ने बताया कि ऐमरा ने केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है और पोको, द00 के विशेष उत्पादों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से संपर्क किया है। ब्रांडों और सरकारी प्रतिनिधियों के साथ जीएसटी के संबंध में प्रश्न और स्पष्टीकरण भी उठाए गए।ऐमरा झारखंड की प्रमुख चिंताओं में से एक अपग्रेड ऑफर के माध्यम से ग्राहक डेटा का जहां ब्रांड विदेशी सर्वर पर संवेदनशील जानकारी संग्रहीत करते हैं, जिससे संभावित दुरुपयोग होता है। एसोसिएशन ने इस बात पर जोर दिया कि उपभोक्ताओं की गोपनीयता का उल्लंघन किया जा रहा है, खासकर प्री-बुकिंग ऑफर की आड़ में, जो ग्राहक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है। ग्रे मार्केट के माध्यम से बेचे जा रहे मोबाइल के संबंध में ऐमरा ने सरकार को लिखा है साथ ही जीएसटी आयुक्त को सूचित करने की चेतावनी भी दी है।



**ऐमरा झारखंड की राज्य नेतृत्व टीम की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिसमें शामिल हैं**

किरीट वोरा - प्रदेश अध्यक्ष
अमृत दास - प्रदेश महासचिव
अनिल पोद्दार - प्रदेश उपाध्यक्ष
शाहिद अख्तर - प्रदेश उपाध्यक्ष
रुषभ दोशी - कोर सदस्य
अमित सचदेवा - जोनल उपाध्यक्ष, धनबाद
रवि रंजन - जोनल उपाध्यक्ष, गिरिडीह
पवन कुमार - जोनल सचिव, रांची
श्रीकृष्ण अग्रवाल - जोनल उपाध्यक्ष, रांची

**ऐमरा झारखंड के बारे में**

ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (ऐमरा) झारखंड चैप्टर मोबाइल रिटेलर्स के हितों को बढ़ावा देने और उद्योग के भीतर विकास, सहयोग और ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। चुनौतियों का समाधान करने और खुदरा विक्रेताओं के अधिकारों की वकालत करने की प्रतिबद्धता के साथ, ऐमरा झारखंड मोबाइल खुदरा व्यापार के लिए एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास करता है।

# सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड के राज्यपाल के रूप में पूरा किया एक वर्ष का कार्यकाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के राज्यपाल के रूप में रविवार को सीपी राधाकृष्णन ने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। पिछले साल 18 फरवरी को उन्होंने राज्य के 11वें राज्यपाल के रूप में पदभार संभालते हुए पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। एक साल के कार्यकाल के दौरान सीपी राधाकृष्णन ने कई सुधारात्मक प्रयास किए। इनके पहले रमेश बैस प्रदेश के राज्यपाल थे, जिन्हें सत्ता पक्ष ने हमेशा निशाने पर लिया था। इसी तरह सीपी राधाकृष्णन भी सत्ता पक्ष के निशाने पर रहे। झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन्हें कई मौकों पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया है। हाल ही में ईडी द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को भी सत्तापक्ष के नेताओं ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को ही जिम्मेदार ठहराया और वर्तमान चम्पाई सोरेन की सरकार के गठन में भी जान-बूझकर देरी करने का आरोप लगाया। हालांकि, सत्ता पक्ष के इन सभी आरोपों पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने तथ्यों के साथ अपने किसी भी तरह की भूमिका से इनकार किया। अपने कार्यकाल के दौरान राज्यपाल ने झारखंड विधानसभा से पारित कुछ विधेयकों को कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य सरकार (तत्कालीन हेमंत सरकार) को लौटाने का काम किया। इन विधेयकों में 1932 आधारित खतियान और स्थानीय नियोजन नीति और आरक्षण की सीमा बढ़ाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा राज्यपाल ने निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से संबंधित विधेयक भी राज्य सरकार को लौटाए है। कोर्ट फीस संशोधन विधेयक सहित कई विधेयकों को राज्यपाल ने स्वीकृति भी दी हैं। राज्यपाल ने राज्य के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार पर भी सख्ती बरती है। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ शुकदेव भोई को भी राज्यपाल ने उनके पद से बेदखल किया है।भ्रष्टाचार के आरोप में राज्यपाल ने उन्हें कार्यकाल पूरा होने से पहले पद से हटा दिया है। इसके अलावा वित्तीय अनियमितता मामले में राज्यपाल ने कई अन्य कुलपतियों से भी कारण पूछा है।

# नया झारखंड भवन दिल्ली के केंद्र में होने से बढ़ेगी सुगमता



**रांची/नई दिल्ली। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन इस समय दिल्ली दौरे पर हैं, जहां उन्होंने रविवार को निमार्णाधीन झारखंड भवन अवलोकन किया। दिल्ली के केंद्र बिंदु कनाट प्लेस में बन रहे नए झारखंड भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अभी झारखंड भवन वसंत विहार में स्थित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत समय से झारखंड भवन को दिल्ली के केंद्र में होने की आवश्यकता थी। अब ये आवश्यकता पूरी हो रही है। नया झारखंड भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। हमें आशा है जल्द ही इसको क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे सुगमता बढ़ेगी। इस अवसर पर झारखंड के मुख्य स्थानिक आयुक्त के श्रीनिवासन और झारखंड भवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।**

## न्यूज बॉक्स

### चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल के कई मंत्री आज विभागों में देंगे योगदान

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मंत्रिमंडल के कई मंत्री सोमवार को अपने-अपने विभागों में योगदान देंगे। इनमें कुछ नये चेहरे भी जो पहली बार मंत्री बने हैं और झारखंड मंत्रालय में आकर कामकाज प्रारंभ करेंगे। इस बार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन भी मंत्री बने हैं। चंपई सरकार ने उन्हें पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग व जलसंसाधन विभाग का मंत्री बनाया है। ऐसे में कार्यालय कक्ष आवंटन में भवन मंत्री बसंत सोरेन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। कल्याण मंत्री दीपक बिरूआ को भी प्रोजेक्ट भवन के निचले तल्ले में पूर्व सरकार में चंपई सोरेन को आवंटित कार्यालय आवंटित किया जाना है। रामेश्वर उरांव हेमंत सोरेन सरकार में भी मंत्री थे। इसलिए उन्हें पहले से ही प्रोजेक्ट भवन में कार्यालय मिला हुआ था। संभावना है कि भवन निर्माण विभाग वहीं कक्ष आवंटन करे। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पूर्व की सरकार में नेपाल हाउस कार्यालय में कक्ष आवंटित था। भवन निर्माण विभाग उन्हें वहीं कक्ष आवंटित करने की दिशा में काम कर रहा है। बेबी देवी को प्रोजेक्ट भवन स्थित महिला बाल विकास विभाग में आवंटित पूर्व मंत्री जोबा मांझी का कक्ष आवंटित किया जा सकता है। हालांकि, शनिवार को सचिवालय में अवकाश था। इसके बावजूद ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने प्रोजेक्ट भवन में और कृषि मंत्री बादल, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने नेपाल हाउस कार्यालय में योगदान दिया। हफीजुल ने भी खेल विभाग का कामकाज संभाल लिया है।

### उग्रवादियों ने कोयला लदे वाहनों में की तोड़ फोड़

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मुरूप गांव के पास शनिवार रात जेजेएमपी के उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाई। उग्रवादियों ने इस दौरान पांच हाईवा का शीशा तोड़ दिया। वहीं कई वाहन चालकों के साथ मारपीट भी की। उग्रवादियों ने इस दौरान कोयल की ढुलाई कर रहे वाहनों के चालकों को चेतावनी भी दी कि यदि संगठन के आदेश के बिना ट्रांसपोर्टिंग का कार्य किया तो अंजाम बुरा होगा। संभावना जताई जा रही है कि उग्रवादियों ने लेवी वसूलने के लिए इस घटना को अंजाम दिया है । जानकारी के अनुसार लातेहार के तुबेद कोलियरी से कोयला लेकर वाहन बालूमाथ थाना क्षेत्र के रेलवे कोयला साइडिंग तक ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करते हैं। देर रात लगभग 10 की संख्या में जेजेएमपी के उग्रवादी हथियार के साथ मुरुप गांव के पास पहुंचे। उग्रवादियों ने कोयला ले जा रहे वाहनों को रोका और चालकों की पिटाई की। इस दौरान उग्रवादियों ने पांच वाहनों के शीशे तोड़कर उसे छतिग्रस्त कर दिया। जबकि आधा दर्जन से अधिक वाहन का चाबी लूटकर ले गए। उग्रवादियों ने दो वाहनों में लदे कोयले को बीच सड़क पर गिरा दिया, जिससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। लगभग आधा घंटा तक उग्रवादियों ने घटनास्थल पर हंगामा किया उसके बाद वाहन चालकों को चेतावनी देकर वहां से चले गए। उग्रवादियों के जाने के बाद चालकों ने इसकी सूचना प्रबंधन को दी। बाद में प्रबंधन ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद रविवार की सुबह डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। पुलिस की टीम ने सड़क पर गिरे हुए कोयले को हटवाकर यातायात को सामान्य करवाया। वहीं डीएसपी ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




### आपसी विवाद में धारदार हथियार से मारकर युवक को किया जख्मी, गंभीर

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहट्टू स्थित सरदार ढाबा के पास रविवार शाम अमित कुमार महतो उर्फ तावड़े को धारदार हथियार से मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। वह गंभीर रुप से घायल है। युवक कांके के सुकुरहट्टू का ही रहने वाला है। धारदार हथियार से मारने का आरोप राजेन्द्र मुंडा पर लगा है। बताया जा रहा है कि आपसी विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी आरके वर्मा मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल भेजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि अमित कुमार महतो को धारदार हथियार से मारा गया है। राजेन्द्र मुंडा पर आरोप लगा है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

### जेल आदलत में चार बंदियों को किया गया रिहा

**रांची।** झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से रविवार को बिरसा मुंड केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन डालसा, रांची सचिव राकेश रंजन की अध्यक्षता में किया गया। इसके लिए विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन को लेकर बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में चार बंदियों को आवेदन जेल अदालत में समर्पित किया गया था। इस पर चार बंदियों को जेल अदालत ने हाजत अवधि का लाभ देते हुए उन्हें रिहा किया। इन चार बंदियों में धीरज मुंडा उर्फ धिरजु, झरी मुंडा , तिरथनाथ महतो और प्रेमचन्द मुंडा उर्फ परमा मुंडा शामिल हैं। मौके पर सचिव डालसा राकेश रंजन, शंभु महतो एवं डीएन शुक्ला न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, रांची तथा कारा कर्मी बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची एवं अधिवक्ता-सह-जेल विजिटर तथा न्यायालयकर्मी एवं कई बंदी उपस्थित थें।

### एचईसी को भेल में विलय करने के मामले में कांग्रेस ने उठाया सवाल

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता कमल ठाकुर ने एचईसी को भेल में विलय करने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय से इस संबंध में पुष्टि करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एचईसी के कामगार पिछले 30 दिनों से अपने हक के लिए न्याय कि गुहार लगा रहे हैं लेकिन मंत्रालय उनकी मांगों के संबंध में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है। इस बाबत राहुल गांधी के जरिये भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एचईसी के समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। मजदूरों की समस्याओं और एचईसी के संबंध में अभी तक केंद्र सरकार का कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है और न ही मजदूरों का हमदर्द बनने वाले प्रदेश भाजपा के किसी भी नेता ने आंदोलनरत मजदूरों से मुलाकात तक करने की कोशिश नहीं की है। इन सब के बावजूद अचानक से अखबारों में ऐसी खबर का आना एचईसी में कार्यरत कर्मचारियों को सशंकित कर रहा है। ठाकुर ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विलय की खबर की पुष्टि करे। प्रदेश कांग्रेस यह मांग करता है। उन्होंने कहा कि एचईसी के कर्मचारियों को पिछले 23 महीने से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है और उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

### प्रोन्नति मामले में रोक लगाने की अपील की

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने विभिन्न जिलों के उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर नियम विरुद्ध दी जा रही ग्रेड 7 प्रोन्नति पर रोक लगाने का आग्रह किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह ने कहा कि एक तरफ नई प्रोन्नति नियमावली के प्रारूप पर सभी से आपत्ति मांगी गई थी। उसका निराकरण करते हुए नई प्रोन्नति नियमावली बननी है और दूसरी तरफ उस नियमावली में कुछ प्रावधानों के प्रत्याशा में ही सीधी नियुक्ति से नियुक्त शिक्षकों को वरीयता सूची से बाहर करते हुए प्रोन्नति देने की प्रक्रिया जिलों के द्वारा किया जा रही है। विभाग इसपर चुप्पी साधे हुए हैं। वर्तमान में विभिन्न जिलों द्वारा विसंगति और भेदभाव पूर्ण तरीके से प्रोन्नति के लिए प्रकाशित वरीयता सूची के विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में तीन रीट याचिका दायर है। पहले से ही आपसी वरीयता निर्धारण को लेकर खंडपीठ के समक्ष एलपीए दायर है।

## एक नजर

### एबीवीपी का राजभवन के समक्ष छात्र हुंकार धरना-प्रदर्शन आज

**रांची ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड प्रदेश की ओर से राजभवन के समक्ष 19 फरवरी को छात्र हुंकार धरना का आयोजन किया गया है। प्रदेश मीडिया संयोजक दुर्गेश यादव ने रविवार को कहा कि एबीवीपी झारखंड प्रदेश की ओर से स्थाई कुलपति की नियुक्ति और विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षिक कुव्यवस्था को दूर करने के लिए राजभवन के समझ छात्र हुंकार धरना-प्रदर्शन आयोजित किया है। साथ ही इसमें जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले का भी विरोध किया जाएगा।

### झारखंड एक्रोबैटिक जिमनास्टिक सीनियर वीमेंस टीम फाइनल में




**रांची।** जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से वीके कृष्णा मेनन इंडोर स्टेडियम कोझिकोड केरल में आयोजित सीनियर नेशनल एक्रोबैटिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड एक्रोबैटिक जिमनास्टिक की सीनियर वीमेंस ट्रिओ टीम बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में पहुंची गई है। टीम में रितिका जोशी, निधि कुमारी यादव, प्रिया कुमारी यादव शामिल हैं जबकि कोच विकास कुमार हैं। टीम के फाइनल में पहुंचने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र दूबे तथा झारखंड जिम्नास्टिक संघ के सचिव निशिकांत पाठक, उपाध्यक्ष तलिका श्रीवास्तव, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष गोविन्द झा, प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक साहु ने बधाई दी है।

# राज्य में जातीय गणना लोस चुनाव के बाद ही संभव

## कार्मिक विभाग राज्य में जातीय सर्वे के लिए एक एसओपी तैयार करेगा

### बिहार में जातीय गणना के पैटर्न पर ही सूबे में भी गणना की जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिहार के बाद झारखंड देश का दूसरा राज्य है, जहां जातीय गणना कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को यह भी आदेश दे दिया है कि वो इसके संबंध में ड्राफ्ट तैयार करे। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि जातीय गणना कराए जाने को लेकर एसओपी बनाया जाए और इसे अप्रूवल के लिए कैबिनेट के पास रखा जाए। सीनियर अधिकारी ने कहा कि यदि सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ तो लोकसभा चुनाव के बाद जातीय गणना का काम शुरू कर दिया जाएगा। राज्य में जातीय गणना को लेकर सीएम चम्पाई सोरेन ने एक्स पर लिखा, 'जिसकी जितनी संख्या बड़ी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। झारखंड तैयार है।' मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे ने बताया कि 'कार्मिक विभाग झारखंड में सर्वे करने के लिए एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिड्यूर (एसओपी) तैयार करेगा। इसके बाद इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। जिस तरह पड़ोसी राज्य बिहार में जातीय गणना की गई थी उसी पैटर्न पर झारखंड में भी यह गणना की जाएगी। विनय कुमार चौबे ने बताया कि जातीय गणना कराने के लिए ग्रामीण और कल्याण विभाग पर भी चर्चा की गई थी लेकिन अंत में सर्वे कराने के लिए कार्मिक विभाग का नाम फाइनल किया गया है। झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस-राजद गठबंधन की सरकार है और इस महागठबंधन के विधायक समय-समय पर विधानसभा में जातीय गणना की मांग उठाते रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस के सीनियर लीडर राहुल गांधी ने भी अपने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जातीय गणना कराए जाने की वकालत की थी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जातीय गणना का समर्थन कर चुके हैं। झारखंड में आजसू, कांग्रेस, राजद सहित अन्य दलों ने राज्य में जाति आधारित गणना कराने को लेकर सदन में मांग रखी थी।

### मुख्यमंत्री से मिले थे कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव ने कहा कि उन्होंने शनिवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मुलाकात कर राज्य में जातीय जनगणना कराने और पिछड़ों का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिया। प्रदीप यादव ने कहा कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने पहले भी इस इस पर गंभीरता से विचार किया था, जिसके बाद पिछड़ी जाति को सरकारी सेवाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण प्राथमिकता के आधार पर देने संबंधी विधेयक विधानसभा से पारित कराया गया था, जो अब तक पेंडिंग है।

### कहां फंस रहा था पेंच

दरअसल, जब जाति आधारित गणना की बात विधानसभा में हुई थी तब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे। उन्होंने भी इसे लेकर इच्छा जताई थी। तब यह स्पष्ट नहीं था कि जाति आधारित जनगणना कौन विभाग कराएगा। सदन में जब एटीआर पेश किया गया तब उसमें इस बात का उल्लेख था कि जाति आधारित जनगणना ग्रामीण विकास विभाग के अधीन नहीं आता है। ग्रामीण विकास विभाग ने इसके लिए मार्गदर्शन मांगा है। सदन में बताया गया कि मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ग्रामीण विकास विभाग के मार्गदर्शन पर विचार कर रहा है।

# नगड़ी पथराव मामले में 23 भेजे गये जेल, पूरे इलाके में धारा 144 लागू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगड़ी में सरस्वती पूजा के मूर्ति विसर्जन करने जा रहे जुलूस पर हुई पथराव की घटना को लेकर पुलिस ने 23 लोगों को न्यायिक हिरासत में रविवार को जेल भेज दिया है। लगातार पुलिस दोषियों को चिन्हित कर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपितों में इमरान अंसारी, नौशाद अंसारी, जमी अंसारी, इस्माईल अंसारी, समीर अंसारी, मो० शमीम अंसारी, जावेद अंसारी, रिजवान अंसारी, आदिल अंसारी , अलफाज अंसारी, मुजाहिद अंसारी, अबदुल्लाह अंसारी, इस्तेयाक अंसारी निशाद अंसारी, आसीफ अंसारी, रमीज अंसारी, आसीफ अंसारी, जिशान अंसारी, अफसर हुसैन, मेराज अंसारी, इमरोज अंसारी, उदेश कुमार साहू और बजरंग नायक शामिल है। सभी नगड़ी के देवड़ी के रहने वाले है। इलाके में रैप के जवान लगातार गश्त कर रहे है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि पूरे इलाके में धारा 144 लागू है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है। इससे पूर्व शनिवार को 18 नामजद और 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ नगड़ी थाने में अंचल अधिकारी के बयान पर मामला दर्ज कराया गया था। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी की रात नगड़ी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद को लेकर दो गुटों में पत्थर बाजी हो गई थी। इसमें दो पुलिसकर्मी और चार -पांच आम लोग भी घायल हुए थे। इसके बाद से पुलिस बल वहां तैनात है। लगातार वरीय अधिकारी घटना का मानिटरिंग कर रहे है।




# साइबर अपराध में बेहतर और अनुसंधान की जरुरत : प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान के लिए सीआईडी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में जस्टिस एसएन प्रसाद ने किया। इस दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह, सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता सहित अन्य कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर जस्टिस एसएन प्रसाद ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान को बेहतर तरीके से करने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट और साइबर अपराध से जुड़े मामले में भी बेहतर अनुसंधान करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि 150 महिला पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी को प्रशिक्षण के जरिये अनुसंधान में दक्ष बनाया जायेगा। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध से संबंधित मामले के बेहतर अनुसंधान के लिए सीआईडी की ओर से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इससे अनुंसधान में सहायता मिलेगी। इस दौरान यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान में सहयोग देने के लिए चयनित महिला पुलिस पदाधिकारी और महिला पुलिस कर्मियों का चार सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर डीजी अनुराग गुप्ता ने कहा कि 150 महिला पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों के मामलों में महिलाओं को ज्यादा संवेदना होती है। खासकर बच्चियों को जहां मामला आता है, वहां महिला पुलिसकर्मियों को आगे कर अनुसंधान कराने का उदेश्य है। उन्होंने कहा कि लगातार साइबर अपराधियों के खिलाफ सीआईडी की कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट मामले में जल्द ही सीआईडी तेजी से कार्रवाई करेगी।

# वीसी व शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र हो नियुक्ति : अभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला कहा कि पूरे राज्य में शैक्षणिक व्यवस्था की स्थिति दयनीय है। हम राजभवन व सरकार से पूछना चाहते हैं की ऐसी क्या मजबूरी थी कि कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया बीच में ही रोक दी गई। कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया का विज्ञापन निकालने के 9 महीने बाद भी राज्य के ज्यादातर विश्वविद्यालय में अभी तक कुलपति या प्रति कुलपति की नियुक्ति नहीं हुई है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा की 2007 के बाद से ही राज्य में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में शिक्षकों की स्थाई नियुक्ति नहीं हुई है। राज्य के 90 प्रतिशत महाविद्यालय अस्थाई प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहे हैं इसी से ही आकलन किया जा सकता है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था की वर्तमान में स्थिति कैसी है। कहा रांची विश्वविद्यालय में लगभग 1000 अध्यापकों के स्वीकृत पद है जिसमें से लगभग 700 पद अभी भी खाली हैं। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा अगर जल्द ही राज्य सरकार एवं राज भवन इन सभी मामलों पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल नहीं करती है तो छात्र आजसू चरणबद्ध आंदोलन की और अग्रसर होगा।

### डायन बिसाही में हत्या मामले में पांच गिरफ्तार

**चाईबासा ।** डायन बिसाही विवाद में दो बच्चों समेत चार लोगों को हत्या की घटना मामले में पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया. पारिवारिक विवाद में देवर और चाचा ससुर ने इस हत्या को अंजाम दिया था. गिरफ्तार आरोपियों में मंगल सिंह सिंकु, मोटरा सिंकु, जोगेन सिंकु, सोमा सिंकु और टुपरा सिंकु शामिल है। हत्या की इस घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गयी थी. जिसकी वजह से शव को रेल की पटरी पर फेंक दिया गया था. जिससे लोगों को लगे कि इन लोगों ने आत्महत्या की है. पांच लोगों ने इस सामूहिक हत्या को अंजाम दिया है. पुलिस ने चार आरोपियों की गिरफ्तारी रात में ही कर ली थी। वहीं एक की गिरफ्तारी की गयी है आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# हवाई अड्डे में पोर्टर सुविधा के लिए मिलेंगे प्रतिमाह अधिकतम 25 हजार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में पोर्टर सेवा के लिए अधिकतम प्रतिमाह (प्रति पर्सन प्रति ट्रिप) अब 25,000 रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। साथ ही प्रति व्यक्ति, प्रति फेरा के लिए 400 रुपये पोर्टर को दिया जायेगा। हालांकि, यह सेवा अस्थायी रूप से दी जायेगी और जैसे ही रांची एयरपोर्ट पर किसी एजेंसी के साथ पोर्टर सेवा के लिए पूर्णकालिक करार हो जायेगा तो इसे बंद या अगले आदेश तक रखा जायेगा। प्रस्ताव पर राज्य के मुख्यमंत्री का अनुमोदन हो गया है। इसके बाद मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है। रांची एयरपोर्ट अथॉरिटी ने रांची एयरपोर्ट पर पोर्टर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेसर्स स्पीडविंग सर्विस लि. से करार किया था। इस कंपनी के साथ एग्रीमेंट अप्रैल, 2023 में ही समाप्त हो गया। इसके बाद रांची के ही एक व्यक्ति के द्वारा ठेके पर सात कर्मियों द्वारा एयरपोर्ट पर पेड पोर्टर व्यवस्था की शुरूआत की गयी। यह सुविधा तब तक प्रदान की जायेगी जब तक वहां किसी एजेंसी के साथ करार नहीं हो जाता है। जानकारी के अनुसार उक्त पेड पोर्टर की सेवा देने वाले व्यक्ति ने राज्य सरकार को आवेदन दिया और राज्य अतिथियों के लिए 400 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति फेरा मात्र की दर पर सेवा देने का अनुरोध किया। इसके बाद राज्य सरकार ने पूरे मामले पर विचार कर उक्त सेवा देने वाले व्यक्ति राजू राम को कायार्देश निर्गत कर दिया है। हर माह का खर्च विपत्र तैयार कर जमा करना होगा उसके बाद उक्त सेवा देने वाले व्यक्ति को भुगतान किया जायेगा।



## एक नजर

### यूपी का फेरीवाला गया जेल में

**बरही।** प्रेम प्रसंग के मामले में बरही पुलिस ने यूपी के एक युवक को जेल भेज दिया है. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक का नाम मो याकिब पिता मो मंसूर है. जो बरही क्षेत्र में रहकर फेरी का काम करता था. इसी दौरान नाबालिग लड़की से आंखे चार हुई. कुछ ही दिनों में युवक लड़की से शादी कर यूपी जाने की तैयारी में था. इसी बीच यह जानकारी लड़की के परिजनों को हुई. जिससे विवाद बढ़ गया. इसकी सूचना विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमार आदि को दिया मिली. इनलोगों की पहल पर मामले को शांत करते हुए थाना को सूचित किया गया. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया.

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण

**रामगढ़।** समाजसेवी संस्था



राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। भोजन का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया की जेएसपीएल की महत्वाकांक्षी योजना मिशन जीरो हंगर के तहत गरीबों को भोजन कराया गया है। उन्होंने कहा की नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा से बड़ा पूण्य का कार्य और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा की मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, वीरेंद्र पांडेय, लालू उरांव, जयप्रकाश पांडेय, मो. शाहिद, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा उपस्थित थे ।

### ऐतिहासिक होगी 25 फरवरी को कुड़मी हुंकार महारैली

**रामगढ़।** टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) समाज की प्रेस वार्ता शनिवार को होटल गंगा रेसिडेंसी में हुई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाज के संयोजक शीतल ओहदार एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष हेमलाल महतो ने कहा कि 25 फरवरी 2024 को मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित कुड़मी हुंकार महारैली ऐतिहासिक होगा। हमारी सरकार से टोटेमिक कुड़मी/कुरमी महतो को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर यह हुंकार महारैली का आयोजन किया गया है।

### संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाये जाने को लेकर बैठक

# संत रविदास के विचारों को समाज के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाएं :



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मलकोको में संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाए जाने को लेकर युवाओं की एक महत्पूर्ण बैठक हुई. जिसमे 24 फरवरी को आयोजित होने वाले संत रैदास जयंती को धूमधाम से मनाने और उसके तैयारियों पर विचार विमर्श करते हुए आयोजन समिति का गठन किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से गुलाब कुमार दास को को अध्यक्ष, सूरज दास को सचिव, शंकर दास को कोषाध्यक्ष, सुभाष कुमार को कोषाध्यक्ष, लक्ष्मण दास को उपाध्यक्ष, दिनेश दास को उप सचिव, हेमलाल रविदास, नागेश्वर रविदास, गणेश रविदास, महेंद्र दास, महेश दास को संरक्षक मनोनित किया गया. साथ ही दिलीप दास, संदीप दास,सुनील कुमार, सूरज कुमार दास, अनिल दास, कृष्णा दास, राजू चौधरी, बिरेंद्र दास, मंटू दास, सरजू दास, मनु दास, सोनू दास, अनिल कुमार, किशोर दास, अशोक दास, फूलचंद दास, ओमप्रकाश दास, मुकेश दास, संतोष दास व ओमप्रकाश कुमार दास को सक्रिय सदस्य के रूप में चयनित किया गया. कमिटी में सभी नव मनोनित अधिकारियों ने कार्यक्रम सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पित व निष्ठित भाव से काम करने की बात कही. नव मनोनित अध्यक्ष ने कहा कि मानवता और समानता के प्रतीक संत गुरु रविदास की जयन्ती पर सर्व समाज को आमंत्रित किया जाएगा और घूम धाम से जयन्ती मनाई जाएगी. उन्होंने सभी लोगो से संत रैदास के विचारो को समाज के हर एक व्यक्ति तक पहुचाने का अपील किया.

# विद्या सागर जी महाराज के निधन से जैन समाज में शोक की लहर



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** युग दृष्टा ब्रहमांड के देवता संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज का 17 फरवरी माघ शुक्ल अष्टमी पर्वराज के अंतर्गत उत्तम सत्य धर्म के दिन रात्रि में 2:35 बजे हुए ब्रह्म में लीन। हम सबके प्राण दाता राष्ट्रहित चिंतक परम पूज्य गुरुदेव ने विधिवत सल्लेखना बुद्धिपूर्वक धारण करली थी। पूर्ण जागृतावस्था में उन्होंने आचार्य पद का त्याग करते हुए 3 दिन के उपवास गृहण करते हुए आहार एवं संघ का प्रत्याख्यान कर दिया था एवं प्रत्याख्यान व प्रायश्चित देना बंद कर दिया था और अखंड मौन धारण कर लिया था। राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समाधिपूर्वक निधन का समाचार सम्पूर्ण जगत को स्तब्ध और निशब्द करने वाला है। जैन समाज रामगढ़ के सभी सदस्य इस दुखद समाचार से मर्माहत और स्तब्ध हैं। उनके निधन पर समाज के सदस्यो ने अपने प्रतिष्ठान बंद करने का निर्णय लिया है।समाज के अध्यक्ष मानिक जैन,उपाध्यक्ष अरविंद सेठी, सचिव नागरमल जैन गंगवाल, कोषधयक्ष जंबू जैन,सह सचिव नरेंद्र जैन, ललीत चूड़िवाल, राजू पाटनी,राजू सेठी, अशोक सेठी, देवेंद्र गंगवाल, पूर्व अध्यक्ष रमेश सेठी, निशांत सेठी,विनोद पहाड़िया, सुभाष पाटनी, विकास सेठी, आनंद जैन, सौरव अजमेरा, मनोज काला सहित समस्त जैन समाज के सदस्यों ने विद्या सागर जी महाराज जी का देवलोकन पर होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## न्यूज बॉक्स

### परगना महल के सदस्यों ने मंत्री दीपक बिरुवा से की शिष्टाचार मुलाकात



**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने कल्याण एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा से शिष्टाचार मुलाकात कर मंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान लोगों ने मंत्री का कुशल छेम पूछा तथा बुके देकर स्वागत किया । मुलाकात के दौरान प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, सहदेव बास्के,मणिलाल सोरेन, मणिलाल हांसदा, शिबू टुडू, बाबूलाल मुर्मू,रमेश बास्के, राहुल हांसदा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### 28 फरवरी को यूथ विंग लगायेगा रक्तदान शिविर




**हजारीबाग।** पिछले दो वर्षों से लगातार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही संस्था हजारीबाग यूथ विंग की एक अहम बैठक संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास पर आयोजित की गई।अध्यक्षता संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष करण जायसवाल ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 28 फरवरी को आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।रक्तदान शिविर 28 फरवरी को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के कैंपस में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। रक्तदान शिविर में 130 से भी अधिक रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। संस्था के द्वारा रक्तदाताओं बैच देकर सम्मानित किया जाएगा वहीं ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को एक सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। जिसके जरिए वह अपने परिजन को अगले एक वर्षों तक एक यूनिट रक्त दिलवा सकते हैं। शिविर को लेकर शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य लगातार संपर्क कर रहे हैं। वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए हजारीबाग शहर के युवा कलाकार निशांत सिंह, अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी शुभ लक्ष्मी एवं राष्ट्रपति के द्वारा वीरता पदक से सम्मानित कमांडो विवेक कुमार तिवारी के द्वारा वीडियो क्लिप के माध्यम से जनता को रक्तदान शिविर के लिए जागरूक कर रहे हैं। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी 28 तारीख को रक्तदान शिविर मे रक्तदान कर मानवता के प्रति एक मिसाल पेश करें।वही अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक होगा। मौके पर सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडे, विकास तिवारी, प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन प्रवेक जैन, मोहम्मद ताजुद्दीन, प्रिंस कसेरा, शानू सिंह समेत संस्था के कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### घर के बाहर खड़ी पिकअप की चोरी, छानबीन



**बरही।** करियातपुर स्थित हरिजन स्कूल मोड़ से पिकअप संख्या जेएच 02एई 5427 चोरी का मामला सामने आया है. मामले को लेकर वाहन मालिक मनोज कुमार ने बरही थाना में आवेदन देते हुए उचित कारवाई की मांग किया है. भुक्तभोगी वाहन मालिक ने बताया कि वाहन उनके आवास के बाहर खड़ा था. जिसे वाहन चालक सह गाड़ी का पार्टनर सुधीर चंद्रवंशी बरही से आने के आवेदनकर्ता के घर पर शुक्रवार की रात्रि में लगाया था. जो शनिवार की अहले सुबह से ही गायब था. गाड़ी की चाभी भी उसी के पास था. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने छान बीन के पश्चात उचित कारवाई का आश्वासन दिया है.

### महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय



**रामगढ़।** भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में रविवार को सुबह 8 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी। बैठक का मुख्य रूप था की कोयलांचल के ह्रदयिस्थल शिव मंदिर में वर्षों से होते आ रहे महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यछता मंदिर कमिटी अध्यक्ष नित्यान्द पाठक एवं संचालन बैजनाथ के द्वारा किया गया। सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया की हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव धूम धाम के साथ मनाया जायेगा, जिसमें 8 मार्च को भगवान भोलेनाथ के पूजा अर्चना के बाद शाम में भव्य झांकी के साथ शिवबारात निकाली जाएगी एवं 9 मार्च को भक्तिमय संस्कृतिक कार्यक्रम कियां जायेगा एवं 10 मार्च को भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से शिव मंदिर के अध्यक्ष नित्यान्द पाठक, कोषाध्यक्ष अभिषेक सोनी, संघरक्षक संजय मिश्रा, मुखिया अजय पासवान, विक्रम कुमार, दिलीप सिंह, संभु दुबे, विजय पासवान, बापी सिंह, लालू पाठक, विजय सिंह, सुधीर दुबे एवं युवा कार्यकरणी सदस्य कुणाल लोहार उर्फ ढेला, सोनू, दानिश, शिवा, आकाश, एवं अन्य उपस्थित थे एवं मंदिर समिति द्वारा सभी लोगो को महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने को एवं सहयोग करने को कहा गया।

### बबलू बने मरकच्चो के राजद युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष

**कोडरमा / मरकच्चो ।** मरकच्चो निवासी बबलू यादव को राजद युवा मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। मरकच्चो मे हुई राजद की बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने इसकी घोषणा की। बैठक मे राजद नेता सुभाष यादव, डॉ. जावेद अख्तर भी मुख्य रूप से मौजूद थे । युवा मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनने के बाद बबलू यादव ने आभार प्रकट करते हुए कहा की पार्टी ने जो उन्हें दायित्व सौंपा है, उसे वक पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। प्रखंड के सभी बूथों पर राजद को मजबूत करने और ज्यादा से ज्यादा युवाओ को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। वहीं बबलू यादव के युवा मोर्चा के अध्यक्ष बनने पर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने उन्हें बधाई दी है।

# पासवान कल्याण समिति की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भुरकुंडा पासवान कल्याण समिति की बैठक रविवार को संरक्षक खजांची राम के सयाल स्थित आवास में संपन्न हुई । अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उपेंद्र पासवान और संचालन समिति के सचिव इंद्रदेव पासवान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी 25 फरवरी को रांची के हरमु मैदान में आयोजित पासवान समाज का राज्य स्तरीय महासम्मेलन में समाज के लोगा भारी संख्या में शामिल होंगे। पूर्व जिला पार्षद अर्चना देवी और खजांची राम के नेतृत्व में उक्त महासम्मेलन में रामगढ़ कोयलांचल से अधिक से अधिक संख्या में महिला-पुरुष होंगे। मौके पर अर्चना देवी ने कहा की राज्य में कहीं भी समाज का सम्मेलन हो उसमें रामगढ़ कोयलांचल से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे। वहीं खजांची राम ने कहा की 25 का महासम्मेलन कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। ।मौके पर बीरेंद्र पासवान, प्रभु पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, अमरनाथ पासवान, बिरधा पासवान, युवा अध्यक्ष शशि पासवान, प्रेम पासवान, रोशन पासवान आदि उपस्थित थे ।

### स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# विभिन्न स्कूलों के 250 बच्चे हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले के 7वें दिन स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न स्कूलों के 250 बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता की प्रभारी संस्कार भारती की कला संयोजिका सह संदर्श कला केंद्र की संचालिका प्रो पिंकी कुमारी थीं। जबकि अध्यक्षता पंचम चैधरी एवं संचालन मिथलेश कुमार मंडल ने किया। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में राजा कुमार, पिंकी कुमारी एवं विकास झा शामिल थे। प्रतियोगिता के ग्रूप ए में वर्ग 3 से 6 के बीच लोककला पर आधारित चित्रकला प्रतियोगता का आयोजन किया गया। ग्रूप बी में वर्ग 7 से 10 के स्कूली बच्चों के बीच लोकल फोर वोकल पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, ग्रूप सी में प्लस टू के स्कूली बच्चों के बीच पंच प्राण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में शामिल राजा कुमार ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया। साथ ही उन्होंने कहा की स्कूली बच्चों ने प्रतियोगिता के तहत जो प्रतिभा दशार्यी है वह प्रशंसनीय है। प्रतियोगिता आयोजकों द्वारा बताया गया की प्रतियोगिता का परिणाम 23 फरवरी को घोषित किया जाएगा। उसी दिन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

**मेले में उमड़ रही लोगों की भीड़**

छावनी फुटबॉल मैदान में चल रहे स्वदेशी में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिससे मेले के आयोजकों में उत्साह का माहौल दिख रहा है। स्वदेशी मेले में हस्त निर्मित साड़ियां, चूड़ियों सहित विभिन्न प्रकार के स्वदेशी सामानों की खूब बिक्री हो रही है। स्वदेशी मेले में 18 फरवरी को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता को सफल बनाने में गौतम कुमार महतो, बीपी गुप्ता, महेश्वर प्रसाद, नेपाल महतो, प्रहलाद साव, प्रेम कुमार, सोनू प्रताप सिंह, विक्रम राठोर आदि ने योगदान दिया।

### 28 फरवरी को जंतर मंतर पर चलो दिल्ली यंग इंडिया रैली होगी

**रामगढ़ ।** रामगढ़ के एक होटल में यंग इंडिया चार्टर की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में रोजगार की स्थितियों पर 18-19 फरवरी को जनमत संग्रह किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि पिछले दस साल के मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है। नौकरियों के 30 लाख से ज्यादा खाली पदों को दस साल में नहीं भरा गया और ऊपर से पहले से मौजूद पदों को खत्म भी किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे में 3 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं, लेकिन मोदी सरकार की इसे भरने में कोई रूचि नहीं है। रेलवे को नीलामी के बाजार में रख दिया गया है। ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 100 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का शेयर बेच दिया गया।

### टोका फंसा कर बिजली जलाने वाले 18 उपभोक्ताओं पर जुर्माना

# अवैध रूप कनेक्शन पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई : एसडीओ



**18 उपभोक्ताओं पर जुर्माना सहित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विद्युत विभाग के राजस्व वसुली अभियान के तहत शनिवार को अवैध रूप से बिजली जलाने वाले 18 उपभोक्ताओं पर जुर्माना सहित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. विद्युत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दर्ज प्राथमिकी में बरसोत के बक्शीडीह निवासी लोकी साव पिता परमेश्वर साव (क्षतपूर्ति राशि 25731 रु), रामचंद्र साव पिता श्यामलाल साव (25731, विशेश्वर सिंह पिता छटु सिंह (क्षतिपूर्ति 2300 रु और बकाया 33624 रु), करियातपुर (नई टांड़ निवासी) तेजन ठाकुर पिता चितु ठाकुर (क्षतिपूर्ति 2300 रु और बकाया 20385 रु), दामोदर पांडेय पिता बद्री पांडेय (क्षतिपूर्ति 2300 रु और बकाया 7154 रु), श्रीराम साव पिता बासुदेव साव (क्षतिपूर्ति 25731 रु), दुलमहा निवासी रहीमा खातून पति ताहिर हुसैन (क्षतिपूर्ति 25731 रु), शांति करण देव पिता सुखदेव करण देव (क्षतिपूर्ति 2300 रु और बकाया 19572 रु), संतोष पाण्डेय पिता कन्हैया पांडेय (क्षतिपूर्ति 2300 व बकाया 52,814 रु), पटना रोड नहर पर सरजू केसरी पिता खिरोधर साव (क्षतिपूर्ति 8278 रु व बकाया 880 रु), रंजू देवी पति गोविंद साव (क्षतिपूर्ति 41391 रु व बकाया 20951 रु), सरिता देवी पति राधा प्रसाद केसरी (क्षतिपूर्ति 41391 रु व बकाया 508 रु), दीपक कुमार केसरी पिता अभनंद्र केसरी (क्षतिपूर्ति 41391 रु व बकाया 20916 रु), शुभम कुमार पिता सत्यम प्रसाद (क्षतिपूर्ति 9198 रु), बरही धोबी टोला मंजीत कुमार पिता स्व भारत भूषण (क्षतिपूर्ति 41391 रु), मुकेश कुमार गुप्ता पिता घनश्याम साव (बकाया 9607 रु), महेंद्र प्रसाद केसरी पिता परमेश्वर प्रसाद केसरी (बकाए 1613 रु) का नाम शामिल है.

### भदानीनगर महुआ टोला में सरना प्रार्थना सभा का आयोजन

**रामगढ़।** भदानीनगर स्थित महुआ टोला ग्राम में 9वां सरना प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ झारखंड प्रदेश के धर्मगुरु राजेश लिंडा ने किया। तत्पश्चात सरना धर्मावलंबी पाहनों के घर गए, जहां कलश यात्रा निकली। परंपरागत वस्त्र परिधान धारण की महिलाओं की कतार डाड़ी (कुआं) के करीब पहुंची। यहां से कलशों में जल भरा गया, जिसे प्रार्थना स्थल पर स्थापित कर धर्मगुरु ने सरना माता का आह्वान किया। आगे झंडा गड़ी के अनुष्ठान के बाद पूजा-अर्चना का दौर शुरू हुआ। मांदर की थाप पर थिरकते हुए प्रकृति के उपासकों ने सरना माता का गुणगान किया। इस अवसर राजी पड़हा के सरना सभा भारत के अध्यक्ष नीरज मुंडा ने कहा कि हम प्रकृति के उपासक हैं। इसलिए जल, जंगल और जमीन की हिफाजत करना हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि धर्म से शक्ति मिलती है।

### आरोपियों को मिल रहा है राजनीतिक संरक्षण

# मारपीट के विरोध में मुखिया संघ की आक्रोश रैली



**आरोपी ने चाकू निकालकर उनकी हत्या का प्रयास किया गया, जो आरोपियों की सोची समझी रणनीति थी**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मुखिया प्रकरण मामले को लेकर मुखिया संघ की जनाक्रोश रैली, थाना का किया घेरावबरही । बीते 13 फरवरी को धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद के साथ हुए मारपीट को लेकर मुखिया संघ ने आक्रोश रैली निकाली. जिसमें कई मुखिया, जनप्रतिनिधि, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शमिल थे. रैली में शामिल लोग मुखिया का अपमान नहीं सहेंगे, आरोपियों को गिरफ्तार करो, बरही पुलिस होश में आओ, गुंडाराज नही चलेगा, फर्जी मुकदमा वापस लो आदि जैसे स्लोगन की तख्तियां लिए बरही पुलिस के खिलाफ नारे लगा रहे थे. रैली धनबाद रोड से होते हुए बरही थाना पहुंचा जहां इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर प्रसाद से मामले के आठ दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने का कारण जानना चाहा. पीड़ित मुखिया ने आपबीती बताते हुए कहा की घटना के वक्त उनकी पत्नी और पुत्री भी मौजूद थी. चाकू निकालकर उनकी हत्या का प्रयास किया गया, जो आरोपियों की सोची समझी रणनीति थी. प्राथमिकी के बाबजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. उलटा उनके ऊपर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया है. आरोपी बेलगाम है और खुल्लेआम घूम रहे है. जिप सदस्या प्रीति कुमारी, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, मोतीलाल चौधरी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि सहित कई मुखियाओं ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने और पुलिस के मूकदर्शक बने रहने पर नाराजगी जताई. भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने इंस्पेक्टर को कहा कि आरोपी धन और मन से बढ़े हुए है. उनके चरित्र की जानकारी किया जा सकता है. अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना राजनीतिक संरक्षण के साथ पुलिस की कारवाई पर सवाल खड़ा करता है. आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए सभी लोगो के साथ थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए. इंस्पेक्टर ने सबों की बात को गंभीरता से सुनी और दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई करने की बात कही. बाबजूद आश्वासन से संतुष्ट नहीं होने के कारण कड़ी धूप में एसपी और एसडीपीओ से टेलीफोनिक आश्वासन की मांग करते रहे. अंत में इंस्पेक्टर की पहल पर धरणार्थियो ने थाना प्रभारी से बात किया. दस दिन का अतिरिक्त समय देते हुए विधिसम्मत कारवाई की मांग के साथ धरना वापस लिया. यह भी कहा कि यदि निर्धारित अवधि के अंदर कार्रवाई नही हुई तो मुखिया संघ प्रखंड से जिला तक लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेगा. इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस हर एक पहलू पर अनुसंधान कर रही है. पुलिस पर भरोसा रखे,आप सभी हमारे सहयोगी है. किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

# आवक की कमी से लहसुन की कीमत में दुगुनी बढ़ोतरी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कुछ समय पहले प्याज लोगों के आंसू निकाल रहे थे। लेकिन बीते दो-तीन महीने से इसको कीमतों में गिरावट दिखनी लगी है। लेकिन इन दिनों लहसुन की कीमत आसमान छू रहे हैं। गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को लहसुन खरीदने के लिए मन मसोसना पड़ रहा आलम यह हो गया है कि सर्दियों के मौसम में दाल और सब्जी खाने में लोग लहसुन का तड़का लगाते हैं। लेकिन यह अब सब के बीते की बात नहीं रह गई है। इन दिनों यह सब्जी में सबसे महंगा हो गया है। हजारीबाग में लहसुन का खुदरा भाव पुराना लहसुन 400 रुपए किलो तक बेचा जा रहा है। हालांकि नया का दाम 200 रुपए किलो है। 200 रुपए किलो वाला बिकने वाला लहसुन 300 से 400 के रुपए किलो तक पहुंच गया। डेली मार्केट के व्यापारी शंकर साव कहते हैं कि बेमौसम बरसात से लहसुन की खेती प्रभावित हुई है। लहसुन का उत्पादन घटा है और इसका दाम प्रभावित हुआ है। महाराष्ट्र के नासिक व अन्य जिलों से लहसुन की आपूर्ति होती है। लेकिन उसके आवक कमी में कमी आई है। इस कारण दाम में कमी नहीं आ रही है। डेली मार्केट व्यापारी संघ के सचिव विनोद कुमार कहते हैं कि हजारीबाग मार्केट में इन दिनो लहसुन महाराष्ट्र के यशवंत नगर, उत्तर प्रदेश के कानपुर और बनारस से आ रहा है। फिलहाल स्थानीय व्यापारी महाराष्ट्र से लहसुन नहीं मंगा रहे हैं। बाजार में उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंडियों से लहसुन पहुंचना शुरू हो गया है। इससे दाम में थोड़ी कमी आई है। डेली मार्केट में थोक में लहसुन 240 से 250 रुपए बिक रहा है। लेकिन खुदरा व्यापारी 400 किलो तक बेच दे रहे हैं। जो नाजायज है।

## एक नजर

### वाहन चेकिंग अभियान चला लोगों को किया जागरूक

**बानो।** गिरदा ओपी क्षेत्र के हुरदा में पुलिस और पब्लिक ने साथ मिलकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिसमें बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चलाने वाले लोगों को हेलमेट पहनने हेतु वापस लौटाया गया।दो से ज्यादा सवार होकर चलने वाले को तथा तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले लोगों को यातायात नियमों एवं दण्ड के प्रावधानो के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जा सके.अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय ने किया।

### वृद्धा पेंशन के लिए शिविर का आयोजन कल

**बानो।** बानो पंचायत भवन में 20 फरवरी को राज्य वृद्धावस्था पेंशन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।उक्त जानकारी देते हुए मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने बताया कि वार्ड सदस्य स्तर अपने वार्ड में 50 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को सूचना करते हुए पंचायत भवन में लाने का प्रयास करेंगे।

### सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न । इस मौके पर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ट्रेनर धीरज टोपनो, राहुल बडाईक के द्वारा जीपीएफटी प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। वही ट्रेनर धीरज टोपनो द्वारा ग्रुप में कहानी के माध्यम से ग्राम सभा में सबसे निचले स्तर के गरीब को मदद करते हुए योजना देना है। खेल के माध्यम से कैसे पंचायत में गतिविधि कर 9 थीम में काम करना है। इस मौके पर प्रशिक्षण में समसेरा सुरजन बड़ाईक, विनोद बडाईक, शशि कला तिर्की, श्रीमती स्नेहलता केरकेट्टा, शांति देवी, बार्ड सदस्य,जे एस एल पी एस का सदस्य, स्वयंसेवक, मौजुद थे।

### शहर के कई जर्जर भवन दे रहे हादसे को न्योता

**कोडरमा / झुमरी तिलैया।** शहर के दर्जनों पुराने जर्जर भवन मौजूद हैं। फिर भी लोगों को हादसे की आशंका और मौत की खौफ से अंजान है। हालांकि बारिश में यह खतरा और बढ़ जाता है। झुमरीतिलैया में सालों पुरानी जर्जर होते निजी भवनों को लेकर नगर परिषद प्रशासन पूरी तरह बेखबर है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। झुमरीतिलैया के मार्केट भवनों की बात करें, तो सब्जी मंडी स्थित जोखी गोबरधन दास कोडरमा भवन और उससे सट्टे एक दो और भवन झंडा चौक के अगल- बगल आधे दर्जन से ज्यादा भवन, भेराइज भवन, बीर कुंवर सिंह चौक के बगल, स्टेशन के समीप गौशाला भवन सहित इलाके के अन्य अनगिनत भवनें हैं, जहां आवसीय और व्यसायिक गतिविधि जारी है। हल्के से भूकंप के झटके से यह भवनें भरभरा कर गिर जाएगी। झंडा चौक के पास कुछ भवनों में अब पेड़-पौधों उग चुके हैं। भवन की दीवार जहां-तहां से दरक चुकी है।

---

**जन भावना फाउंडेशन ने बालिकाओं का किया रजिस्ट्रेशन**

# शिक्षा व रोजगार के लिए कार्य कर रहा है जन भावना फाउंडेशन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा प्रखंड के गरजा पंचायत अंतर्गत गरजा राजस्व ग्राम में जन भावना फाउंडेशन के बैनर तले हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें जिला हेड खुशीराम कुमार एवं सिमडेगा ब्लॉक हेड मनोज बिलुंग मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने कहा कि जन भावना फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को समृद्ध बनाने के लिए हमेशा प्रयास कर रही है, साथ ही साथ बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव हो। वर्तमान में जन भावना फाउंडेशन की बालिका समृद्धि योजना का लाभ बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर बेटियों के लिए जरूरत के सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी जिससे हमारी बेटियां समृद्ध रहेंगी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए हेल्थ केयर कार्ड बनवाने के लिए कार्यक्रम कर रही है। जन भावना फाउंडेशन हर कदम आपके साथ है और हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार आने वाले दिनों में स्मार्ट मार्ट, स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट क्लीनिक, माइक्रो फाइनेंस, नशा मुक्ति योजना, किसान केंद्र योजना, सिलाई ट्रेनिंग, ब्यूटीशियन ट्रेनिंग, स्वच्छता परियोजना, खेल कूद योजना, मछली पालन ट्रेनिंग, मधुमक्खी पालन ट्रेनिंग, मशरूम खेती प्रशिक्षण, मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेनिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग, नर्स ट्रेनिंग, स्मार्ट जॉब प्लेसमेंट सहित कौशल विकास का लाभ दिया जाएगा एवं पंचायत के विकास में भागीदारी निभाएगी इसलिए सभी लोगों को संस्था से लाभ लेने के लिए सहयोग करने के लिए आगे बढ़ चढ़ हिस्सा लें।इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बोलबा प्रखंड के बगडेगा गांव में टेम्पो पलटने से एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
प्रखण्ड के कादोपानी पंचायत अंतर्गत बगडेगा गाँव में टेम्पू पलटने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को शाम चार बजे बोलबा बाजार से किलेसेरा की ओर जा रहा था। इसी क्रम में बगडेगा गाँव के पास तेज गति होने के कारण पलट गई।जिसमें महेश माँझी को गंभीर चोटें आई है।जबकि टेम्पो में बैठे कई लोगों को हल्की चोटे आई है । गाड़ी नम्बर जे0ए0ई0 5542 अतुल टेम्पो है । घायल सभी ब्यक्ति कादोपानी गाँव के रहने वाले है । घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से बोलबा अस्पताल इलाज के लिए लाया गया । डॉ0 देबातोष भुटिया की देखरेख में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया ।

---

**आदिवासी लोहरा समाज की हुई विशेष बैठक**

# आदिवासी समाज विकास के लिए सदैव तत्पर है : मुनेश्वर तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
आगामी 25 फरवरी को आदिवासी लोहरा समाज का वार्षिक सम्मेलन के निमित अध्यक्ष वासुदेव तिर्की की अध्यक्षता में सिमडेगा में लोहरा समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आदिवासी लोहरा समाज के विकास और समाज को सुसंगठित करने पर चर्चा की गई। साथ ही लोहरा समाज के वार्षिक सम्मेलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई। 25 फरवरी को जिला वार्षिक सम्मेलन होना है इसी के निमित कार्यक्रम का रूपरेखा भी तैयारी की गयी। वही आदिवासी लोहरा समाज जिलाध्यक्ष बासुदेव तिर्की और आदिवासी लोहरा समाज के जिला संगठन सचिव सह कोलेबीरा प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर तिर्की ने कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब समाज के लोग एक साथ रहें, वार्षिक सम्मेलन में सभी लोगों को बाढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर हमें आदिवासी लोहरा समाज एकजुटता का परिचय देना है। हमें सबको सुख-दुख का साथी बनना होगा। समाज के कोई भी व्यक्ति अगर तकलीफ में हो तो उनकी सहायता करनी है। समाज के विकास के लिए सदैव तत्पर हैं और आप लोगों से भी आग्रह करता हूं की समाज के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी लोहरा समाज जिला अध्यक्ष वासुदेव तिर्की,जिला महासचिव संतलाल लोहरा,जिला उपाध्यक्ष हीराराम, जिला संगठन सचिव मुनेश्वर तिर्की,जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष आशीष इंदवार, ठेठईटंगर प्रखंड अध्यक्ष कालू इंदवार, पाकरटांड़ प्रखंड अध्यक्ष डेविड तिर्की, पंचायत मेंबर सहित काफी संख्या में आदिवासी लोहरा समाज के लोग उपस्थित थे।

# अपने धर्म व समाज की सुरक्षा के लिए संगठित रहें : जोसिमा खाखा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
पाकरटांड़ के खंजालोया चर्च परिसर में पिछले दो दिनों से चल रहे बीरू भिखारिएट काथलिक सभा का 7वां वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हो गया। मौके पर पल्ली पुरोहित फा गाब्रिएल डुंगडुंग की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। जहां उनका सहयोग फा हरमन खलखो, फा सिलबानुस डुंगडुंग, फा प्रवीण मिंज, फा चन्दर कुजूर ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित काथलिक महिला संघ बीरू भीखारियेट की सभा नेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आज भी हमारा समाज बिखरा हुआ है। हम सभी को संगठित होने की जरूरत है।समाज के सभी लोग संगठित होकर ऐसे राजनीतिक पार्टी के साथ खड़ा रहें जो हमारे धर्म व समाज की सुरक्षा के लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में राजनीति की भूमिका अहम होती है। पूर्व में हमारे समाज को, हमारे धार्मिक स्थलों को तोड़ने की मंशा से तरह तरह के हथकंडे अपनाए गए थे। अगर आने वाले चुनाव में भी हम सभी संगठित होकर अपने अपने अगुवा को विधानसभा नहीं भेजते हैं तो हमारे ऊपर जबर डिलिस्टिंग जैसे कानून थोप दिए जाएंगे। जिसके बाद हमारा आरक्षण समाप्त हो जाएगा। हम सभी के ऊपर तरह तरह के अत्याचार और शोषण किये जायेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रभाकर तिर्की ने नशापान पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि नशापान हमारे समाज के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा है। इसे हम सबको मिलकर दूर करने की जरूरत है। खासकर युवा वर्ग इससे दूर रहें। वहीं मुख्य वक्ता इग्नेश मिंज ने पिताओं की भूमिका विषय पर जानकारी दी।

---

**सब जूनियर पुरुष जिला चैंपियनशिप के 11 मैच खेले गये**

## तीन स्कूल पहुंचे सेमीफाइनल में



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
16 से 19 फरवरी 2024 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित चौथी हॉकी सिमडेगा सब जूनियर पुरुष जिला चैंपियनशिप 2023 में रविवार को तीसरे दिन लीग के कुल 11 मैच खेले गए। जिसमें संत मैरिज हाई स्कूल सामटोली ने बांकी की टीम को 5-0 से, संत बियानी हाई स्कूल लचरागढ़ ने गोंडवाना क्लब को 3-0 से, आर.सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी ने आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा को 9-0 से, सिनी ग्रास रूट ने कुरडेग को 4-0 से, लिटिल टाइगर ने आर.सी मध्य विद्यालय सलगापोष को 11-00 से, टैसर ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बासेन को 2-1 से, नरपति हाई स्कूल समसेरा ने गोंडवाना क्लब को 4-1 से, संत बियानी उच्च विद्यालय लचड़ागढ़ ने आरसी प्राथमिक विद्यालय कोचेडेगा को 6-0 से, गंगूटोली स्कूल ने बांकी को 2-0 से, संत मैरिज हाई स्कूल सामटोली ने हॉकी रेंगारी को 5-1 से, करंगागुड़ी ने सालगापोश को 3-0 से पराजित किया।इस प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए कुल 24 लीग मैच के समापन के बाद लिटिल टाइगर, संत मैरिज, सिनी ग्रास रूट और संत बियानी हाई स्कूल लचड़ागढ़ की टीम सेमीफाइनल में पहुँची रविवार को खेले गए मैच में रोशन मुंडू, सूरज मांझी,संदीप बुर,राहुल टोप्पो, सामुराय सोरेंग, दीपक मिंज को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया।

# ईडी की हेमंत सोरेन पर कार्रवाई के खिलाफ झामुमो ने निकाला न्याय मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर ईडी द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ में झामुमो सिमडेगा द्वारा बोलबा प्रखंड के दो पंचायत पीड़ियापोंछ और मासाड़ा में न्याय मार्च का आयोजन किया गया। न्याय पदयात्रा में सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। न्याय पदयात्रा को ग्रामीणों द्वारा बहुत बढ़िया समर्थन मिला। इस न्याय पदयात्रा में जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना द्वारा ग्रामीणों को भाजपा और ईडी के कुकृतियों के बारे में तथा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जनहित में किए गये कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि हेमंत सोरेन के ऊपर भाजपा द्वारा किए जा रहे अत्याचार से हम सभी आदिवासी, मुलवासी समाचार माध्यमो से सुन और समझ रहे हैं और बहुत दुखी हैं। झामुमो जिला सचिव मो सफीक खान ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार अपना शक्ति का दुरूपयोग करते हुए इस राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को साजिश के तहत फसाया गया है। अबकी बार लोकसभा और विधान सभा के चुनाव में भाजपा को उसकी औकात बताने का काम करेंगे।इस न्याय पदयात्रा में केंद्रीय सदस्य मो शहीद,जिला कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा, संघठन सचिव कल्याण मिंज, बिपिन कुल्लू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू डांग, सचिव राजेश टोप्पो, क्रीड़ा मोर्चा सचिव अमलेन समद, प्रखंड अध्यक्ष क्लेमेंट बाड़ा, सचिव पासकल डूंग डूंग, उपाध्यक्ष जैनुल अंसारी, क्रिस्चिओफर डूंग डूंग, राजीव और दोनों पंचायत के पदाधिकारी गण और ग्रामीण सैकोड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

---

**कसीरा में नए गिरजाघर का हुआ शिलान्यास**

# संत मिखाइल प्रभु येशु के दूत थे : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
प्रखंड के कसिरा में रविवार को प्रस्तावित संत मिखाइल गिरजा के निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों का स्वागत ढोल नगाड़ों एवं नाच गान करते हुए स्वागत गीत के साथ किया गया।तत्पश्चात चर्च का शिलान्यास का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अनुष्ठान मुख्य अतिथि सिमडेगा बीजी फादर इग्नासीयूस केरकेट्टा के द्वारा किया गया। मौके पर समशेरा पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर राफाएल केरकेट्टा, सलगापोष पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर थॉमस सोरेंग, प्रस्तावित नए पैरिश के पल्ली पुरोहित फादर कुलदीप कंडुलना, बेहरिनबासा पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर सुमन धान, फादर अभिजीत गुड़िया उपस्थित होकर शिलान्यास कार्यक्रम की सभी कार्यों को पूर्ण किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि अभी हम सभी प्रस्तावित प्रभु यीसु का घर गिरजाघर के निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को उत्सव की तरह मना रहे हैं। संत मिखाइल के बारे में बताते हुए रावेल लकड़ा ने कहा कि संत मिखाइल प्रभु येशु के दुत थे।संत मिखाइल प्रभु के अनेक बातों के साक्षी रहे।जिस प्रकार संत मिखाइल प्रभु के वचनों को अपने जीवन में आत्मसात किया ,उसी प्रकार हम सभी को भी प्रभु के दिये वचनों को अपने जीवन में आत्मसात करना है जिससे कि हमारा जीवन सफल और सुंदर बने।आगे लोगों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा षड्यंत्र के तहत आपके और हमारे एकता को तोड़ने के लिए इस चुनावी समय में जानबूझकर कुछ दलालों को हमारे बीच में भेजने का काम कर रही है।हमें विशेष रूप से वैसे लोगों से सावधान रहना है और अपनी एकता और अखंडता को बना कर रखना है।

### वेब सीरिज पिशाचिनी का प्रथम एपिसोड प्रदर्शित

**झुमरीतिलैया।** फिल्ड इंटरटेंमेंट के बैनर तले बन रही बेब सीरिज पिशाचिनी का प्रथम एपिसोड प्रदर्शित किया गया। सीरिज में श्रुति भदानी, सरोज सोनी, विश्वनाथ ने निभाया है। सीरिज के लेखक, निर्देशक, गीतकार झारखंड के जाने माने फिल्मकार विश्व मोहन विराग, सीरिज के निमार्ता,संगीतकार दिलीप लाल यादव हैं। संपादन रणजीत और छायांकन सतीश सम्राट का है। सीरिज का शीर्षक गीत स्थानीय कालाकार सुर-संग्राम के सशक्त प्रत्याशी रह चुके धीरज पांडेय हैं। लेखक, निर्देशक विश्व मोहन विराग ने बताया कि सीरीज का प्रदर्शन नियमित रूप से 10 दिनों के अंतराल पर निरंतर होता रहोगा। फिल्म के ज्यादातर कलाकार झारखंड विशेषतः कोडरमा जिलावासी होंगे। सीरिज हालांकि डर और भय की पृष्ठभूमि पर आधारित है। लेकिन अंततः हम अंधविश्वास जैसी कुरीति और गलत परंपरा को सिरीज के माध्यम से तोड़ने का प्रयास करेंगे।

# अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में घासी समाज की हुई बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को घांसी समाज की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष तिलका रमन के द्वारा की गई। मौके पर जिला महासचिव विराज नायक के द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि जिला कमेटी का पद खाली है उसे सर्व समिति से भरते हुए सामाजिक संगठन को मजबूत किया जाए। मौके पर सभी सदस्यों ने इसपर सहमति जताते हुए जिला संयोजक सुधु नायक ,जिला उपाध्यक्ष विमल नायक, सह संयोजक के लिए रितु नायक का चयन किया गया। वहीं युवा संगठन के लिए जिला युवा सचिव बजरंग नायक का युवा संगठन मंत्री, संगठन सह मंत्री जितेंद्र नायक एवं विकास नायक , वहीं उपाध्यक्ष के रूप में विराज नायक का चयन किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी लोगों की सहयोग की आवश्यकता है ताकि समाज आने वाले दिनों में मजबूत हो सके। इसके लिए सभी लोगों को संगठित रहने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रूप से युवा जिला अध्यक्ष बृजेश नायक, जुवेंद्र राम, जितेंद्र नायक, विकास नायक, बिराज, जितेंद्र नायक, अकाश नायक, बिक्की नायक आदि घासी समाज के समाज के लोग मौजूद थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प.स.सदस्य के निधन पर भाजपा ने जताया शोक



**सिमडेगा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह टेंसेर पंचायत समिति सदस्य चन्द्रनाथ प्रधान की मृत्यु बीती रात को हार्ड अटैक होने से हो गयी।उनके निधन पर भारतिय जनता पार्टी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. चन्द्रनाथ प्रधान भारतीय जनता पार्टी के एक मजबूत स्तंभ थे उनके निधन पर पार्टी को अपूर्णीय छति हुई है, ईश्वर उनको श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें इस दुःख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी परिवार पीड़ित परिवार के साथ है।दुःख व्यक्त करने वालों में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा, केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, नगर परिषद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, जीप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, संगठन प्रभारी बबन गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गविजय सिंह देव, महामंत्री दिपक पुरी, वरिष्ठ नेता अमरनाथ बामलिया, श्यामलाल शर्मा,भोला साहु, अनूप प्रसाद, श्रद्धानन्द बेसरा, सुजान मुंडा, संजय ठाकुर, राकेश रविकांत,रवि गुप्ता,सतीश पांडेय, मनोज साय, प्रणव कुमार, उपेंद्र श्रीवास्तव, तुलसी साहु, रामविलास बड़ाईक, नवीन सिंह, फुलसुंदरी देवी, कमला कुमारी, रागिनी राज, रूनी कुमारी सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया।

### कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर सुनी समस्याएं, दिया आश्वासन



**केरसई।** प्रखंड के टैंसेर नवाटोली ग्राम में रविवार को स्थानीय वार्ड एवं ग्रामीणों द्वारा बैठक रखी गई। जिसमें कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की, स्माइल केरकेट्टा, प्रशांत मिंज, सोनू मिंज शामिल हुए। जिसमें ग्रामीणों द्वारा दिलीप का स्वागत माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छा देकर किया गया। सभा के दौरान दिलीप ने कहा कि आपकी समस्याओं से रूबरू होने आये हैं,आप अपनी बातों को रखें। ग्रामीणों ने श्री तिर्की को अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिस कांग्रेसी नेता ने इसके समाधान का आश्वावन भी दिया। मौके पर लोगों ने बताया कि बिजली के दो कनेक्शन में से एक को हटाने के लिए आवेदन देने पर कर्मी बदले में 500 रुपए मांगते हैं। उनकी गलती से चक्रवृद्धि ब्याज विभाग में हमें भरना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा गर्मी में पानी की बहुत किल्लत होती है। माताओं ने कहा वृद्धा पेंसन की काफी दिक्कत है, पूरे गांव में एक भी अबुआ आवास अबतक नहीं मिला है। गांव में पानी निकास की बहुत समस्या हैं। मौके पर दिलीप ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही बहुत ज्यादा है जिस कारण आम जनता को कई तकलीफ झेलनी पड़ती है और जो भी कर्मियों ने पैसे की मांग की है उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए कार्यपालक से बात करूंगा। पानी के लिए त्वरित पीएचडी विभाग के एसडीओ से तिर्की ने बात किया जिसमे उन्होंने कहा कि जल्द डीप बोरिंग करा दिया जाएगा। वृद्धा पेंसन के लिए वहाँ के वार्ड से कहा गया कि ऐसे सभी लोगों को जिला समाज कल्याण विभाग ले जाएं ताकि सटीक समाधान हो सके। साथ ही दिलीप ने कहा कि कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव आने वाला है। केंद्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस के लिए एकजुट होना है। और जब भी किसी गलत नीति के खिलाफ आपका आह्वान किया जाता है, तो उस परिस्थितियों में आपकी भागीदारी भी 100% होनी चाहिए। ताकि आपकी एकजुटता से उसे कुचला जा सके। ग्रामीणों के साथ दिलीप ने पूरे गांव का भ्रमण भी किया। मौके पर ग्रेगोरी तिर्की, खरीस्टोफर लकड़ा, पीटर लकड़ा, रंजीत तिर्की, सिल्वेस्तार कुजूर, नोबर्ता तिग्गा, सुशीला खेस, संगीता लकड़ा, रेजिना कुजूर, पूनम लकड़ा,सानिया लकड़ा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### गांवों का भ्रमण कर सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान



सिमडेगा। खरवार भोगता समाज विकास संघ की एक बैठक आयोजित हुई.बैठक में आगामी 22 फरवरी को सिमडेगा के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में होने वाले प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन के मद्देनजर प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने गांवों का भ्रमण कर समाज के लोगों को जागरूक करने और सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मंगल सिंह भोगता रविवार को सिमडेगा के टूटीकेल, अमति टोली, गलाय टोली, गोंदल टोली, नवाटोली, सरगा पानी, भांवर पहाड़, सरई पानी आदि गांवों में समाज के लोगों से बैठक की। बैठक में भोगता जाति को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाने से लेकर अनुसूचित जाति की सूची में जोड़ने के लिए किए गए लंबे संघर्ष की लोगों को जानकारी दी और एसटी के हक अधिकार का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भोगता समाज को राजनीतिक शक्ति बनने के लिए 22 फरवरी को सिमडेगा में होने वाले महासम्मेलन सह आभार रैली में तन-मन व धन से शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने रविवार को प्रचार वाहन को भी झंडा दिखाकर रवाना किया। उनके साथ समाज के केन्द्रीय महासचिव जगन्नाथ प्रधान, गुमला जिला के महासचिव भरत प्रधान आदि शामिल हैं।

### आज युवाओं के ही हाथों में देश का भविष्य है : अजय सिंह

**सिमडेगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक आवश्यक बैठक भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत प्रदेश से आए अतिथियों के द्वारा डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र में माल्यापर्ण कर की गई। बैठक में स्वागत भाषण देते हुए मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा की आज युवाओं के ही हाथों में देश का भविष्य है। 2024 लोकसभा चुनाव चुनोतियाँ से भरा है।लेकिन पूरे देश के युवा आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को लोहा मान रही है और इस बार भाजपा 400 पार कर एक नया कृतिमान स्थापित करेगी।युवा मोर्चा चौपाल के जिला प्रभारी प्रियंक भगत ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता युवा मोर्चा चौपाल के माध्यम से प्रत्येक पँचायत में चौपाल लगा कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चलाये जा रहे जनकल्याण योजनाओं को जन -जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। आज पूरा देश मोदीमय हो चुका है। बस हमें उनके कार्यो को जनता के बीच ले जाने का कार्य करना है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रदेश अमन यादव जिला महामंत्री ,दीपक पुरी अनूप प्रसाद सतीश पांडे सत्यनारायण प्रसाद श्री लाल साहू प्रणव कुमार नवीन सिंह राकेश रविकांत प्रधान मोहन बड़ाईक, किशोर कुमार सिंह पिंकी रानी शिखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर समिति का किया गया गठन

**गिरिडीह।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का 20 फरवरी को अबुआ आवास योजना का शुभारंभ एवं स्वीकृति पत्र वितरण करने को लेकर गिरिडीह आगमन प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में अबुआ आवास योजना का शुभारंभ एवं लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, गिरिडीह श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

### भारती योजना विद्या सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का किया गया निरीक्षण

**गिरिडीह।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या भारती योजना अनुसार 6 सदस्यीय दल के द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस निरिक्षण दल में अजय कुमार तिवारी प्रदेश सचिव, विद्या विकास समिति झारखंड, ओमप्रकाश सिन्हा जिला निरीक्षक,रमेश कुमार,ब्रेन कुमार टुडू एवं ब्रजेश सिंह प्रवासी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कराया। निरीक्षक दल द्वारा आचार्य दीदी के अध्यापन कौशल,कक्षा और विद्यालय की साज सज्जा, अनुशासन,कार्यालय का लेखा-जोखा आदि बिंदुओं पर गहन निरीक्षण किया गया।

### सीआईएसएफ इंस्पेक्टर सहित तीन की कोर्ट में शिकायतवाद

**धनबाद।** कुसुंडा सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर संजय सिंह, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार और विभाग के अमित रंजन के खिलाफ कोर्ट में शिकायतवाद दाखिल की गई है। धनसार के बुधन मंडल ने तीनों के खिलाफ सीपी केस करते हुए दरवाजा तोड़कर घर में घुसने, गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने, तोड़फोड़ करने और घर में रखे बक्से से एक लाख 35 हजार रुपए के गहने चुराने का आरोप लगाया है। आरोप के मुताबिक घटना 10 फरवरी की है।

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

**महुदा।** भवन प्रमंडल धनबाद द्वारा बाघमारा प्रखंड के छत्रुटांड़ पंचायत में आंगनबाड़ी एक के नये भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुधन महतो ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर शत्रुधन महतो ने कहा कि छत्रुटांड़ में आंगनबाड़ी के बच्चों को सामुदायिक भवन में पढ़ाया जाता था। इसकी जानकारी बाघमारा विधायक ढुलू महतो को दी गयी। उन्हीं की अनुशंसा पर डीएमएफटी फंड से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण होगा। पंचायत में जो भी विकास का कार्य अधूरा पड़ा है, उसे पुरा किया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रमाणिक, पंसस गोपाल महतो, स्वेता दसौंधी, राजकपुर महतो, छोटेलाल महतो, आनंद साव आदि मौजूद थे।

---

### रांची में विश्वकर्मा समाज अधिकार रैली महासभा का आयोजन

# आपलोग मजबूत समाज से हक मांगने की बजाय इसे छीनना सीखें: सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची के मोहराबादी में विश्वकर्मा समाज के द्वारा रविवार को अधिकार रैली विशाल महासभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम पूरे झारखंड से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा शामिल थे। इस सभा के माध्यम से अपने हक और अधिकार की लड़ाई और आपसी एकता का संदेश विश्वकर्मा समाज के द्वारा दिया गया। पुर्व मुख्यमंत्री का स्वागत उमेश राणा ने बुके देकर किया। मौके पर पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो ने इस सभा में पहुंच कर संबोधित किया। श्री महतो ने कहा कि हम आपके समाज के साथ हैं और हमेशा रहेंगे। मांग कमजोर लोग करता है लेकिन आपलोग मजबूत समाज से हैं। हक मांगने की बजाय इसे छीनना सींखे। कार्यक्रम में गौतम सागर राणा ने कहा कि हमारा समाज किसी से कम नहीं है हम लड़ना जानते है और हम अपना हक लड़ कर लेंगे। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री उषा कुमारी ने कहा कि झारखंड के सभी जिले से आए विश्वकर्मा समाज के योद्धा ने आज दिखा दिया कि उनमें कितनी एकता और ताकत है।आने वाले समय में जो भी राजनितिक पार्टियां धोखा देने का काम करेगी उसे इस ताकत का अंदाजा हो गया होगा। इस कार्यक्रम में गिरिडीह जिले से समाजसेवी उमेश राणा, लेखराज यादव, अशोक शर्मा, उदल कुमार, अरुण मिस्त्री, सुजीत पाण्डे सहित सैकड़ों लोग शमिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास राणा ने किया। इस महासभा से लोगों ने अपने समाज को संदेश दिया कि अपने समाज को मजबूत कीजिए अब हमारा समाज कमजोर नहीं रहा। हम लोग इस महासभा के साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी शक्ति दिखाएंगे।

इस महासभा में सुजीत पांडे ने कहा कि उमेश राणा बहुत नेकदिल और सामाजिक इंसान है। यह समाज सेवा में हिस्सा लेते रहते हैं। जब भी गांव में कोई प्रोग्राम या कार्यक्रम होता है तब इनकी भागीदारी सुनिश्चित रहती है। मौके पर रांची कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, खूंटी जिला अध्यक्ष विनीत शर्मा, कोडरमा जिला अध्यक्ष सुभाष राणा आदि भी मौजूद थे। कार्यक्रम में गिरिडीह से आए उमेश राणा ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने गुलाम और सावन सचिव

**धनबाद।** झारखंड युवा मोर्चा जिला समिति के अध्यक्ष गुलाम कुरैशी होंगे। गुलाम शिवालीबाड़ी एगारकुंड के हैं। वहीं जिला सचिव रंगुनी भूली के सावन सुमन बने हैं। उपाध्यक्ष संदीप हांसदा, अश्विनी खेत्रपाल, सनोवर, जिला संयुक्त सचिव सुदाम रजवार, संतोष हेंब्रम, रवि पासवान तथा मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता विशाल सिंह को बनाया गया है। झामुमो जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने झायुमो धनबाद जिला विस्तार की घोषणा की है। जिला संगठन की जिम्मेवारी सचिव बसंत ठाकुर व अताउर रहमान को दी गई है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केस से बरी कराने के लिए रविवार को सुबह 10 बजे से पूजा की जाएगी। हरि मंदिर हीरापुर में सत्यनारायण भगवान का कथा एवं हवन का आयोजन किया गया है। झामुमो कार्यकर्ता प्रार्थना करते हुए मन्नत मांगेंगे। झामुमो ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने षड्यंत्र के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से फंसाया है।

## न्यूज बॉक्स

### फांसी के फंदे से झूलकर युवक ने दी जान

**गिरिडीह।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी साहेब राम मांझी (32) पिता मंगरा सोरेन ने शुक्रवार की रात अपने साढ़ू के घर डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्हाबार पंचायत के दुधमटिया निवासी राजेश मरांडी के घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया हालांकि मृतक के परिजन मामले की जांच निष्पक्षता से पुलिस से करने की अपील की है। जबकि मृतक की पत्नी मालती किस्कू ने डुमरी पुलिस को आवेदन देकर अपने पति के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है। पुलिस ने रविवार को शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करके शव को पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेज दिया। मुखिया नूरउद्दीन अंसारी ने कहा कि उक्त घटना के बारे में मृतक के साढ़ू राजेश मरांडी ने फोन पर शनिवार लगभग 4 बजे सूचना दिया कि उनके घर में घटना घटी है उसके बाद उन्होंने घटना स्थल जाकर उसकी जानकारी पुलिस को दिया।बताया जाता है कि मृतक की पत्नी अपने बच्चों को लेकर दुधमटिया आई थी जिसे वापस ले जाने के लिए मृतक आया था परन्तु शुक्रवार को किसी बात को लेकर पति पत्नी में झगड़ा हुआ था तत्पश्चात शनिवार की सुबह जब घर के लोग सोकर उठे तो देखा कि घर के एक कमरे में साहेबराम का शव फांसी पर लटका हुआ है हालांकि मृतक का पैर जमीन से सटा हुआ था जिसको लेकर कई सवाल खड़े कर रहा है। मृतक को दो पुत्रियां और एक पुत्र है। वहीं मृतक के भाई अनिल हांसदा ने बताया कि उसे भी घटना की जानकारी शनिवार को दी गयी जबकि मृतक के फुफेरा भाई शामद किस्कू ने घटना की पूरी जांच करने की मांग पुलिस से की है। उनका कहना है कि शव को शनिवार दिन-रात लटकता छोड़ देना और पैर जमीन से सटा होना कई यक्ष प्रश्न खड़ा करता हैं। बहरहाल पुलिसिया जांच के बाद ही सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

### गिरिडीह पहुंचे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार व अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**गिरिडीह।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित नवानी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राज ने रविवार को गिरिडीह का दौरा किया। इस दौरान संगठन से जुड़े लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोनिया कौशिक को महिला जिला अध्यक्ष एवं अमित कुमार को युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नवानी ने कहा कि संगठन झारखंड में मजबूती के साथ काम कर रही है। संगठन के प्रति समर्पित भावना को देखते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है। कहा कि गिरिडीह जिले में यह संगठन ओर भी बेहतर ढंग से कार्य करेगी। मौके पर मीना गुप्ता, पिंकी सिंह, रूसीला सिंह, विवके, रोहित, अंकित, बबलू, अविनाश, बंटी, सुजीत समेत कई युवा मौजूद थे।

### देसी कट्टा के साथ पुलिस ने किया एक युवक को गिरफ्तार



**गिरिडीह।** गांवां थाना पुलिस द्वारा एक देसी लोडेड पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गिरफ्तार युवक मुकेश कुमार यादव गांव थाना क्षेत्र के चिहुटिया गांव का निवासी है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक एसपी दीपक शर्मा ने एक प्रेस वार्ता कर शुक्रवार को जानकारी दी, एसपी दीपक शर्मा ने बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि आयोजित सरस्वती पूजा विसर्जन एवं भीड़ वाले स्थान पर एक व्यक्ति के द्वारा अपने पास पिस्तौल और कारतूस गोली लेकर के कुछ बड़े घटना को अंजाम देने के आशय से घूम रहे थे गवां थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात के नेतृत्व में पुलिस की टीम चिहुटिया गांव पहुंची, टीम ने गांव के सुनसान स्थान पर एक संदिग्ध युवक को देखा पुलिस ने उसे अपने शिकंजे में लेकर उसे शक्ति से पूछताछ की और बदन का जामा तलाशी लेने पर युवक के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और पांच जिंदा गोलियां बरामद हुई, उसे ताश में पकड़े गए युवक ने बताया कि पुरानी दुश्मनी के कारण अपराधिक घटना को अंजाम देने वाला था।

### गांवा में छह घरों में हुई चोरी, हजारों रुपए सहित जेवरात पर किया हाथ साफ

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिहरा पश्चिमी पंचायत के कोहवरावा व सलैयादाह में अज्ञात चोरों ने छह घरों से लाखों रुपये की चोरी कर ली। चोरों ने नगदी समेत लगभग डेढ़ लाख के सामानों पर हाथ साफ कर लिया। जानकारी के अनुसार उगन रविदास, हरि रविदास, यमुना रविदास, महेश्वरी यादव, छोटू महतो, बसन्त यादव, ऋषिदेव महतो के घरों से सोना चांदी के आभूषण ,बर्तन समेत लगभग तीन लाख की चोरी कर ली। चोरी की सूचना पर माले जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव घटनास्थल पर पहुँचकर पीड़ित परिवारों को सांत्वना दिया। कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान चोरों ने सौ से अधिक चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं 46 डीजल पंप भी चोरी हुई है। लेकिन प्रशासन मामले के उद्भेदन करने में नाकाम रहा हैं। जिसपर वरीय पदाधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान रामस्वरूप प्रसाद यादव, भोला रविदास, बसन्ती देवी,उर्मिला देवी, डोमन दास, सुखदेव रविदास, गुड़िया देवी, सिमा देवी, पूजा देवी, बालेश्वर रविदास समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

---

### 51वें स्थापना दिवस पर झामुमो की बैठक संपन्न

# कार्यकर्ताओं में हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने पर आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के 51वें स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर रविवार को तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित अग्रवाला उच्च विद्यालय के पुराने भवन परिसर में झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल और संचालन सिमोन मुर्मू ने किया। जबकि मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष मो. मुनीमुद्दीन उपस्थित थे। इस दौरान झामुमो के 51वें स्थापना दिवस को लेकर आगामी 4 मार्च को गिरिडीह में आयोजित कार्यक्रम में तिसरी से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। साथ ही पार्टी कार्यकताओं में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने को लेकर आक्रोश भी दिखा। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे रिंकू बर्णवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा षड्यंत्र कर ईडी की जांच बिठा कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया। जिसके विरोध में आगामी 4 मार्च को पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर आक्रोश रैली निकाली जाएगी।

### 4 मार्च की स्थापना दिवस की तैयारी को ले झामुमो ने की बैठक

# हेमंत सोरेन की साजिश के तहत गिरफ्तारी के खिलाफ निकाली जाएगी न्याय यात्रा : पूर्व विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



गावां प्रखंड कमेटी झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक पार्टी कार्यालय में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे। बैठक में 4 मार्च को जिला में पार्टी के 51वां स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया गया। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में गावां प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति पर बल दिया गया। साथ ही राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा जमीन घोटाले में किये गए गिरफ्तारी के खिलाफ हर पंचायत में न्याय यात्रा निकालने पर विचार विमर्श किया गया। पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर एक साजिश के तहत ईडी द्वारा हेमंत सोरेन को फर्जी जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जिस साढ़े 8 एकड़ जमीन घोटाले की जो बात कही जा रही है उसका कोई प्रमाण नहीं है। अभीतक इस मामले में ईडी कोई सबूत नहीं दे पाई है। कहा कि हेमंत सोरेन जनता के हित में काम कर रहे थे। राज्य के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे थे। लेकिन उनके कार्यों को देखकर भाजपा सरकार घबरा गई और एक साजिश के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया है। कहा कि इस साजिश के तहत हुए हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी खिलाफ आम जनता को न्याय यात्रा के जरिये बताया जाएगा। न्याय यात्रा सभी गांवों में निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी कर ली गई है। इस बैठक में विनय सिन्हा, मो एजाज, मो मंसूर, प्रदीप सिंह, जमीला खातून, जयदेव सिंह, अशोक दास, मंजूर आलम, मो इसराईल, नसीम खान, सोमर राय समेत कई उपस्थित थे।

# सनशाइन हेल्थ केयर प्रोजेक्ट के तहत मेगा मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन एवं दुकानिया नर्सिंग होम द्वारा चंदनडीह में स्थित एडवोकेट प्रकाश सहाय के निवास स्थान पर सनशाइन हेल्थ केयर प्रोजेक्ट के तहत मेगा मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया। जो की इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन का एनुअल प्रोजेक्ट है। कैंप की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए उपनगर आयुक्त विशालदीप खालको एवं डॉक्टर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। साथ ही क्लब क्लब द्वारा डॉक्टर एवं मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया । इस कैंप में करीबन 400 से अधिक मरीज का चेकअप डॉ एसके डोकनिआ, डॉ नीरज दोकानिआ, डॉ अंकिता सहाय , डॉ अरुण, द्वारा किया गया एवं साथ ही जरूरत अनुसार मरीज को क्लब द्वारा दवाइयां उपलब्ध कराई गई उन दवाइयां को अनूप तुलसियान, अमित तुलस्यान, डॉ एस के डोकनिआ, पायल गुटगुटिआ द्वारा स्पॉन्सर किया गया साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए क्लब द्वारा फल भी उपलब्ध कराए गए। कैंप का प्रचार प्रसार दो दिनों तक आटो द्वारा एलान करवा कर किया गया। यह मेडिकल कैंप क्लब के फाउंडर पीडीसी पूनम सहाय की निगरानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और साथ ही कैंप को सफल बनाने में एडवोकेट प्रकाश सहाय, शांतनु सहाय एवं कृष्णा बगेड़िया का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कैंप के दौरान क्लब की प्रेसिडेंट सुमन गौरीसरिया, सेक्रेटरी कविता राजगारिया, ट्रेजर राखी झुनझुनवाला, आइएसओ स्मृति आनंद, तनूजा भूषण, दीप्ति सिन्हा, बेला जलान, रिया अग्रवाल, जूली सहाय, एडवोकेट सुनीता शर्मा, उषा डोकनिआ, शबाना रवानी, पायल गुटगुटिआ, डाक्टर अंकिता सहाय एवं अन्य मेंबर्स उपस्थित रहे। इनर व्हील क्लब आफ गिरिडीह पर्ल्स की प्रेसिडेंट सृष्टि सोनम भी उपस्थित थीं।

# किसानों के समर्थन और केन्द्र सरकार के विरोध में निकाला गया मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

देशव्यापी आह्वान के तहत, दिल्ली में आंदोलन कर रहे किसानों पर मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे दमन के खिलाफ रविवार को गिरिडीह झंडा मैदान से टावर चौक तक एक मार्च निकालकर किसानों की सभी मांगों को पूरा करने की मांग की गई। आज के प्रतिवाद मार्च आंदोलन की अगुवाई करते हुए किसान नेता पूरन महतो सहित राजेश यादव तथा राजेश सिन्हा ने कहा कि, हर मोर्चे पर विफल मोदी सरकार अपना गुस्सा किसानों पर निकलना चाहती है। काले कृषि कानूनों के खिलाफ ऐतिहासिक आंदोलन के सामने मोदी सरकार को झुककर न सिर्फ कानून वापस लेने पड़े बल्कि एमएसपी सहित कई वादे करने वाली सरकार ने आज तक उसे पूरा नहीं किया। कहा कि, इसलिए किसान पुनः दिल्ली की ओर कूच कर मोदी सरकार द्वारा किसानों से किए सभी वादों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार अपने वादों को पूरा करने के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे किसानों को कुचलने में एड़ी-चोटी एक किए हुए है। यह नहीं चलेगा। सरकार को किसान-मजदूरों की सभी जायज मांगों को पूरा करना होगा।

---

### अबुवा आवास को लेकर मुखिया संघ की बैठक आयोजित

# आवास में हो रही गड़बड़ियों पर की गई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**




झंडा मैदान गिरिडीह में गिरिडीह जिला मुखिया संघ की एक बैठक रखी गई। जिसमें अबुवा आवास हो रही गड़बड़ियों पर चर्चा की गयी। अबुवा आवास में वरीयता क्रमांक को तय करने का अधिकार ग्राम- सभा को देने का मांग मुखिया संघ द्वारा किया गया है। संघ का कहना है कि अबुवा आवास में प्रखंड द्वारा ऑटो जेनरेटेड सूची जो सॉफ्टवेयर का था, जिसमें वरीयता का निर्धारण में कई विसंगतियां थी उसे दबाव बना कर पंचायतों से ग्राम सभा से अनुमोदन करवा लिया गया। जिस से कई अति योग्य लाभुकों का नाम वरीयता क्रमांक में नीचे चला गया है तथा कई लाभुक जो एक ही वार्ड या परिवार से हैं उनका नाम क्रमबद्ध है, जिस कारण पूरे पंचायत में अति योग्य लाभुकों को आवास योजना का लाभ देने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। इस लिए संघ सरकार से यह मांग करती है,की वरीयता का निर्धारण का अधिकार ग्राम सभा को दिया जाय जिस तरह सेपूर्व में भी प्रधानमंत्री आवास योजना में सरकार द्वारा दिया गया था। बैठक में यह तय हुआ कि 20 फरवरी को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का आगमन गिरिडीह स्टेडियम में अबुवा आवास का स्वीकृति पत्र को लेकर कार्यक्रम प्रस्तावित है, उसी दिन संघ का एक शिष्ट मंडल मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन दे कर उन्हें अवगत कराया जाएगा तथा उनसे इस विषय पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आग्रह करेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष भागीरथ मंडल ने किया संचालन गिरिडीह प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर आलम ने किया इस बैठक में महामंत्री मुकेश यादव,संरक्षक महेंद्र प्रसाद वर्मा, मो० शमीम, पिंकेश सिंह, यशोदा देवी, रागिनी सिन्हा,रविंद्र मंडल, अनूप राय, कैलाश प्रसाद यादव,मेराज अंसारी आदि सैकड़ों मुखिया उपस्थित हुए।

### गोंदूडीह हिलटॉप आउटसोर्सिंग की जांच में मिली गड़बड़ी

**धनबाद।** बीसीसीएल के अधीन काम करनेवाली गोंदूडीह की हिल टॉप आउटसोर्सिंग कंपनी की प्रशासनिक टीम ने जांच की। जांच में कई गड़बड़ियां मिली हैं। जांच टीम ने मौके से पांच वाहन भी जब्त किए हैं। वाहनों के कागजात मौके पर नहीं सौंपे गए। जांच की अगुवाई एसडीओ उदय रजक ने की। जांच टीम में डीटीओ, डीएमओ, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी, डीएसपी, माइनिंग इंस्पेक्टर तथा पुटकी के सीओ भी शामिल थे। डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर टीम जांच को गई थी। जल्द ही जांच रिपोर्ट डीसी को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार आगे की कार्रवाई होगी। जांच के लिए गई टीम के अधिकारी ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी तय नियमों तथा शर्तों का पालन नहीं कर रही थी। प्रदूषण नियत्रंण के उपाय भी पूरी तरह से नहीं किए गए हैं। पानी का भी छिड़काव नहीं किया जा रहा है। ओबी (ओवरबर्डेन) की डंपिग में भी नियम तथा शर्तों का पूरी तरह से पालन नहीं हो रहा है।

### ग्रामीणों के बीच निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य सेवा शिविर आयोजित

# शिविर में 376 मरीजों का किया गया इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा देने की परंपरा को बरकरार रखते हुए रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर एवं महेशलुंडी के मुखिया शिवनाथ साव के सहयोग से एक बार फिर पंचायत महेशलुण्डी में ग्रामीणों के बीच निशुल्क मेगा स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन क्लब के सदस्य डॉक्टर परिमल कुमार सिन्हा की देखरेख में किया गया। इनके अलावा फिजिशियन डॉक्टर विकास कुमार, हड्डी एवं नस विशेषज्ञ डॉक्टर रितेश कुमार सिन्हा, नेत्र सर्जन डॉक्टर वीरेंद्र कुमार, दंत चिकित्सक डॉक्टर एस.के. तरवे के द्वारा मरीजों की निशुल्क जांच की गई एवं उनके बीच निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सदस्य रो. डॉक्टर परिमल कुमार सिन्हा, रो. डॉक्टर रितेश कुमार सिन्हा, अध्यक्ष सीए दीपक संथालिया, कोषाध्यक्ष सुजय राज गुप्ता, सीए रवि गाड़िया, सीए आकाश रोशन, विकास शर्मा, अभिषेक छपेरिया, सुबोध मोदी, मनीष गुप्ता, सीए सुमित अग्रवाल, विकास सिन्हा, राजेंद्र तरवे, ज्योति प्रकाश गुप्ता, उदयन बनर्जी का विशेष योगदान रहा। बताते चलें कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में महेशलुंडी पंचायत के मुखिया शिवनाथ साहू का भरपूर योगदान रहा। शिविर मे 376 मरीजों का इलाज किया गया। ग्रामवासी इस तरह के मेगा कैंप के आयोजन से बहुत खुश दिखे और उन्होंने क्लब के सदस्यों से आग्रह किया की आगे भी कैंप लगाते रहे ताकि हमलोग अपना हेल्थ चेकअप कराते रहे और स्वस्थ लाभ लेते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश कांधवे, जगदीश दास, राहुल साव, देवानंद दास, राजू ठाकुर, सुरेश मोहली, अनिल ठाकुर, जगत पासवान, सागर कुमार आदि लोगों का सहयोग रहा।

# भारत-कतर समझौते के मायने

**भारत** विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। अनुमान है कि देश में प्राथमिक ऊर्जा मांग 2050 तक दोगुनी हो जाएगी। भारत की मौजूदा आर्थिक विकास दर 7.5 प्रतिशत से अधिक है। आर्थिक तरक्की को गति देने और समावेशी विकास के लिए ऊर्जा की नई साझेदारियां विकसित करनी होंगी। इस दिशा में भारत ने कतर के साथ 20 साल के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के आयात का समझौता किया है। 78 अरब डॉलर का यह समझौता ऊर्जा आपूर्ति के लिए निर्णायक हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक कंपनी पेट्रोनेट लि. हर साल 75 लाख टन गैस खरीदेगी। प्राकृतिक गैस की मदद से देश में बिजली, उर्वरक और सीएनजी की उपलब्धता टिकाऊ होगी। देश में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए 35 हजार किलोमीटर लंबी 'वन नेशन-वन गैस ग्रिड' स्थापित की जा रही है, जिसका उद्देश्य दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों तक पीएनजी और एलएनजी की उपलब्धता आसान बनाना है। हमारी ऊर्जा जरूरतों में अभी प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी छह प्रतिशत है। इस दशक के अंत तक इसे 15 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। प्राकृतिक गैस शून्य कार्बन उत्सर्जन से जुड़े लक्ष्यों को पूरा करने में भी सहायक होगी।इस समझौते से वर्तमान भाव पर भारत को 0.8 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट की बचत होगी, जिससे 2048 तक देश को छह अरब डॉलर का लाभ होगा। साथ ही, भारत के एलएनजी आयात में कतर की हिस्सेदारी लगभग 35 प्रतिशत हो जाएगी। प्राकृतिक गैस आयात को लेकर इससे पहले दोनों देशों के बीच 1999 में समझौता हुआ था, जो 2028 में समाप्त होगा। अमेरिका के बाद कतर एलएनजी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी अपनी क्षमता को 2027 तक बढ़ाकर 12.6 टन सालाना करेगी।भारत और कतर गैस समझौता देश की सधी हुई ऊर्जा कूटनीति का परिणाम है। अभी हम अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत तेल आयात करते हैं। प्राकृतिक गैस के मामले में यह अनुपात लगभग 56 प्रतिशत है। तेल और गैस के लिए खाड़ी देशों पर हमारी निर्भरता अधिक रही है। इससे हमें ओपेक की मनमानी का सामना करना पड़ता था। इसलिए पिछले वर्ष भारत ने सबसे अधिक कच्चे तेल की खरीदारी रूस से की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष देश ने रूस से प्रतिदिन 16.6 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीदारी की है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत परिशोधित (रिफाइंड) पेट्रोलियम उत्पादों का न सिर्फ बड़ा केंद्र बना, बल्कि यूरोप को सस्ती दर पर परिशोधित पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात भी किया। इससे ऊर्जा क्षेत्र के बड़े बाजार में भारत की मौजूदगी बढ़ने से ओपेक की मनमानी घटेगी।पिछले दिनों गोवा में आयोजित ऊर्जा सप्ताह के दौरान भारत की ऊर्जा विविधिकरण को दुनिया ने देखा। इस दौरान भारत-कतर गैस समझौते के साथ ही भारतीय कंपनियों ने कई नवाचार पेश किए। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने मेक इन इंडिया के अंतर्गत स्वदेशी अल्कलाइन (क्षारीय) इलेक्ट्रोलाइजर पेश किया, जो दुनिया में सबसे सस्ता इलेक्ट्रोलाइजर है। भाभा परमाणु शोध संस्थान के सहयोग से इसका प्रोटोटाइप मॉडल तैयार कर लिया गया है।

> **आर्थिक तरक्की को गति देने और समावेशी विकास के लिए ऊर्जा की नई साझेदारियां विकसित करनी होंगी। इस दिशा में भारत ने कतर के साथ 20 साल के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के आयात का समझौता किया है। 78 अरब डॉलर का यह समझौता ऊर्जा आपूर्ति के लिए निर्णायक हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक कंपनी पेट्रोनेट लि. हर साल 75 लाख टन गैस खरीदेगी। प्राकृतिक गैस की मदद से देश में बिजली, उर्वरक और सीएनजी की उपलब्धता टिकाऊ होगी।**

इन दिनों

# देश ने एक महानतम जैन संत आचार्य विद्यासागर को खोया


विजय केसरी

**आज** देश में जैन धर्म के एक महानतम संत विद्यासागर जी महाराज को खो दिया है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज का संपूर्ण जीवन जैन धर्म व सत्य और अहिंसा के प्रचार में बीता था। भगवान महावीर के सत्य और अहिंसा के अमर संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में उनके अवदान को कभी विश्व अमृत नहीं किया जा सकता है। नाम के अनुरूप विद्यासागर जी का स्वभाव था । वे बचपन से ही सहज, सरल और मृदुभाषी स्वभाव के रहे थे । उनका यह स्वभाव जीवन के अंतिम क्षण तक बना रहा था। विद्यासागर जी महाराज का बचपन से ही आध्यात्मिक की ओर झुकाव था। वे जिसे मिलते थे, प्रेम से मिलते थे। वे अपनी बातों को प्रेम के साथ ही रखा करते थे। ऐसे उनका पूरा परिवार आध्यात्मिक प्रकृति का रहा था। विद्यासागर जी महाराज का एक आध्यात्मिक परिवेश में लालन पालन हुआ था। विद्यासागर जी के परिवार के सात सदस्यों ने सत्य और अहिंसा के प्रचार में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। विद्यासागर जी महाराज की विद्वता भारत सहित पूरे विश्व में फैली हुई थी। विद्यासागर जी के शिष्य जैन धर्म के अलावा अन्य धर्म लंबी भी हैं। वे जैन मुनि आचार्यों की श्रेणी में सबसे शीर्ष पर विराजमान रहे थे। इनकी कही बातों का भक्तों पर बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ता था। विद्यासागर जी महाराज के प्रवचन कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या में भक्तगण जुटा करते थे। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समाधि ले लेने से संपूर्ण देश में शोक व्याप्त है। लाखों की संख्या में हर धर्म, पंथ और विचार के लोग अपने-अपने स्तर से शोक संवेदना प्रकट कर रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज कितने लोकप्रिय व महानतम संत थे। आचार्य विद्यासागर जी महाराज जितने बड़े विद्वान थे, उतने ही प्रखर वक्ता भी रहे थे। उन्होंने जैन धर्म पर कई अनमोल पुस्तकों की रचना भी की थी। उनकी पुस्तकें विश्व भर में पढ़ी जाती हैं। 1980 में विद्यासागर जी महाराज का हजारीबाग की पवित्र धरती पर आगमन हुआ था ।हजारीबाग जैन धर्मावलंबियों सहित विभिन्न धर्मावलंबियों ने मिलजुल कर उनका शानदार स्वागत किया था। उनका हजारीबाग में प्रवास के दौरान प्रवचन कालजयी प्रवचन था। जिन लोगों ने भी विद्यासागर जी महाराज का वह प्रवचन सुना था, आज भी उन सबों के स्मृति में है। महाराज ने एक सेकंड के महत्व पर अपनी बातों को रखा था। उन्होंने प्रश्न खड़ा कर कहा था कि एक सेकंड का आपके जीवन में क्या महत्व है? एक सेकंड के अंतराल में जीवन और मृत्यु बिल्कुल निकट से एक दूसरे से मिलकर गुजर जाते हैं। एक सेकंड में प्रकृति कितना बदल जाती है। एक सेकंड के अंतराल में मनुष्य के जीवन में क्या-क्या बदलाव हो सकते हैं? उन्होंने कहा था कि मनुष्य का जीवन बहुत ही अनमोल है। कई योनियों से विचारण के पश्चात मनुष्य की योनि प्राप्त होती है। समय, एक-एक सेकंड कर आगे बढ़ता ही रहता है। एक सेकंड किसी भी सेकंड का इंतजार नहीं करता है। जो महापुरुष महान बने हैं, उन सबों ने अपने एक सेकंड का बिना समय गंवाये सदुपयोग किए तभी वे सब महापुरुष बन पाए थे । एक सेकंड पर उनका सारगर्भित प्रवचन आज भी लोग याद कर अभिभूत हो जाते हैं। मैं भी इस प्रवचन से पूर्व एक सेकंड के महत्व पर इतना सारगर्भित प्रवचन नहीं सुना था। 18 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्तिथ चंद्रगिरी तीर्थ में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का सल्लेखना व्रत के द्वारा समतापूर्वक समाधि मरण हुआ। समाधी की अवस्था में भी उनके चेहरे पर एक आभा प्रकट हो रही थी। उनके चेहरे पर मुस्कान बनी हुई थी। जैसे लग रहा था कि अब वे बोल उठेंगे। आचार्य विद्यासागर जी महाराज के समाधी पर चले जाने से जैन समाज ने एक महान संत को खो दिया, के समान है। उनका जाना अथवा समाधि पर चले जाने के शोक स्वरूप अखिल भारतीय जैन समाज ने अपने-अपने कारोबार को पूरी तरह बंद रखा है। जैन मंदिरों में उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभाएं



और विशेष प्रार्थना की जा रही हैं ।इसके साथ ही विविध धर्मलंबी भी उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को विद्याधर के रूप में हुआं था । उनकी जन्मभूमि कर्नाटक के बेलगाँव जिले के सदलगा थी। इस दिन शरद पूर्णिमा के था। उनके पिता श्री मल्लप्पा थे, जो बाद में मुनि मल्लिसागर बने थे ।उनकी माता श्रीमंती थी, जो बाद में आर्यिका समयमति बनी थी। विद्यासागर जी को 30 जून 1968 में अजमेर में 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञानसागर ने दीक्षा दी थी, जो आचार्य शांतिसागर के वंश के थे। आचार्य विद्यासागर को 22 नवम्बर 1972 में ज्ञानसागर जी द्वारा आचार्य पद दिया गया था। वे भारतवर्ष के एक ऐसे परिवार में जन्म लिए थे। जिनका परिवार आध्यात्मिकता से उत्प्रोत रहा । इतनी संख्या में एक ही परिवार से मुनि और आचार्य बनना अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है। विद्यासागर जी के मुनि बन जाने के पश्चात उनके भाई सभी घर के लोग संन्यास ले चुके थे। उनके भाई अनंतनाथ और शांतिनाथ ने आचार्य विद्यासागर से दीक्षा ग्रहण की और मुनि योगसागर और मुनि समयसागर कहलाये। उनके बडे भाई भी उनसे दीक्षा लेकर मुनि उत्कृष्ट सागर जी महाराज कहलाए। आचार्य विद्यासागर जी महाराज संस्कृत, प्राकृत सहित विभिन्न आधुनिक भाषाओं हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में विशेषज्ञ स्तर का ज्ञान रखते थे। उन्होंने हिन्दी और संस्कृत के विशाल मात्रा में रचनाएँ की थीं। विश्व भर के कई शोधार्थियों ने उनके कार्य का मास्टर्स और डॉक्ट्रेट के लिए अध्ययन किया है। उनके कार्य में निरंजना शतक, भावना शतक, परीषह जाया शतक, सुनीति शतक और शरमाना शतक शामिल हैं। उन्होंने काव्य मूक माटी की भी रचना की थी। उनका यह काव्य ग्रंथ बहुत ही लोकप्रिय है। विभिन्न संस्थानों में यह काव्य ग्रंथ स्नातकोत्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है। आचार्य विद्यासागर कई धार्मिक कार्यों में प्रेरणास्त्रोत रहे थें। आचार्य विद्यासागर के शिष्य मुनि क्षमासागर ने उन पर आत्मान्वेषी नामक जीवनी लिखी है। इस पुस्तक का अंग्रेजी अनुवाद भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित हो चुका है। प्रणम्यसागर ने उनके जीवन पर अनासक्त महायोगी नामक काव्य की रचना की है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज एक आचार्य मुनि के साथ भाषा साहित्य के भी मर्मज्ञ विद्वान थे। वे विविध भाषाओं के ज्ञाता थे। आठ भाषाओं पर उनकी विशेष पड़ थी। वे आठ भाषाओं में धारा प्रवाह प्रवचन करते थे। उनकी हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी आदि भाषाओं में एक दर्जन से अधिक मौलिक रचनाएँ प्रकाशित हैं। सभी रचनाएं अपने आप में बेमिसाल हैं। उनकी लगभग सभी कृतियां बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से पढ़ी जाती हैं। उनकी प्रमुख कृतियों में 'नर्मदा का नरम कंकर', 'डूबा मत लगाओ डुबकी', 'तोता रोता क्यों ?', 'मूक माटी' आदि शामिल हैं। ये सभी कालजई ग्रंथ बन चुके हैं। इसके साथ ही विद्यासागर जी महाराज ने अपने जीवन काल में देश भर के विभिन्न विशिष्ट मंचों से प्रवचन दिया था। इन प्रवचनों पर आधारित सैकड़ो की संख्या में वीडियो और ऑडियो कैसेट ते बाजार में उपलब्ध है।

## काव्य कोना

### सन्नाटा और संत्रास

सन्नाटा और संत्रास
स्थिति- परस्थिति
जिन्दगी - अजब तुम्हारी चाल
कभी-कहीं शान्ति
हवा में तैरती आशंका
आभास भी नहीं
मानो निषेधाज्ञा में दबे पदचापों की
आवाज।
दुसरी तरफ सन्नाटा
डर से थरार्ता मन
अबूझ पहेली सुलझाने की कोशिश
पूस की अमावस की रात में
श्मशान की नीरवता
मानो युद्ध के हाहाकर के बाद
सन्नाटा और संत्रास ।

■ नाग मणि

## आपकी बात

### प्रथम पृष्ठ पर प्रथम श्रेणी के आलेख


विजय केसरी

**ऋतुराज** वसंत मास पर शानदार आलेख पढ़ा। आपने वसंत की व्याख्या बहुत ही अच्छे ढंग से की है। वसंत मास से जुड़ी कई पौराणिक कथाओं की जन्मदात्रियों का भी वर्णन किया है। इसी पवित्र मास में कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ था । माता लक्ष्मी का भी आगमन हुआ था। कामदेव मदन का भी आगमन इसी मास में हुआ था। आपने वसंत की कोकिला सुभद्रा कुमारी चौहान का भी जिक्र किया। बहुत ही शानदार तरीके से वसंत ऋतु का वर्णन किया है।।वसंत का हमारे जीवन से कैसा संबंध है? वसंत ऋतु पर हमारे धर्म ग्रंथो में इसकी क्या महता है? इस पर भी विस्तार से चर्चा की है। आलेख पढ़कर मन मस्तिष्क वसंत - वसंत हो गया है।? आज का बाहर मौसम भी वसंत नुमा ही है। ऐसे में आपके आलेख का पाठन और भी मोहक बना दिया है। कल देश भर में कला की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना बहुत ही विधि विधान के साथ संपन्न हुई। आज संध्या में माता का विसर्जन होना है। ऐसे में आपका यह आलेख इसे और भी मोहक व सुंदर बना दिया है। आज की युवा पीढ़ी मस्ती और आनंद के लिए इधर-उधर भागते देखे जाते हैं । इस आलेख ने युवा पीढ़ी के लोगों को वसंत ऋतु के महत्व के संबंध में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियां दी है। अगर आज की पीढ़ी वसंत ऋतु के पौराणिक महत्व को समझ लें तो वैलेंटाइन डे अथवा अन्य डे की जरूरत नहीं पड़ेगी। जीवन से निराश हो चुके लोग, जीवन के महत्व को समझें। यह जीवन बहुत ही बेशकीमती और अनमोल है। लाखों वर्षों की तपस्या के बाद यह मनुष्य जीवन मिल पाता है। जीवन बहुत ही बेशकीमती और अनमोल है। लाखों वर्षों की तपस्या के बाद यह मनुष्य जीवन मिल पाता है। वसंत ऋतु इस जीवन के महत्व को हमारे समक्ष ऋतु के माध्यम से प्रस्तुत करता है। यह मानवीय जीवन प्रेम और उल्लास से भरा है। यह जीवन परोपकार के मार्ग पर चलने को प्रशस्त करता है । आनन्द के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। वसंत तो हमारे अंदर ही विद्यमान है। वनस्पति कि खुद के वसंत को निहारने की। बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री पर एक शानदार आलोचनात्मक आलेख प्रस्तुत किया है। अगर बॉलीवुड अपने वास्तविक स्वरूप में वापस नहीं लौटता है, तब आने वाले समय में उसकी पहचान और लोकप्रियता कम होती चली जायेगी। वहीं बेहतर कहानी, अच्छे निर्देशन और गीत संगीत के बल पर दक्षिण भारत की फिल्में देशभर में लोकप्रिय हो रही हैं। दक्षिण भारत की बनी फिल्में दर्शकों की पहली पसंद बनती चली जा रही है। यह इसलिए हुआ? चूंकि बॉलीवुड की निर्माणाधीन अधिकांश हिट फिल्मों में माफिया के पैसे लगे होते हैं। साथ ही ज्यादातर फिल्में विदेशों की नकल पर बनी होती हैं। प्रारंभिक दौर पर ऐसी फिल्में सफल जरूर हुईं, लेकिन भारतीय दर्शकों को ज्यादा आकर्षित नहीं कर पाईं। परिणाम सामने है। बॉलीवुड की स्थापना जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ था। आज उसकी दिशा पूरी तरह बदल चुकी है। बॉलीवुड के बदलते स्वरूप के कारण उसका परिणाम हमारे सामने है।

– हजारीबाग।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

अर्थव्यवस्था

# दुनिया भर में बढ़ रही है गरीबों की संख्या


योगेश कु. गोयल

**सामाजिक** असमानता की खाई निरंतर बढ़ रही है। जिससे आम आदमी की आय में बेहद कम बढ़ोतरी हो रही है जबकि अमीर वर्ग की सम्पत्ति कई गुना बढ़ी है। न केवल भारत बल्कि दुनिया के कई देशों में आर्थिक असमानता की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत गैर सरकारी संगठन 'ऑक्सफैम इंटरनेशनल' ने पिछले महीने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में आर्थिक असमानता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया था कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान अमीरी और गरीबी की खाई पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ी है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कई चिंताजनक बातें उभर कर सामने आई थी। 2020 के बाद से अब तक दुनिया में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया था कि एक ओर जहां गिने-चुने लोगों की बेतहाशा कमाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर अरबों लोग गरीब होते जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के शीर्ष 5 अमीरों की दौलत बीते चार वर्षों के दौरान 405 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुनी से अधिक बढ़ कर 869 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई, जिसका स्पष्ट अर्थ है कि इन चार वर्षों के दौरान इन पांच सबसे अमीर लोगों की हर घंटे 14 मिलियन डॉलर (करीब 116 करोड़ रुपये) की कमाई हुई। ऑक्सफैम के मुताबिक सबसे अमीर लोगों ने सांठ-गांठ वाले पूंजीवाद और विरासत के जरिये बनाई गई सम्पत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प लिया है जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया कि एक ओर जहां दुनिया के कुछ गिने-चुने लोगों की दौलत रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है, अमीर लगातार और ज्यादा रईस होते जा रहे हैं, वहीं गरीबों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, लोगों की आमदनी घट रही है। ऑक्सफैम का कहना है कि यदि दुनिया के सभी अरबपतियों की नेटवर्थ जोड़ लें तो इसमें 4 वर्ष में कई बड़े देशों की जीडीपी से भी ज्यादा वृद्धि हुई है।

> **2020 के बाद से अब तक दुनिया में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया था कि एक ओर जहां गिने-चुने लोगों की बेतहाशा कमाई हो रही है।**


बोधि वृक्ष

# रांची का पहाड़ी मंदिर

शिवरात्रि और सावन के महीने में शिव भक्तों की एक बड़ी भीड़ यहाँ आती है। झारखंड की राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर की कहानी बड़ी दिलचस्प है। पहाड़ पर स्थित भगवान शिव का यह मंदिर देश की आजादी से पहले अंग्रेजों के कब्जे में था और वे यहां स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी पर लटकाते थे। स्वतंत्रता के बाद से, इस मंदिर पर धार्मिक ध्वज के साथ स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के साथ राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया जाता है। यह देश का पहला मंदिर है जहां तिरंगा फहराया गया है। रांची रेलवे स्टेशन से 7 किमी दूर स्थित भगवान शिव के इस मंदिर को पहाड़ी मंदिर के नाम से जाना जाता है। पहाड़ी बाबा मंदिर का पुराना नाम तिरिबुरु था, जो बाद में ब्रिटिश काल में 'हैंगिंग गैरी' में बदल गया, क्योंकि ब्रिटिश शासन के तहत स्वतंत्रता सेनानियों को यहां फांसी दी गई थी।



**रांची पहाड़ी मंदिर इंडियन फ्लैग**
आजादी के बाद पहली बार रांची में पहला तिरंगा झंडा फहराया गया था, जिसे रांची के एक स्वतंत्रता सेनानी कृष्ण चंद्र दास ने फहराया था। उन्होंने यहां शहीद स्वतंत्रता सेनानियों की याद और सम्मान में तिरंगा फहराया। उस समय से, हर साल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर यहां तिरंगा फहराया जाता है। **पहाड़ी मंदिर में एक पत्थर है, जिस पर देश की आजादी का मैसेज 14 और 15 अगस्त, 1947 की आधी रात को लिखा गया है।** (समाप्त)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# राजनीतिक दलों के बाजीगर और चुनावी शतरंज


ललित गर्ग

**2024** के लोकसभा चुनाव को लेकर शतरंज की बिसात बिछ रही है। कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने शतरंज की चालों की तरह अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। एक-एक मोहरे को ठीक जगह रख रहे हैं। कोई प्यादों से लड़ने की, तो कोई वजीर से लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। कुछ प्यादे, वजीर बनने की फिराक में हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 का लक्ष्य लेकर ही चालें चल रही है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी अपनी चालों को फीट करने में जुटें हैं। शतरंज की एक विशेषता है कि राजा कभी अकेले से शिकस्त नहीं खाता और यही हम आगामी चुनाव के बन रहे दृश्यों से महसूस कर रहे हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है। शतरंज के खेल की भांति राजनीति में भी कब किस घोड़े को और किस सैनिक को ऊंट को मारना है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके, ये कला आनी चाहिए। इस कला में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। वह राजनीतिक शतरंज की चालों में माहिर है और उसकी दृष्टि नये बन रहे राजनीतिक जोड़-तोड़ पर लगी है। भाजपा की एक चाल के बाद विरोधी कितनी चाल चल सकता है, भाजपा के घोड़े ऊंट सैनिक को मारने के लिए विपक्षी दल क्या चाले चल सकते हैं, इस बात का भाजपा को पहले से ज्ञान है, उसे यह भी पता है कि वह कितने प्यादों को खो सकता है।

> **भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं।**

## टेक वर्ल्ड

### जीमेल के छिपे हुए फीचर्स से अपने काम को करें आसान

दावा किया जा रहा है कि ओपनएआई टूल को कुछ वर्षों पहले भी पेश किया गया था। मगर ये भी दावा किया गया है कि ओपन एआई की क्वालिटी पूर्व की तकनीक के मुकाबले काफी आगे है। कंपनी ने गुरुवार को सोरा को पेश किया है, जो कि एआई संचालित वीडियो जनरेशन टेक्नोलॉजी है। हालाँकि, फिल्म उद्योग पर इसके संभावित प्रभाव और डीपफेक सामग्री के प्रसार पर चिंताएँ बढ़ रही हैं। ओपनएआई के ब्लॉग पोस्ट के अनुसार, सोरा कई पात्रों, सूक्ष्म गति गतिशीलता और विषयों और पृष्ठभूमि दोनों के जीवंत विवरण वाले जटिल दृश्यों का निर्माण करने की क्षमता का दावा करता है। मॉडल की समझ उपयोगकर्ता के संकेतों से परे फैली हुई है, जिसमें वास्तविक दुनिया की फिजिक्स की समझ शामिल है।




**जानें क्या है ओपनएआई :** बता दें कि सोरा ओपन एआई एक टूल है, जिसके जरिये लिखे हुए शब्दों के आधार पर तत्काल वीडियो को बनाया जा सकता है। चैटजीपीटी में सवाल को लिखकर पूछा जाता है। सोरा में लिखकर वीडियो बनाये जाने का विकल्प भी उपलब्ध है। बता दें कि सोरा का सीधा मुकाबला मिडजर्नी जैसे टेक्स्ट टू वीडियो एआई टूल से होने वाला है। एआई वीडियो ओपनएआई का सोरा के एआई-संचालित टूल के मौजूदा सूट का पूरक है, जिसमें चैटजीपीटी और डैल-ई शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ये टूल डिफ्यूजन मॉडल पर काम करता है। सोरा वीडियो को शुरू में धुंधले, स्थिर-भरे फ्रेमों से पॉलिश, उच्च-निष्ठा के सिक्वेंस में बनाता है। (क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हड़कंप : मध्यप्रदेश के करेरा के जंगल में मृत मिली सैकड़ो गायें, जांच में जुटे अधिकारी

**एजेंसी। शिवपुरी**

मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के करेरा के ग्राम सिलारपुर के निकट जंगली क्षेत्र में एक साथ सैकड़ो गायों के शव मिलने से इस क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच कराई जा रही है। सिलारपुर ग्राम पंचायत के सरपंच अरविंद लोधी के अनुसार ग्रामीणों ने कल एक साथ इतनी बड़ी संख्या में गायों के शव देख तो पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गयी। तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन एवं पुलिस को दी गयी। उन्होंने बताया कि इन गायों में कुछ ऐसी भी है जो जिंदा है, लेकिन उठ नहीं पा रही है और धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। पूरी जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।



# अपराधियों ने जदयू नेता को मारी गोली, पटना रेफर

**एजेंसी। नवादा**

नवादा में अपराधियों ने रविवार को एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के ओड़ो गांव में जनता दल यूनाइटेड के जिला सचिव को अपराधियों ने गोलियों से घायल कर दिया है। उन्हें चिंताजनक हालत में नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। ओड़ो गांव के रहने वाले जनता दल यूनाइटेड के जिला सचिव अर्जुन यादव को अपराधियों ने तीन गोली मारी है। एक गोली अर्जुन यादव के जांघ में लगी है ,वहीं दो गोली साइड से निकल गई। गोली मारने के बाद अपराधी आराम से फरार हो गए। अर्जुन यादव के द्वारा हल्ला किया गया तो



गांव के लोग दौड़कर आए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोली मारने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अर्जुन यादव ने कहा कि उन्होंने गोली मारने वालों में से एक व्यक्ति को पहचान लिया है। उन्होंने बताया कि तीन की संख्या में अपराधी आए और फायरिंग करने लगे। गांव में सरस्वती पूजा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, उसी को देखने के बाद वे अपने खेत की फसल को देखने के लिए गए थे, वहीं उन्हें गोली मारकर घायल किया गया है।

## अगले 10 दिनों में विपक्षी दलों के कई बड़े नेता भाजपा में हो सकते हैं शामिल : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी के कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि कि अगले 10 दिनों में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के 70 से अधिक बड़े नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन के बाद अनुराग ठाकुर ने रविवार को मीडिया से कहा



कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी नीतियों से प्रभावित हो कर विपक्षी दलों के 70 से अधिक नेता 20 से 29 फरवरी के बीच भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कमलनाथ, नकुलनाथ, मनीष तिवारी के भाजपा में शामिल होने की अटकलें हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ कुछ विधायक भी पाला बदल चुके हैं।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो : डीजीपी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आर.आर. स्वैन ने शनिवार को बताया कि पुलिस एक योजना का पालन करेगी, ताकि भविष्य में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो। डीजीपी ने बारामूला शहर में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "आने वाले दिनों में आप देखेंगे। हम



यह सुनिश्चित करने के लिए एक योजना का पालन करेंगे कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी युवा आतंकवाद में शामिल न हो। हम अपनी योजना को सफल बनाने के लिए माता-पिता, शिक्षकों, नागरिक समाज और मस्जिद प्रमुखों के संपर्क में हैं।"डीजीपी ने कहा कि दाढ़ी बढ़ाने की उम्र से भी पहले युवा जब बंदूक उठाते हैं, तो वे शिकार बन जाते हैं। असली अपराधी वह हैं, जो इन युवा लड़कों के हाथों में बंदूक और पैसे थमाते हैं। हम उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने जा रहे हैं, जो इन युवाओं लुभाते हैं। डीजीपी ने कहा कि पुलिस मुख्यालय से संबंधित मुद्दों को उनके द्वारा जल्दी हल किया जाता है।

## निष्कासित भाजपा नेता पर एक और एफआईआर

**कानपुर।** कानपुर के किसान बाबू सिंह की आत्महत्या मामले के मुख्य आरोपी और निष्कासित भाजपा नेता प्रियरंजन आशु दिवाकर के खिलाफ एक नई एफआईआर दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, नई एफआईआर मृतक किसान के परिजनों को धमकी देने के आरोप में दर्ज की गई है। बाबू सिंह की बेटी रूबी ने चकेरी थाने में



शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि दिवाकर मामले में समझौता करने के लिए परिवार पर दबाव बना रहे थे। रूबी ने कहा कि 15 फरवरी को जब वह घर लौट रही थी, तभी अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका और धमकी दी कि दिवाकर को जमानत मिल गई है। अगर उसके परिवार ने मामला नहीं सुलझाया, तो उस पर तेजाब से हमला किया जाएगा। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कहा कि केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। किसान बाबू सिंह ने 9 सितंबर 2023 को ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपने सुसाइड नोट में आरोप लगाया था कि प्रियरंजन आशु दिवाकर ने उनकी जमीन हड़प ली है।

## बिहार में एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप रिश्तेदारों पर ही लगा है। मृतकों में पिता, पुत्र और पुत्री शामिल है। घटना की पुष्टि बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने की है।





मृतकों की पहचान श्रीपुर गांव निवासी उमेश यादव (60), उनके पुत्र राजेश यादव (25) और पुत्री नीलू कुमारी (21) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार ये सभी अपने एक रिश्तेदार के घर गोविंदपुर गांव आए थे। इसी दौरान यह घटना घटी है। सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधीक्षक खुद भी घटनास्थल पर पहुंचे है। घटना के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्राथमिक जाँच में हत्या का कारण पारिवारिक विवाद सामने आया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## कर्नाटक : कांग्रेस ने कार्यकताओं से लोकसभा चुनाव के लिए समर्थन जुटाने का आह्वान किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को पार्टी कार्यकताओं से आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सबसे पुरानी पार्टी के लिए समर्थन जुटाने के लिए घर-घर जाने का आह्वान किया। शिवकुमार ने शनिवार को मंगलुरु में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा, क्षेत्र की



महिलाएं इस बार कांग्रेस का समर्थन करेंगी क्योंकि वे गारंटी योजनाओं से खुश हैं। हमें आगामी आम चुनावों में कम से कम 20 सीटें जीतने का भरोसा है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से बाहर जाकर वोट मांगने का आग्रह करते हुए कहा, हमने अपने सभी वादों को लागू किया है। शिवकुमार ने कहा, कोई भी अन्य सरकार इस तरह की योजनाओं को लागू करने में कामयाब नहीं हुई है। मंगलुरु क्षेत्र में मेरे दोस्तों को उम्मीद नहीं खोनी चाहिए। यह मत सोचिए कि आपने विधानसभा चुनाव में जिले में केवल दो सीटें जीती हैं और सीटें नहीं बढ़ा पाएंगे। जब सदानंद गौड़ा मुख्यमंत्री थे, हमने अपना उम्मीदवार खड़ा किया और जीत हासिल की। अब जद-एस और भाजपा ने हाथ क्यों मिला लिया है। देवेगौड़ा ने कहा था कि अगर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो वह देश छोड़ देंगे और उन्होंने ऐसा किया भी है।

## एक नजर

### नक्सलियों ने सीएएफ के एक जवान की दिन दहाड़े हत्या कर दी

**बीजापुर।** जिले के कुटरू थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटरू के साप्ताहिक बाजार के पास नक्सलियों ने सीएएफ के जवान तिजाउ राम भुआर्य पर दिन दहाड़े कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी है। सीएएफ जवान तिजाउ राम भुआर्य बलिदान हो गए हैं। वारदात के बाद नक्सली भाग निकले हैं। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएएफ जवान तिजाउ राम भुआर्य कुटरू के दरभा कैम्प में चौथी बटालियन में कंपनी कमांडर के रूप में कार्यरत रहे। बलिदान तिजाऊ राम भुआर्य कांकेर के निवासी हैं। बलिदान कमांडर तिजाउ राम भुआर्य की रविवार सुबह 09 बजे नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर वारदात को अंजाम दिया है।

### आंध्र प्रदेश की राजधानी की कहानी में नया मोड़

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की तीन राजधानियां बनाने की योजना को चार साल बाद भी अमली जामा नहीं पहना पाने के बाद राज्य की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने चुनाव से कुछ सप्ताह पहले राजधानी की कहानी में एक नया मोड़ जोड़ दिया है। वाईएसआरसीपी नेता वाई.वी. सुब्बा रेड्डी का कहना है कि हैदराबाद को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों की संयुक्त राजधानी बनाये रखना चाहिए, जब तक कि आंध्र प्रदेश की अपनी राजधानी न हो। मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के चाचा सुब्बा रेड्डी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि उन्होंने अपनी ओर से कुछ नहीं कहा होगा।

### पंजाब के सात जिलों के 20 थाना क्षेत्रों तक इंटरनेट निलंबन बढ़ाया

**चंडीगढ़।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने इंटरनेट निलंबन को पहले तीन जिलों के 11 थानों से बढ़ाकर सात जिलों के 20 थाना क्षेत्रों तक बढ़ा दिया है। नये आदेश 24 फरवरी की आधी रात तक लागू रहेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र से इंटरनेट निलंबन के आदेश जारी करने पर आपत्ति जताई थी। सीएम ने कहा था कि उन्होंने इस मामले को उठाया है और निलंबन रद्द करने की मांग की है।

# तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए बीआरएस और भाजपा गठबंधन संभव

**एजेंसी। हैदराबाद**

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बीच गठबंधन होने की संभावना है। बीआरएस के कुछ नेताओं ने राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस को रोकने के लिए दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन या सहयोग की संभावना से इनकार नहीं किया है। मीडियाकर्मियों के एक सवाल पर शनिवार को बीआरएस नेता के. कविता के जवाब ने राजनीतिक हलकों में चर्चा को बल दिया है।बीआरएस और भाजपा के बीच संभावित गठबंधन की चर्चा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह पार्टी में मेरी समझ या क्षमता से परे है। बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने कहा, मुझे इन दोनों पार्टियों के बीच हो रही चर्चा के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अतीत के विपरीत, कविता ने सीधे तौर पर भाजपा के साथ गठबंधन से इनकार नहीं किया, जो खुद पार्टी के दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देता है। कुछ बीआरएस नेताओं ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक में भाजपा-जद(एस) गठबंधन की तर्ज पर दोनों दलों के बीच गठबंधन की संभावना का संकेत दिया है। कर्नाटक में चुनाव हारने के कुछ महीने बाद, भाजपा ने देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली पार्टी से हाथ मिला लिया। बीआरएस की तरह जद(एस) भी भाजपा के साथ किसी भी तरह के गठबंधन का कड़ा विरोध कर रही थी। हालाँकि, अंततः कांग्रेस को रोकने के लिए गठबंधन करने का निर्णय लिया गया। बीआरएस नेताओं का मानना है कि उनकी पार्टी के कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के बाद तेलंगाना में भी ऐसी ही स्थिति है। मुख्य विपक्षी दल के कई नेताओं को अपने खेमे में लाकर कांग्रेस पार्टी खुद को मजबूत कर रही है जिससे बीआरएस दबाव में दिख रही है। बीआरएस के नौ लोकसभा सांसदों में से एक कांग्रेस में जा चुके हैं।





## लोकसभा चुनाव के बाद देखोंगे लालू के का प्रस्ताव : गोपाल मंडल

**नई दिल्ली।** बिहार के राजनीतिक गलियारों में 'दरवाजे खुले हैं' नया चुनावी शब्द सामने आया है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल (यूनाइटेड), लालू यादव के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी सहित राज्य की सभी प्रमुख पार्टियां इसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रही हैं। ताजा घटनाक्रम में जदयू विधायक गोपाल मंडल की रविवार को खुले दरवाजे विवाद पर की गई टिप्पणियों ने बिहार की 'लहराती' राजनीति को नया रंग दे दिया है। जदयू विधायक ने कहा कि राजनीति में दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। लेकिन नीतीश कुमार एनडीए में बने रहने के लिए यहां हैं और वह महागठबंधन में नहीं जाएंगे। आगे कहा कि दरवाजे हमेशा खुले हैं, अगर जरूरत पड़ी तो स्विचओवर गेम शुरू हो सकता है। जब बिहार के सीएम को लालू के सद्भाव के बारे में पूछा गया तो सत्तारूढ़ दल के विधायक ने जवाब दिया, ₹सरकार को 2024 के चुनाव तक चलने दें, उसके बाद हम देखेंगे₹। गोपाल मंडल की टिप्पणी बिहार में 'पावरप्ले' को नई गति देने के लिए तैयार है। विशेष रूप से, जदयू द्वारा राजद से नाता तोड़ने और भाजपा के साथ सरकार बनाने के बाद राजद प्रमुख लालू यादव ने पत्रकारों से कहा था कि उनके दरवाजे 'पुराने दोस्त' नीतीश कुमार के लिए हमेशा खुले हैं।

## विजय की नई राजनीतिक पार्टी पदाधिकारियों की बैठक करेगी आयोजित

**चेन्नई।** तमिल सुपर स्टार विजय ने 2 फरवरी 2024 को अपनी राजनीतिक पार्टी तमिझागा वेत्री कजगम (टीवीके) लॉन्च की थी। विजय का कहना है कि उनका लक्ष्य 2026 का विधानसभा चुनाव है। आगामी आम चुनाव में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। विजय के दफ्तर से एक प्रेस बयान जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि टीवीके 19 फरवरी 2024 (सोमवार) को सुबह 9 बजे पनियूर में पार्टी मुख्यालय में अपने पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करेगी। बैठक में पार्टी के जिला पदाधिकारी और प्रदेश पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। बैठक में 2024 के आम चुनाव को लेकर फैसलों की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि आईएएनएस ने पहले खबर दी थी कि विजय आम चुनाव में भाजपा की ओर मदद का हाथ बढ़ा सकते हैं। हालांकि, विजय और उनके पदाधिकारी चुनावों में भाजपा को दिए जाने वाले संभावित समर्थन से सहमत नहीं हैं। तमिलनाडु में दो पूर्व मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन (एमजीआर) और जे. जयललिता तमिल दुनिया के सुपरस्टार थे। डीएमके नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मुथुवेल करुणानिधि तमिल फिल्म उद्योग के अग्रणी स्क्रिप्ट राइटरों में से एक थे।

# असम के जेल में मिले स्पाई कैम, सिम व फोन

### इसी जेल में बंद है खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह

**एजेंसी। गुवाहाटी**

असम पुलिस ने शनिवार को कहा कि उन्हें डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के आरोपियों की कोठरियों से कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट मिले हैं। खालिस्तानी समर्थक कट्टरपंथी समूह वारिस पंजाब दे₹ (डब्ल्यूपीडी) के 10 सदस्यों को डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल में बंद कर दिया गया है, जिसमें इसके नेता अमृतपाल सिंह और उसके एक चाचा भी शामिल हैं।

विघटित समूह के खिलाफ एक ऑपरेशन के दौरान पंजाब में कई स्थानों से पकड़े जाने के बाद पिछले साल 19 मार्च से उन्हें जेल में रखा गया है।पुलिस महानिदेशक जी.पी. सिंह ने कहा कि अनधिकृत गतिविधि की सूचना मिलने के बाद जेल कर्मचारियों ने परिसर की तलाशी ली।तलाशी के दौरान जब्त किए गए तकनीकी उपकरणों में एक सिम के साथ एक स्मार्टफोन, एक कीपैड फोन, एक कीबोर्ड के साथ एक टीवी रिमोट, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ हेडफोन, स्पीकर और एक



स्पाई-कैम पेन शामिल है। सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, इन अनधिकृत सामानों के स्रोत और उन्हें उपलब्ध करने के तरीकों का पता लगाया जा रहा है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।"हालाँकि, असम के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने अपने पोस्ट में अमृतपाल सिंह या डब्ल्यूपीडी के नाम का उल्लेख नहीं किया।चूंकि पंजाब के कट्टरपंथी संगठन के सदस्य डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद थे, इसलिए एक बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसमें नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे और खराब सीसीटीवी कैमरे या तो ठीक कर दिए गए थे या बदल दिए गए थे।

# संदेशखाली में सार्वजनिक बैठक रद्द, धारा 144 जारी

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर बढ़ते विवाद के बीच, तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को होने वाली अपनी सार्वजनिक बैठक रद्द कर दी है। राज्य मंत्रिमंडल के दो सदस्य, सिंचाई मंत्री पार्थ भौमिक और अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस, दोपहर में संदेशखाली जाएंगे। दोनों नेता स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद जनसभा का दिन तय करेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि रविवार को संदेशखाली में सार्वजनिक बैठक रद्द करने का निर्णय शनिवार रात को लिया गया। इसके कुछ घंटों पहले यौन उत्पीड़न और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के दूसरे नेता शिबू हाजरा को राज्य पुलिस ने एक ठिकाने से गिरफ्तार किया था। राज्य मंत्रिमंडल के एक वरिष्ठ सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर कहा,वहां अभी तक पूरी तरह सामान्य स्थिति बहाल नहीं हुई है। अभी भी धारा 144 लगी हुई है। वहीं राज्य परिषद द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षाएं चल रही हैं। इसलिए किसी भी सार्वजनिक बैठक से परीक्षार्थियों को असुविधा हो सकती है। इसलिए सभी कारकों पर विचार करते हुए और एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के रूप में हमने रविवार को बैठक रद्द करने का फैसला किया है।



## यौन उत्पीड़न मामले में दूसरा मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के दो प्रमुख आरोपियों में से एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता शिबू हाजरा को राज्य पुलिस ने शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया। जैसा कि पुलिस ने बताया था, संदेशखाली में एक ठिकाने से उसकी गिरफ्तारी हाजरा और एक अन्य मुख्य आरोपी उत्तम सरदार के खिलाफ बलात्कार और हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज करने के कुछ ही घंटों बाद हुई। सरदार पहले से ही पुलिस हिरासत में है। हाजरा एक सप्ताह पहले फरार हो गया था, जब संदेशखाली में विरोध-प्रदर्शन कर रही स्थानीय महिलाओं ने उसके फार्महाउस और पोल्ट्री फार्म को जला दिया था। हाजरा को रविवार को जिला अदालत में पेश किया जाएगा। हालांकि, दोनों के राजनीतिक गुरु और 5 जनवरी को संदेशखाली में ईडी तथा सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के पीछे का मास्टरमाइंड शेख शाहजहां हमले के दिन से अब तक फरार है।

**कार्रवाई** संदेशखाली में जारी तनाव के बीच सरकार का एक्शन

# क्षेत्र के दो वरिष्ठ पुलिसकर्मियों का तबादला

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल सरकार ने 24 परगना जिले के संदेशखाली में जारी तनाव के मद्देनजर शनिवार को दो वरिष्ठ पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया, जिनके अधिकार क्षेत्र में यह अशांत क्षेत्र पड़ता है। स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं पर यौन उत्पीड़न और पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए महिलाओं के विरोध-प्रदर्शन से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुप्रतिम सरकार को, जो पहले अतिरिक्त महानिदेशक (यातायात) थे, सिद्धिनाथ गुप्ता की जगह अतिरिक्त महानिदेशक (दक्षिण बंगाल) बनाया गया है।इसी तरह, बारासात रेंज के वर्तमान उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुमित कुमार को डीआईजी (सुरक्षा) के रूप में स्थानांतरित किया गया है। उनकी



जगह भास्कर मुखोपाध्याय को जिम्मेदारी दी गई है, जो पहले मालदा रेंज के डीआईजी थे। राज्य सरकार के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों से पहले स्थिति का जायजा लेने के लिए मार्च के पहले सप्ताह में भारतीय चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ की अपेक्षित यात्रा की पृष्ठभूमि में ये तबादले बेहद महत्वपूर्ण हैं। सरकारी सूत्रों ने कहा कि चूंकि संदेशखाली पहले ही आयोग के संज्ञान में आ चुका है, इसलिए पूरी संभावना है कि वह उचित समय पर सरकार से इन वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को स्थानांतरित करने के लिए कहता। इसलिए ऐसा कोई आदेश मिलने से पहले शायद राज्य प्रशासन ने दोनों अधिकारियों को स्थानांतरित करने मे ही समझदारी समझी। इस बीच, शनिवार को, विभिन्न स्रोतों से व्यापक आलोचना और दबाव के बीच, राज्य पुलिस ने अंततः तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं उत्तम सरदार और शिबू हाजरा के खिलाफ बलात्कार और हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। सरदार पहले से ही पुलिस हिरासत में है, जबकि हाजरा अपने राजनीतिक गुरु और 5 जनवरी को संदेशखली में ईडी तथा सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के पीछे के मास्टरमाइंड शेख शाहजहां की तरह फरार है। सूत्रों ने बताया कि संदेशखाली की एक पीड़िता के बंद कमरे में दिए गए बयान के आधार पर हाजरा और सरदार के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले सप्ताह संदेशखाली में प्रदर्शनकारी महिलाओं ने हाजरा के स्वामित्व वाले एक पोल्ट्री फार्म और एक फार्महाउस को जला दिया था। तब से वह फरार है।

## आज का राशिफल

**मेष :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है।

**वृष :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्यायाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम।

**मिथुन :** व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**कर्क :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे।

**सिंह :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**तुला :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**धनु :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मकर :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभ :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

### भारत ने इंग्लैंड को 434 रन से हराया, रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया को मिली सबसे बड़ी जीत

# राजकोट में यशस्वी व स्पिनरों का राज

**राजकोट (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को 434 रन से हरा दिया और रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया को टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत रन के लिहाज से मिली। इंग्लैंड जिस रणनीति के तहत भारत के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए आया था उसकी कोई भी झलक राजकोट टेस्ट मैच में नजर नहीं आई। टीम इंडिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की ना तो बल्लेबाजी अच्छी रही और ना ही उनके गेंदबाज असरदार दिखे और नतीजा यह रहा कि उसे इस मैच में 434 रन से हार मिली। भारत ने इस टेस्ट मैच को जीतकर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। रन के लिहाज से टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा की कप्तानी में यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत रही। तीसरे टेस्ट मैच में भारत को यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा के शतक और इसके बाद गेंदबाजों की धाकड़ प्रदर्शन के दम पर जीत मिली। भारत ने इस टेस्ट में इंग्लैंड को दूसरी पारी में जीत के लिए 557 रन का टारगेट दिया, लेकिन इस बड़े लक्ष्य के सामने मेहमान टीम पूरी तरह से बिखरी हुई नजर आई और दूसरी पारी में यह टीम 122 रन पर ऑलआउट हो गई और उसे मैच में बड़ी हार मिली। रन के लिहाज से यह टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की दूसरी सबसे बड़ी हार रही।

**यशस्वी जायसवाल ने लगाया दोहरा शतक :** भारत को पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड पर 126 रन की बढ़त मिली थी और इसके बाद भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 430 रन बनाए और इंग्लैंड पर 556 रन की बढ़त हासिल करने के बाद रोहित शर्मा ने पारी की घोषणा कर दी। दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल की बल्लेबाजी देखने लायक थी जिन्होंने 12 छक्के और 14 चौकों की मदद से नाबाद 214 रन बनाए। शुभमन गिल ने भी दूसरी पारी में 91 रन बनाए जबकि सरफराज खान ने नाबाद 68 रन की पारी खेली।

**12** छक्के लगाकर जायसवाल ने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के वसीम अकरम के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। जयसवाल एक सीरीज में 20 छक्के लगाने वाले पहले टेस्ट खिलाड़ी भी बन गए हैं।



#### रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा की शतकीय पारी

इस टेस्ट में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और पहली पारी में टीम इंडिया ने 445 रन बनाए। पहली पारी में भारत की तरफ से रोहित शर्मा ने 131 रन की पारी खेली तो वहीं रविंद्र जडेजा ने 112 रन बनाए जबकि सरफराज खान ने टीम के लिए अहम 62 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड की तरफ से पहली पारी में मार्क वुड ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन पर आउट हो गई। बेन डकेट ने 151 गेंदों पर 153 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए।

#### रनों के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत

| |
|---|
| 434 बनाम इंग्लैंड राजकोट 2024 |
| 372 बनाम न्यूजीलैंड मुंबई 2021 |
| 337 बनाम द.अफ्रीका दिल्ली 2015 |
| 321 बनाम न्यूजीलैंड इंदौर 2016 |
| 320 बनाम ऑस्ट्रेलिया मोहाली 2008 |

#### रनों के हिसाब से इंग्लैंड की सबसे बड़ी टेस्ट हार

| |
|---|
| 562 बनाम ऑस्ट्रेलिया द ओवल 1934 |
| 434 बनाम भारत राजकोट 2024 |
| 425 बनाम वेस्ट इंडीज मैनचेस्टर 1976 |
| 409 बनाम ऑस्ट्रेलिया लॉर्ड्स 1948 |
| 405 बनाम ऑस्ट्रेलिया लॉर्ड्स |

#### भारत के लिए एक टेस्ट में शतक और 5 विकेट

| | |
|---|---|
| वीनू मांकड़ | 184 एवं 5/196 बनाम इंग्लैंड लॉर्ड्स 1952 |
| पोली उमरीगर | 172* और 5/107 बनाम हकपोर्ट ऑफ स्पेन 1962 |
| आर अश्विन | 103 एवं 5/156 बनाम वेस्ट इंडीज मुंबई हर 2011 |
| आर अश्विन | 113 और 7/83 बनाम वेस्ट इंडीज नॉर्थ साउंड 2016 |
| आर अश्विन | 106 और 5/43 बनाम इंग्लैंड चेन्नई 2021 |
| रवींद्र जडेजा | 175* और 5/41 बनाम श्रीलंका मोहाली 2022 |
| रवींद्र जडेजा | 112 और 5/41 बनाम श्रीलंका राजकोट 2024 |



#### रवींद्र जडेजा ने लिए 5 विकेट

इंग्लैंड को जीत के लिए 557 रन का बड़ा लक्ष्य मिला था, लेकिन इस टीम के बल्लेबाज इस विशाल टारगेट के सामने बुरी तरह से बिखर गए। टीम के शुरूआती 9 बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए। हालांकि मार्क वुड ने कुछ दम दिखाया और वह 33 रन की पारी खेलने में सफल रहे। दूसरी पारी में भारत की तरफ से जडेजा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए जबकि कुलदीप को 2 जबकि बुमराह और अश्विन को एक-एक सफलता मिली।

## द.अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर व आईसीसी मैच रेफरी माइक प्रॉक्टर का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर माइक प्रॉक्टर का 77 साल की आयु में निधन हो गया। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, माइक प्रॉक्टर की पत्नी मैरीना ने शनिवार देर रात दक्षिण अफ्रीकी मीडिया को यह जानकार दी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से प्रतिबंधित होने से पहले 1970 में प्रॉक्टर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सात टेस्ट खेले थे। प्रॉक्टर को एक महान टेस्ट खिलाड़ी माना जाता है। उनके सात टेस्ट मैचों में से छह में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल की थी। अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के समाप्त होने से पहले सिर्फ 15.02 की औसत से 41 विकेट लिए थे। 73 रन देकर 6 विकेट का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पोर्ट एलिजाबेथ में उनकी अंतिम उपस्थिति की दूसरी पारी में आया, इससे 323 रन की जीत हासिल हुई। प्रॉक्टर को बल्ले से अपनी ताकत के लिए भी जाना जाता था। उन्होंने 1969/1970 में ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराने में अहम भूमिका निभाई थी और दक्षिण अफ्रीका के लिए उनके योगदान को विजडन ने स्वीकार किया था। 1970 में उन्हें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक के रूप में नामित किया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पुनः प्रवेश के समय प्रॉक्टर दक्षिण अफ्रीका के कोच थे। उन्होंने प्रोटियाज को 1992 क्रिकेट विश्व कप को सेमीफाइनल तक पहुंचाया। बाद में उन्होंने 2002 और 2008 के बीच आईसीसी मैच रेफरी के रूप में काम किया, जहां विवादों ने उनका पीछा किया। प्रॉक्टर ने 2008 में ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी एंड्रयू साइमंड्स पर कथित तौर पर नस्लवादी टिप्पणी करने के लिए भारत के हरभजन सिंह पर तीन टेस्ट मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था।

# भारत ने तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की मुख्य महिला कोच लैंगम चाओबा देवी ने रविवार को 23 सदस्यीय सीनियर राष्ट्रीय टीम की घोषणा की, जो 21 से 27 फरवरी तक तुर्की के अलान्या में तुर्की महिला कप 2024 में भाग लेगी। बेंगलुरु में एक सप्ताह के शिविर के बाद टीम सोमवार को तड़के तुर्की के लिए रवाना होगी। भारत ने इससे पहले दो बार 2019 और 2021 में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव एम. सत्यनारायण ने कहा, 'हमारी सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम ओलंपिक क्वालीफायर के बाद पहली बार खेलने जा रही है। जो तुर्की महिला कप को हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट बनाती है।' चार टीमों के टूर्नामेंट में एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग भारत के प्रतिद्वंद्वी हैं, जो राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किया जाएगा।



#### तुर्की महिला कप के लिए भारतीय टीम

**गोलकीपर :** श्रेया हुडा, इलांगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरांगथेम।
**डिफेंडर :** आशालता देवी लोइटोंगबम, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, अस्तम ओरांव, शिल्की देवी हेमाम।
**मिडफील्डर :** अंजू तमांग, संगीता बासफोर, कार्तिका अंगमुथु, मनीषा, काजोल डिसूजा, इंदुमथी कथिरेसन।
**फॉरवर्ड :** ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगुलोथ, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, संजू, प्यारी जाक्सा, काव्या पक्कीरिसामी, ज्योति।
**मुख्य कोच :** लैंगम चाओबा देवी।

#### तुर्की महिला कप 2024 में भारत के कार्यक्रम

**21 फरवरी :** भारत बनाम एस्टोनिया
**24 फरवरी :** भारत बनाम हांगकांग
**27 फरवरी :** कोसोवो बनाम भारत

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्पेन से भिड़ने को तैयार

**राउरकेला (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष टीम सोमवार को बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के राउरकेला चरण के पहले मैच में स्पेन से भिड़ने के लिए तैयार है। पिछली बार जब भारत ने भुवनेश्वर चरण में स्पेन का सामना किया था तो वह 4-1 से विजयी हुआ था। भारत ने प्रो लीग में अब तक चार मैच खेले हैं। उन्होंने स्पेन और आयरलैंड के खिलाफ अपने गेम क्रमशः 4-1 और 1-0 के अंतर से जीते और ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हार दर्ज की। इस बीच, नीदरलैंड के खिलाफ उनका मुकाबला 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ, भारत ने पेनल्टी शूटआउट के बाद बोनस अंक का दावा किया जो 4-2 स्कोर लाइन के साथ समाप्त हुआ। प्रो लीग में टीम के अब तक के प्रदर्शन पर विचार करते हुए, भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहाः 'स्पेन और यहां की अन्य



सभी टीमों के खिलाफ खेलना कठिन है। स्पेन के साथ हमारे पहले मैच के अलावा, हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने मैचों से बहुत कुछ सीखा है और नीदरलैंड और आयरलैंड के खिलाफ मैच भी कठिन था। हमारे लिए, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले ये प्रमुख मैच हैं, टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और हम खुद को और परखने के लिए राउरकेला में फिर से स्पेन से भिड़ने के लिए उत्सुक हैं।' स्पेन के खिलाफ मुकाबले के बाद भारत 21 फरवरी को नीदरलैंड, 24 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और 25 फरवरी को आयरलैंड से भिड़ेगा। दूसरी ओर, स्पेन भारत, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ अपने मैच क्रमशः 1-4, 3-4 और 0-3 से हार गया। भुवनेश्वर लेग के आखिरी मैच में उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की। स्पेन के कप्तान मार्क मिरालेस ने भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले कहा, 'हम हर मैच जीतना चाहते हैं और भारत के खिलाफ मैच भी अलग नहीं है। इस बार हमारा लक्ष्य अपने पेनल्टी कॉर्नर और आक्रमणकारी सर्कल में अपने मूवमेंट में सुधार करना होगा, गेम स्कोर लाइन से अधिक करीब था और हमें बस ऐसा करने की जरूरत है। सर्कल के अंदर और उसके आसपास ध्यान केंद्रित किया गया है और मुझे यकीन है कि हम भारत को कड़ी टक्कर देंगे।"

### एक दिवसीय प्राइज मनी वुडबॉल चैंपियनशिप

## वुडबॉल में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला वुडबॉल संघ के तत्वावधान में रविवार को जयपाल सिंह स्टेडियम में एक दिवसीय प्राइज मनी वुडब ॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लेकर दमखम का प्रदर्शन किया। मुख्य अथिति रांची जिला वुडब ॉल संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी, झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के उपाध्यक्ष राजीव रंजन, पीके प्रधान, राहुल कुमार दुबे, ऋषिकेश लाल, दीपक वर्मा, गोविंद झा आदि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार शुभम कुमार को प्राप्त हुआ। जबकि नीतेश कुमार द्वितीय, बंटी टोप्पो तृतीय व आशुतोष चतुर्थ स्थान पर रहे। इसी क्रम में बालिका वर्ग में कृपा टिग्गा ने बाजी मारी। प्रभा मांझी ने द्वितीय, नीतू मांझी ने तृतीय व नेहा कुमारी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सरवर अंसारी, निशिका कुमारी उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी अमन ने दी है।



### दोहा विश्व तैराकी चैंपियनशिप : रिले में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर चीन ने जीता स्वर्ण पदक

**बीजिंग (एजेंसी)।** दोहा विश्व तैराकी चैंपियनशिप 2024 में 17 फरवरी को चीनी तैराकों ने पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले फाइनल में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए चैंपियनशिप में अपना सातवां स्वर्ण पदक जीता। चार गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले फाइनल में पान चेनले, वांग हाओयू, ली बिंगजे और यू यिटिंग की चीनी चौकड़ी ने शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी और अंत में 3 मिनट 21.18 सेकंड का समय निकालकर चैंपियनशिप जीत ली। यह इस विश्व तैराकी चैंपियनशिप में चीनी तैराकों द्वारा जीता गया चौथा रिले स्वर्ण पदक है। अब तक, चीनी तैराकी टीम ने चैंपियनशिप में सात स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

## घरेलू क्रिकेट को लेकर बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को दी चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को 'साबित' करना होगा और चेतावनी दी है कि भाग न लेने पर 'गंभीर परिणाम' होंगे। शाह ने इस सप्ताह की शुरूआत में खिलाड़ियों को लिखे एक पत्र में कहा कि घरेलू क्रिकेट की जगह पर आईपीएल को प्राथमिकता देने की 'प्रवृत्ति' हमारे लिए 'चिंता का कारण' थी। क्रिकइंफो ने इस पत्र को पढ़ा है। साथ ही जय शाह ने यह भी लिखा है कि बोर्ड को आईपीएल की सफलता पर भी गर्व है। उन्होंने लिखा, कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट की जगह आईपीएल को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। यह एक प्रवृत्ति बन कर उभरने लगी है और यही हमारे लिए चिंता का कारण है। हमने इस तरह की चीजों की अपेक्षा कभी नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। हमने कभी भी इस टूर्नामेंट को कम महत्व देने का प्रयास नहीं किया है।" 'इस बात को समझना बहुत ही आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। यह लगातार कई सालों से भारतीय टीम को नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही स्पष्ट रहा है - भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। घरेलू टूर्नामेंट में किसी भी खिलाड़ी के द्वारा किए गए प्रदर्शन को चयन प्रक्रिया में काफी महत्व दिया जाता है। अगर कोई खिलाड़ी



घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेता है तो इसके गंभीर प्रभाव होंगे।" शाह ने कहा कि 'यह पत्र किसी भी खिलाड़ी आलोचना नहीं कर रहा है, बल्कि उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन्होंने वर्षों से भारतीय क्रिकेट को दिशा दिखाई है। सामूहिक रूप से हम इस बात का ऐलान करते हैं कि हम कहीं से भी घरेलू क्रिकेट के महत्व को कम नहीं करना चाहते या फिर हम इसकी मूल संचरना को कमजोर नहीं करना चाहते। यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाने के लिए हमें एक साथ मिल कर काम करना होगा।' हाल ही के दिनों में इशान किशन, श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर जैसे खिलाड़ियों को लेकर काफी चर्चा हो रही है, क्योंकि वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं ले रहे थे। बीसीसीआई के अनुबंध के अनुसार श्रेयस अय्यर ग्रेड बी में हैं, वहीं इशान किशन ग्रेड सी में हैं। पिछली बार जब बीसीसीआईने अनुबंधों का नवीनीकरण किया था तो चाहर का नाम उस लिस्ट से बाहर था। किशन ने आखिरी बार भारत के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था। फिर वह निजी कारणों से साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका दौरे से हट गए थे। इसके बाद उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया। यह कयास लगाए जा रहे थे कि किशन भारतीय टीम में वापसी करने से पहले रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कथित तौर पर वह हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या के साथ बड़ौदा में अभ्यास कर रहे थे। दूसरी ओर श्रेयस अय्यर ने भी रणजी ट्रॉफी में हिस्सा नहीं लिया है। पहले दो टेस्ट खेलने के बाद उन्हें भारत-इंग्लैंड सीरीज से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के एक राउंड में हिस्सा लिया था लेकिन भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद वह घरेलू क्रिकेट से दूर हैं। फिट होने के बाद चाहर ने व्यक्तिगत कारणों से छुट्टी मांगी थी। हालांकि उन्होंने रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के आखिरी मैच में भी हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने आखिरी बार दिसंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। हालांकि उन्होंने पिछले साल के अंत में 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी और 20 ओवर की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हिस्सा लिया था।

### खबरें व्यापार जगत की

## वित्त मंत्रालय ने कर्ज वसूली में तेजी लाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में शनिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में ऋण वसूली में तेजी लाने और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों की दक्षता बढ़ाने के कदमों पर चर्चा हुई। बैठक में ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरणों (डीआरएटी) के अध्यक्षों और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी; मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए); और वित्त मंत्रालय तथा भारतीय दिवाला एवं दिवालियापन बोर्ड (आईबीबीआई) के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

**बैठक में इन मुद्दों पर हुई चर्चा :** डीआरटी और डीआरएटी सख्त निगरानी के माध्यम से विभिन्न चरणों में लंबित मामलों को कम करने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। वसूली की प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाने के लिए ऋण वसूली न्यायाधिकरण विनियम, सरफेसी अधिनियम और आरडीबी अधिनियम में बदलाव और संशोधन के संबंध में विभिन्न सुझाव। बैंक पैनल में शामिल अधिवक्ताओं के प्रदर्शन की समय-समय पर समीक्षा करेंगे और पैनल में शामिल अधिवक्ताओं को उनके प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए मामलों के आवंटन को तर्कसंगत बनाएंगे। विभिन्न अधिनियमों- सरफेसी अधिनियम, 2002, आरडीबी अधिनियम, 1993 और आईबीसी, 2016 के प्रावधानों के तहत बैंकों और वित्तीय संस्थानों की संपत्तियों की लिस्टिंग और नीलामी के लिए विकासाधीन ई-नीलामी मंच का लाभ उठाना। बैंक और वित्तीय संस्थान उन मामलों का समाधान करें जो डीआरटी और डीआरएटी में लंबित हैं लेकिन उनका निपटारा पहले ही हो चुका है। बैंकों को न्यायिक मंचों के समक्ष अपने संबंधित मामलों की सभी सुनवाई में अपने अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।

## बीसीएएस ने सात एयरलाइनों को 30 मिनट के भीतर यात्रियों के बैग की डिलीवरी का दिया निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने सात एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि यात्रियों के बैग की डिलीवरी 30 मिनट के भीतर की जाए। बीसीएएस ने एयरलाइंस को 26 फरवरी तक 10 दिनों के भीतर जरूरी उपाय लागू करने का निर्देश दिया। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को बीसीएएस ने एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा, स्पाइसजेट, विस्तारा, एयर इंडिया एक्सप्रेस कनेक्ट और एयर इंडिया एक्सप्रेस समेत सात एयरलाइनों को पत्र लिखा। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि आखिरी सामान की डिलीवरी 30 मिनट के भीतर की जाए। बीसीएएस ने जनवरी में छह प्रमुख हवाईअड्डों के बेल्ट पर सामान के आगमन के समय की निगरानी की निरंतर कवायद शुरू की। अधिकारी ने कहा, "रिव्यू अभ्यास की शुरूआत के बाद से, सभी एयरलाइनों के प्रदर्शन की साप्ताहिक आधार पर निगरानी की जा रही है और इसमें सुधार हुआ है, लेकिन यह शासनादेश के अनुरूप नहीं है।' अधिकारी ने कहा, 'विमान का इंजन बंद होने के 10 मिनट के भीतर पहला बैग बैगेज (यात्री सामान) बेल्ट पर पहुंचना चाहिए और आखिरी बैग 30 मिनट के भीतर पहुंचना चाहिए।' अधिकारी ने कहा, 'यह निगरानी इस समय छह प्रमुख हवाई अड्डों पर की जा रही है।



## 'पाकिस्तान अपरिहार्य ऋण चूक की ओर बढ़ रहा है'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान का कर्ज उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है। इसका मतलब यह है कि अर्थव्यवस्था की उत्पादन बढ़ाने की क्षमता बाधित है। इस्लामाबाद थिंक टैंक टैबएडलैब ने एक रिपोर्ट में कहा, रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह परिवर्तनकारी बदलाव की जरूरत बताता है। जब तक यथास्थिति में व्यापक सुधार और नाटकीय बदलाव नहीं होंगे, पाकिस्तान और गहरे डूबता रहेगा, एक अपरिहार्य डिफॉल्ट की ओर बढ़ेगा, जो चक्रव्यूह की शुरूआत होगी।' टैबएडलैब ने कहा कि पाकिस्तान का कर्ज. 'एक विकट, अस्तित्वगत और प्रासंगिक' चुनौती है, जिसके लिए तत्काल और रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। कर्ज. की अदायगी ऐतिहासिक ऊंचाई पर है, जो बढ़ती आबादी की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और महत्वपूर्ण रूप से जलवायु परिवर्तन जैसी जरूरतों को प्राथमिकता से वंचित करता है। पाकिस्तान का विदेशी ऋण 2011 के बाद से लगभग दोगुना हो गया है, और घरेलू ऋण छह गुना बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में पाकिस्तान को अनुमानित 49.5 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण परिपक्वता अवधि में चुकाना होगा (जिसमें से 30 प्रतिशत ब्याज है, और इसमें से कोई भी द्विपक्षीय या आईएमएफ ऋण नहीं है)। उत्पादक क्षेत्रों या उद्योग में निवेश के बिना, उपभोग-केंद्रित, आयात-आदी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ऋण संचय का भारी उपयोग किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की ऋण प्रोफाइल चिंताजनक है, और इसकी उधार लेने और खर्च करने की आदतें अस्थिर हैं।

## 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' में भारत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी : आईबीएम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईबीएम इंडिया, साउथ एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने कहा, "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में भारत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और सबसे अच्छी बात यह है कि सरकार न केवल एआई तकनीक को बढ़ाने को लेकर काम कर कर रही है, बल्कि इस क्षेत्र में कौशल बढ़ाने के लिए भी प्रयासरत है। पटेल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि एआई के साथ 'आत्मनिर्भर' होने के लिए भारत को जल्द ही खुद को दुनिया में एआई अपनाने और नवाचार के केंद्रों में से एक के रूप में स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा, "हालांकि प्रगति हो रही है, एआई स्किलिंग और अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने वाले विभिन्न डोमेन नीति निर्माण के बीच बिंदुओं को जोड़कर एआई में तेजी आने की गुंजाइश है। अनुसंधान एवं विकास बहुत आवश्यक होगा, और हमें यह सब जिम्मेदारी से करना होगा।' पिछले दिसंबर में नई दिल्ली में की गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी की घोषणा में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया था कि सरकार का प्रयास सामाजिक विकास और समावेशी विकास के लिए एआई की क्षमताओं का पूरा लाभ उठाना है। पीएम मोदी ने कहा था, "भारत एआई के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया है, हम भारत एआई मिशन भी शुरू करने जा रहे हैं। इस मिशन का लक्ष्य भारत में एआई कंप्यूट पावर की पर्याप्त क्षमता स्थापित करना है। इस मिशन के तहत कृषि स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा। पटेल ने कहा कि सरकार विभिन्न डोमेन में एआई क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने की योजना बना रही है।

## एक नजर

### 6 दिन से मजदूर अशोक राम लापता तलाश जारी



**मेदिनीनगर।** शहर थाना में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हुरका निवासी चंपा कुमारी ने अपने पति अशोक राम के गुमशुदा होने का मामला दर्ज कराया है। महिला चंपा कुमारी ने शहर थाना में आवेदन देकर कहा है कि कांडी थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर निवासी ठेकेदार अनु बैठा के द्वारा उसके पति अशोक राम को कुछ दिन पहले डाल्टनगंज छह मुहान चौक स्थित मोहन सिनेमा हॉल मकान में मजदूरी कराने के लिए लेकर गया था। इसी बीच 12 फरवरी को सुबह 3:00 बजे से अशोक राम लापता है। लापता होने के बाद परिजन व ठेकेदार के द्वारा सगे संबंधियों सहित सभी जगह उसकी खोजबीन की गई। इसके बाद भी अशोक राम का अभी तक कुछ भी पता नहीं चल पाया है। वहीं थाना में आवेदन मिलने के बाद से शहर थाना की पुलिस भी गुमशुदा अशोक राम की तलाश में जुट गई है।

### 50 लाभुकों को मिले गैस सिलेंडर

**केतार।** केतार बाजार स्थित बंग्लामुखी भारत गैस एजेंसी के कार्यालय परिसर में रविवार को 50 महिला लाभुकों के बीच उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण किया गया। गैस सिलेंडर का वितरण जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद और गैंस एजेंसी संचालक अंगद कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने कहा की केंद्र सरकार प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को मुफ्त गैंस सिलेंडर प्रदान कर रहीं हैं। जिससे पर्यावरण को बचाने में भी काफी मदद मिल रही है। गैस एजेंसी संचालक अंगद कुमार ने कहा की सभी महिलाओं को गैंस सिलेंडर चुल्हा, रेगुलेटर, और पाइप दिया गया है। जिन परिवारों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है।वे आवश्यक कागजात जमा कर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना का लाभ ले सकते हैं।

### केतार में भाकपा माले का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज से

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार से भाकपा माले के द्वारा अफसरशाही, दलाल और भ्रष्टाचार, भू-माफियाओं के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी माले के प्रखंड अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने दी। उन्होंने कहा की दलाल और भू-माफिया अफसर के सहयोग से बड़े पैमाने पर जमीन की हेराफेरी कर जमीन पर अवैध रूप से काबिज हो रहे हैं। इसलिए 19 फरवरी से प्रखंड कार्यालय केतार में प्रखंड के आमजनों के साथ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

# परेशान : बैंक में खाता नहीं, भेजा 53 हजार का नोटिस




**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के सिंहपुर गांव निवासी ललन सिंह को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा केतार के द्वारा बकाया ऋण वसूली हेतु दुसरी बार कोर्ट के माध्यम से नोटिस भेजा गया है। इसमें ब्याज सहित 53 हजार 105 रू ऋण बकाया दिखाया गया है, समय पर बकाया ऋण जामा नहीं करने पर करार का उलंघन और बैंक से विश्वासघात करने पर बिहार और उड़ीसा पीडीआर एक्ट के तहत 1914 और सिविल प्रक्रिया 1908 के तहत सार्टिफिकेट केस करने और कुर्की जब्ती करने की चेतावनी दिया गया है। इधर ललन सिंह ने किसी भी तरह का ग्रामीण बैंक में ऋण लेने की बात से इंकार किया है। उन्होंने बताया की उनके परिवार के किसी भी सदस्यों का ग्रामीण बैंक केतार में खाता नहीं खुलवाया गया है। पहली बार एक वर्ष पुर्व नोटिस आने के बाद उन्होंने बैंक जाकर शाखा प्रबंधक से शिकायत भी की थी तब , शाखा प्रबंधक द्वारा गलती से नोटिस भेजने की बात कही गई थी। लेकिन पुनः रविवार को उनके घर नोटिस भेजा गया है। फर्जी नोटिस जाने से पुरा परिवार मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने कहा की बैंक कर्मियों और दलालों ने आपसी मिलीभगत कर उनके नाम पर फर्जी तरीके से ऋण निकाल लिया है। उन्होंने इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने बताया की वो न्यायालय का शरण लेंगे। इस सम्बन्ध में शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने कहा की खाता और दस्तावेज जांच करने के बाद ही स्पष्ट रूप से पता चल पायेगा।

## बीडीओ से मिला पंचायत स्वयंसेवक संघ



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार (पलामू)।** नावा बाजार प्रखंड कार्यालय में बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी से नावा बाजार पंचायत स्वयंसेवक संघ का शिष्टमंडल संघ अध्यक्ष पंकज चंद्रवंशी के प्रतिनिधित्व में बुके देकर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रहे लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने का आग्रह किया गया जिसमें पूर्ण आवास होने पर नया टारगेट को जोड़ा जा सके।

मौके पर सचिव मनीष सिंह, कोषाध्यक्ष संजय पासवान, धर्मेंद्र पासवान, अरविंद कुमार, कामेश्वर पांडे, गोपाल सिंह, संगीता देवी, आशा देवी, सोनम देवी, लालदेव बैठा, राजेश कुमार, मनोज कुमार, राहुल गुप्ता, नरेंद्र सिंह, विजय रजक, इमरान विश्वकर्मा, नारायण विश्वकर्मा मौजूद थे।

### 3.5 किलोग्राम सोना बरामद, जेवर दुकान में करोड़ों की लूट का खुलासा

# 4 पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार, दो फरार



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के चर्चित रूप अलंकार ज्वेलर्स से असलहे के नोक पर करोड़ों रुपये के आभूषण लूट मामले का पुलिस ने उद्वेदन कर लिया है। उक्त मामले में पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को नगवा मोहल्ला स्थित मथुरा बंद शिव मंदिर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त सोनपुरवा मोहल्ला निवासी प्रदीप डोम के पास से लूट का 3.5 किग्रा सोना, दो देशी कट्टा, कृत्रिम सोने व हीरे के आभूषण, विभिन्न ग्रहरत्न, दो पिस्टल, 16 जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसपी दीपक कुमार पांडे ने गढ़वा थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 13 फरवरी की रात में लूट की घटना हुई थी। ग्राहक बनकर आये दो लूटेरों ने पिस्टल की नोक पर करोड़ों का जेवर लूटकर फायरिंग करते हुये फरार हो गये थे। उनके साथ आया एक अन्य बदमाश दुकान के बाहर निगरानी कर रहा था।

उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एवं स्थानीय गुप्तचरों की मदद से प्रदीप डोम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर दो अलग-अलग जगह मथुरा बांध एवम रेलवे लाइन के किनारे अरहर के खेत से लूटे हुऐ जेवर एवं हथियार बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि दो अन्य आरोपी बुकी सोनी व अजीत कुमार उर्फ छोटू साव भागने में सफल रहे। एसपी ने बताया कि जल्द ही पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार कर लेगी।

## नौडीहा बाजार अंचल बना है बिचौलियों और भ्रष्टाचारियों का अड्डा : भाकपा



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नौडीहा बाजार अंचल की जीबी बैठक अमवाडीह में कामरेड राजेंद्र बैठा के अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी उपस्थित थे। बैठक में ग्राम - हरैया, अमवाडीह, रबदा, नामुदाग, हरवे के ग्रामीण उपस्थित थे और उन्होंने कहा कि ग्राम हुलसीकला में खाता नंबर - 1, 5 के पलौट नम्बर -19, 30, 26, 227, 8 रकबा - 50 एकड़ लगभग भूमि जो गैरमजरूआ है ग्रामीण पचासों बर्षो से जोतकोड़ करते आ रहे हैं और इन सभी ग्रामीणों को वन विभाग के द्वारा खेत पर जाने से रोका जा रहा है जो गलत है।

जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि वर्षो से जोतकोड़ कर रहे ग्रामीणों को वनाधिकार कानून के तहत वन भूमि का पट्टा दे। नौडीहा बाजार अंचल ग्रामीणों का सहयोग करें।

नौडीहा बाजार अंचल कार्यालय बिचौलियों एवं भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ। बिना घुस के कोई काम नहीं हो रहा है ऐसी स्थिति में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी आम जनता के हक एवं अधिकार के लिए मार्च महीने में नौडीहा बाजार अंचल का घेराव करेंगे।

आम जनता हजारों के संख्या में कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संघर्ष को तेज करे। सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज नौडीहा बाजार अंचल सहित पलामू जिला में अकाल पड़ा हुआ है वही मजदूरों को मनरेगा के तहत कोई काम नहीं मिल रहा है नौडीहा बाजार अंचल में दर्जनों से अधिक स्कूल भाजपा के रघुवर सरकार के समय बंद कर दिया गया।

बच्चों का पढ़ाई ठप हो गया और आज मोदी जी स्कूल और अस्पताल बनाने के जगह मंदिर का नाम लेकर वोट लेना चाह रहे हैं। और बच्चों के भविष्य के साथ खेलवाड़ कर रहे हैं। बैठक में लखन राम, अमरेश विश्वकर्मा, बिनोद भूइंया, अतमदेव राम, सुदेश्वर पासवान, मुखदेव पासवान, राधा देवी, कमला भूइंया, कामेश्वर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पलामू जिले के सभी थाना के वाहनों की स्थिति जर्जर



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिले के सभी थाना के वाहनों की स्थिति जर्जर हो चुकी है। एक तरफ सरकार पुलिस को तमाम संसाधनों से लैस कराने का दावा करती है तो दूसरी तरफ थानों के वाहन सरकार के दावे की पोल को खोल रही हैं। आलम यह है कि पलामू जिले के आधा दर्जन से अधिक थाने ऐसे हैं जहां वाहन खराब रहने के कारण सही तरीके से गश्ती नहीं हो पा रही है। इसलिए अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही है। अपराध प्रभावित सीमावर्ती थानों की हालत तो यह है कि गश्ती वाहन खराब रहने के कारण पुलिस खटारा वाहन में ही गश्ती करती नजर आ रही है। खासकर गर्मी तथा बारिश के दिनों में वाहन दुरुस्त नहीं रहने के कारण दिन तथा रात्रि गश्ती में लगी पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस जवान जान जोखिम में डाल कर शहर तथा ग्रामीण इलाकों में गश्ती करते हैं। थानों में कई साल पुरानी जीप रहने के कारण वह बराबर खराब होती रहती है जिसे ठीक कराने में थाना प्रभारी को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। कुछ थानों की हालत तो ऐसी है कि अगर किसी नामचीन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस गश्ती के लिए निकलती है तो उसे साथ में एक और प्राइवेट वाहन लेकर चलना पड़ता है ताकि मौके पर बीमार पड़ी जीप के सहारे पुलिस के पदाधिकारी व जवानों को न रहना पड़े।

# 'पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत भेजा गया जेल'




### झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय मार्च, केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर की नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड की पहरा पंचायत में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च निकालकर केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

न्याय मार्च पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में पहरा पंचायत के खलारी गांव से निकाली गई। उन्होंने बताया कि न्याय मार्च प्रत्येक पंचायत में अलग-अलग तिथि को निकाली जाएगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार झारखंड के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक षड्यंत्र के तहत फंसा कर जेल भेजा गया है। इसका खामियाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को भुगतना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि केंद्र सरकार ने साजिश कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की है, जबकि भाजपा में शामिल होने वाले भ्रष्टाचारियों के विरुध कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन को तत्काल रिहा करने की मांग की। न्याय यात्रा में पार्टी के उपाध्यक्ष जयप्रकाश दांगी, कृष्णा उरांव, तृषा बोदरा, जयसिंता नाग, अनिल नाग, थॉमस मुंडा, विक्रम कुमार, पिंटू कुमार सहित कई महिलाएं व पुरुष शामिल थे।

## 11 दिन बाद सड़ी गली हालत में मिला लापता महिला का शव

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम चटकपुर निवासी वृद्ध महिला मगदली केरकेट्टा, पति स्व. फुलेमान कुजूर का शव सड़ी गली हालत में मिली। वह 28 जनवरी की सुबह घर से लापता हो गई थी। बताया जाता है कि वृद्ध महिला की मानसिक स्थिति खराब थी। अक्सर वह बीमार रहती थी। इसको लेकर उनकी पुत्री सुशीला कुजूर द्वारा थाने में आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। साथ ही सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से वृद्ध महिला की

**वृद्ध महिला की मानसिक स्थिति खराब थी, अक्सर वह बीमार रहती थी**

खोजबीन करने का प्रयास किया गया था। वृद्ध महिला का शव 11 दिन बाद अपने गांव से सात किलोमीटर दूर पोटमाडीह नाले में मिला। गुरुवार देर शाम ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना परिजनों को दी गई। शुक्रवार सुबह शव की पहचान कर इसकी सूचना थाने को दी गई। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। साथ ही पुलिस घटना की जांच में जुट गई।

## पेज एक के शेष

### गठबंधन मजबूत, झारखंड में ....

कांग्रेस अध्यक्ष से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। वैसे सूत्रों का दावा है कि बैठक में मंत्रिमंडल के बारहवें रिक्त सीट पर भी चर्चा हुई है। यह भी कहा गया है कि मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं है। बारहवां सीट झामुमो के कोटे में आता है तो बैद्यनाथ राम को कुर्सी मिल सकती है। वहीं नाराज कांग्रस विधायकों की नजर भी मंत्रिमंडल के रिक्त बारहवें सीट पर है और वे खुलेआम इसपर दावा कर रहे हैं।

मंत्रिमंडल गठन को लेकर कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग के असंतुष्ट होने पर सोरेन ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है। इससे पहले सोरेन ने कहा कि यह कोई मुद्दा ही नहीं है, हमारा गठबंधन मजबूत है। असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों के दिल्ली में होने के बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा था कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, वे इसे सुलझा लेंगे। मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है। झामुमो और कांग्रेस के बीच कोई विवाद नहीं है और सब कुछ बिल्कुल ठीक है। कांग्रेस के कम से कम 12 विधायकों ने 23 फरवरी से शुरू हो रहे आगामी राज्य विधानसभा सत्र का बहिष्कार करने और मंत्रियों को नहीं बदलने पर जयपुर जाने की धमकी दी है। वहीं झामुमो के नाराज विधाक बैद्यनाथ राम के बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा।

**गठबंधन सरकार की सांख्यिकी संतोषजनक :** झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के पास 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायक (झामुमो के 29, कांग्रेस के 17 और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का एक) हैं। झारखंड में कांग्रेस के चारों पूर्व मंत्रियों को फिर से मंत्री बनाने से नाराज पार्टी के 12 में से आठ विधायक शनिवार शाम दिल्ली पहुंचे। इससे पहले नाराज विधायक रांची के एक होटल में एकत्र हुए और आगे की रणनिति बनाई। उन्हें मनाने के लिए झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के सबसे छोटे बेटे और मंत्री बसंत सोरेन पहुंचे लेकिन बात नहीं बन पाई। कांग्रेस के 12 विधायकों ने धमकी दी है कि अगर पार्टी के कोटे के मंत्री बनाए गए नेताओं को बदला नहीं गया तो वे 23 फरवरी से होने वाले आगामी विधानसभा सत्र का बहिष्कार करेंगे। अगर बैद्यनाथ राम की मांग पूरी नहीं होती है तो कुल नाराज विधायकों की संख्या 13 पहुंच जाएगी। वैसे सीता सोरेन में नाराजगी तो दिखाई है लेकिन फिलहाल तेवर बगावती नहीं है। अगर मंत्री पद को लेकर नाराजगी और दबाव की राजनीति बजट सत्र के संपूर्ण बहिष्कार का रूप लेती है तो सरकार संकट में आ सकती है। वहीं आलाकमान के दबाव में कांग्रेसी विधायक लौटते हैं तो बैद्यनाथ राम का बगावती तेवर महत्वहीन हो जाएगा।

### सत्ता में वापसी का ....

विभिन्न देशों से उनके यहां यात्रा के निमंत्रण प्राप्त हो रहे हैं।

**हम छत्रपति की परंपरा को मानने वाले लोग :** मोदी ने कहा कि, ऐसे ही मैं अपने सुख-वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं बीजेपी सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं। हम तो छत्रपति शिवाजी को मानने वाले लोग हैं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ, तो उन्होंने उसका आनंद नहीं लिया अपना मिशन जारी रखा। उन्होंने कहा कि वे राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि भारत के लाभ के लिए भाजपा के लिए तीसरे टर्म की वकालत कर रहे हैं।

### एके सिंह कॉलेज जपला का केंद्र अनुमंडल स्तर पर करने की उठी आवाज

# परीक्षा केंद्र छतरपुर करने से छात्राओं व अभिभावकों की परेशानी बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय से संबद्ध जपला स्थित एके सिंह कॉलेज का परीक्षा केंद्र इस बार जीसीपीए कॉलेज छतरपुर में कर दिये जाने से छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गयी है। इससे खासकर छात्राओं की समस्या सबसे जटिल बन गयी है। परीक्षा 28 फरवरी से 15 मार्च तक आयोजित है। उक्त परीक्षा के दिनों तक छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को भी समय निकालने की विवशता उत्पन्न हो गयी है। कॉलेज की वर्ष 2022-26 सेमेस्टर टू की परीक्षार्थी सौम्या रानी ने कहा कि अकेले परीक्षा देने व शाम को लौटने में काफी परेशानी होगी। जबकि अनुमंडल क्षेत्र में केंद्र रहने से परेशानी नहीं होती है। श्रुति कुमारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से छतरपुर जाने में परेशानी होगी, अगर यह पहले पता होता तो कॉलेज में दाखिला नहीं लेती। नजदीक के कारण पढ़ाई करने के लिए नामांकन ली थी, अन्यथा मेदिनीनगर स्थित कालेज में ही नामांकन कराती। सत्र 2021-24 सेमेस्टर चतुर्थ की छात्रा दिव्या कुमारी ने बताया कि केंद्र दूर हो जाने के कारण परीक्षा में समय पर पहुंचने के लिये साधन की भी जरूरत पड़ेगी। उनके घर कोई साधन नहीं है। ऐसे में 35 किमी. दूर जाने में परेशानी है। उधर अभिभावकों का कहना है जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के तकरीबन सभी कॉलेजों का परीक्षा सेंटर शहर के ही किसी कॉलेज में दिया गया है। उसी तरह एके सिंह कॉलेज का सेंटर भी यहां जपला एसबीएस कॉलेज करने से परीक्षार्थियों व अभिभावकों को सुविधा होगी।







कालेज में विद्यार्थियों की संख्या तीन हजार से अधिक है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर परीक्षा केंद्र का निर्धारण संभव नहीं था। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के उद्देश्य से केंद्र का निर्धारण किया गया है। इसके लिये कालेज प्रबंधन स्तर पर परीक्षा के दिनों में परीक्षार्थियों के लिये परिवहन की व्यवस्था की जा सकती है।

**एमके दीपक, परीक्षा नियंत्रक, एनपीयू।**

**सांसद को पत्र लिख कराया अवगत**

इस संबंध में कालेज शासी निकाय के अध्यक्ष सह पलामू के सांसद वीडी राम को पत्र लिखकर परीक्षार्थियों की समस्या से अवगत कराया गया है। शीघ्र ही कुलपति से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी जायेगी।

**डा. सूर्यमणि सिंह, प्रभारी प्राचार्य, एके सिंह कालेज जपला**

## समरसिबल पंप की हुई चोरी

**मेराल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हासनदाग गांव में शनिवार की रात्रि आशुतोष कुमार उर्फ खुटखुट चौबे का समरसिबल पंप अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संबंध में आशुतोष कुमार चौबे ने बताया कि घर से 200 मीटर की दूरी पर बोरिंग में समरसिबल डाला हुआ था जिससे खेतों में सिंचाई हो रही थी सुबह जब देखने आए तो देखा कि पाइप काट कर बाहर फेंका हुआ है और अज्ञात चोरों द्वारा समरसिबल पंप चोरी कर लिया गया है। फिलहाल इस क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ती जा रही है पुलिस द्वारा चोरों को पकड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है लेकिन चोर पुलिस गिरफ्त से बाहर है। लगातार हो रही चोरी की घटना से पुलिस के लिए बड़ा चुनौती है लोगों में चोरी के घटना को लेकर आक्रोश है पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ पायरिया का ईलाज ❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ स्माईल डिजाइन ❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण ❖ फिक्स दाँत लगाना ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### म्यूनिख में चीनी विदेशमंत्री के साथ जयशंकर की बातचीत



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर एक संक्षिप्त बातचीत की है। यह बातचीत शनिवार को तब हुई, जब जयशंकर एक पैनल चर्चा के लिए मंच पर जा रहे थे और वांग मंच से नीचे आ रहे थे। दोनों देशों के बीच कई महीनों तक कोई संवाद न होने के बाद अचानक यह बातचीत हुई है।

### पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जूते किए लॉन्च



**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश द्वारा नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाने के एक दिन बाद एक स्नीकर लाइन लॉन्च की है। पूर्व राष्ट्रपति ने फिलाडेल्फिया में स्नीकर कॉन में 'ट्रम्प स्नीकर्स' का अनावरण किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने मंच पर सोने के स्नीकर्स की एक जोड़ी रखी, इसकी कीमत एक नई वेबसाइट पर 399 डॉलर थी और इसे 'नेवर सरेंडर हाई-टॉप स्नीकर' नाम दिया गया। 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव लिए उनके और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच संभावित मुकाबले में जीओपी नामांकन में अग्रणी ट्रम्प ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं 12-13 साल से बात कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता होने जा रही है।

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री

**नई दिल्ली।** आईएमडी विभाग ने बताया कि दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से दो डिग्री कम है। आईएमडी के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। पूरे दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है। इस बीच, रविवार को दिल्ली में कई एक्यूआई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' और 'गंभीर' श्रेणी दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार इलाके में सुबह 9 बजे पीएम 10 का स्तर 500 से ऊपर 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया और पीएम 2.5 का 420 तक पहुंच गया।

### रूस का यूक्रेन के अवदीवका शहर पर पूर्ण नियंत्रण का दावा

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने कहा है कि मॉस्को ने उकाराइन के अवदीवका शहर पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने अपने टेलीग्राम चैनल पर घोषणा की कि लेफ्टिनेंट जनरल एंड्री मोर्डविचेव के नेतृत्व में सैनिकों ने अवदीवका पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने 24 घंटों में अवदीवका में 1,500 से अधिक सैनिकों को खो दिया है। मंत्रालय ने कहा कि अवदीवका के पूर्ण नियंत्रण ने रूसी सैनिकों को डोनेट्स्क से अग्रिम पंक्ति को पीछे धकेलने की अनुमति दी, इससे सेना को यूक्रेनी हमलों से काफी हद तक सुरक्षा मिली।

# आचार्य श्री के अंतिम दर्शन को बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे डोंगरगढ़

**एजेंसी। भोपाल**

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के समाधिस्थ होने की खबर जैसे ही लोगों को मिली वे शोकमग्न हो गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु छत्तीसगढ़ स्थित डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। अब तक लगभग 400 ब्रह्मचारी भैया और 350 दीदी पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों से यहां पहुंच चुके हैं। मुनि श्री संभव सागर महाराज, समता सागर, महासागर महाराज, पूज्य सागर जी महाराज, निरामय सागर डोंगरगढ़ पहुंच चुके हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आचार्य विद्यासागर जी का मध्य प्रदेश के प्रति विशेष स्नेह रहा है। प्रदेशवासियों को उनका भरपूर आशीर्वाद मिला। उनके सद्कार्य हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने



अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक्स पर लिखा, राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समाधिस्थ होने की खबर स्तब्ध और निशब्द करने वाला है। मेरे जीवन में आचार्य श्री का गहरा प्रभाव रहा। उनके जीवन का अधिकतर समय मध्यप्रदेश की भूमि में गुजरा और उनका मुझे भरपूर आशीर्वाद मिला। गुरुवर के चरणों में शत शत नमन नमोस्तु भगवन!' कांग्रेसी नेता कमलनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक्स पर लिखा, ''पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सल्लेखना पूर्वक समाधि लेने की खबर न सिर्फ जैन समाज के लिए, बल्कि समूचे भारत और विश्व के लिए अपूरणीय क्षति है। ब्रह्मलीन आचार्य श्री विद्याधर जी महाराज ज्ञान, त्याग, तपस्या और तपोबल का सागर रहे हैं।

## आजीवन स्वास्थ्य और गरीबी उन्मूलन में जुटे रहे आचार्य श्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, जीवन भर आचार्य श्री गरीबी उन्मूलन के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने में लगे रहे। प्रधानमंत्री ने पिछले साल छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरि जैन मंदिर में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के साथ अपनी मुलाकात को भी याद किया और कहा कि यह मुलाकात उनके लिए अविस्मरणीय रही। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे निरंतर उनका आशीर्वाद मिलता रहा। तब आचार्य जी से मुझे भरपूर स्नेह और आशीष प्राप्त हुआ था। समाज के लिए उनका अप्रतिम योगदान देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।



# भाजपा सरकार की वापसी तय मोदी फिर बनेंगे पीएम : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी की केंद्र की सत्ता में फिर से वापसी पर विश्वास जताते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे, इस बात में कोई शक नहीं है। शाह भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के दो दिवसीय अधिवेशन में रविवार को पार्टी नेताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण कांग्रेस नेताओं ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से दूरी बनाई। शाह ने विपक्ष के इंडी गठबंधन को परिवार के हितों को सर्वोपरि रखने वाली पार्टियों का एक प्रकार का विलय



करार दिया और कहा कि इस वजह से वो आज हर चीज का विरोध करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के 10 वर्षों में आज देश विकसित भारत का स्वप्न लेकर आगे बढ़ रहा है। दूर-दूर तक इंडी गठबंधन को सत्ता प्राप्ति की संभावना नहीं दिखती है। भाजपा नेता ने कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जल, नभ, थल हर जगह घोटाले किए और आज इंडी गठबंधन का नेतृत्व इसी कांग्रेस के हाथ में है। कांग्रेस इतना भ्रष्टाचार करती है तो साथी भला क्यों पीछे रहेंगे। आम आदमी पार्टी ने शराब घोटाला, मोहल्ला क्लीनिक और न जाने कितने घोटाले किए। इन्होंने लोगों के मेडिकल टेस्ट करने में भी घोटाला किया। इसी वजह से आज आम आदमी पार्टी का सारा नेतृत्व कोर्ट और एजेंसियों से दूर भाग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के कालखंड को सबसे ज्यादा विकासप्रद बताते हुए शाह ने कहा कि अपने 75 साल के इतिहास में देश ने 17 लोकसभा चुनाव, 22 सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखे हैं। देश में हर सरकार ने अपने समय के अनुरूप विकास करने का प्रयास किया। इसमें कोई भ्रम नहीं है कि मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में समग्र विकास हुआ। इससे पहले आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी को माला पहनाकर स्वागत किया।

### पीएम मोदी के जम्मू का दौरा से पहले सुरक्षाबल अलर्ट

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को प्रस्तावित जम्मू के दौरे को देखते हुए पूरी कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस व अर्द्धसैनिक बल श्रीनगर शहर और कश्मीर घाटी के अन्य जगहों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर प्रवेश और निकास बिंदुओं पर विशेष जांच के लिए नाके स्थापित किए गए हैं तथा उन पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए अलर्ट पर रखा गया है कि केंद्र शासित प्रदेश की हाई प्रोफाइल यात्रा के दौरान आतंकवादी कोई गतिविधियां न करें।

## जंगली हाथी के हमले में मारे गए वन विभाग के घर पहुंचे राहुल



**एजेंसी। नई दिल्ली**


कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में जंगली हाथी के हमले में मारे गए वन विभाग के वॉचर वीपी पॉल के घर पहुंचे और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। उनके साथ पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। एक्स पर वेणुगोपाल ने कहा कि वायनाड में वन्यजीवों के हमलों ने पूरी तबाही मचा दी है। राहुल गांधी अजीश और पॉल वीपी के परिवारों तक पहुंचे और शोक व्यक्त किया। राहुल ने कहा कि इस कठिन समय में वे परिवारों के साथ खड़े हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि सांसद के रूप में राहुल हमेशा कठिन परिस्थितियों में वायनाड के लोगों के साथ खड़े रहे हैं। हमें उम्मीद है कि प्रशासन तेजी से वायनाड में बढ़ते मानव-पशु संघर्ष का स्थायी समाधान ढूंढ़ेगा।

## कमलनाथ का चरित्र दबाव में आने वाला नहीं : दिग्विजय

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके पुत्र छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ की भाजपा में शामिल होने की चचाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि कमलनाथ का चरित्र किसी भी दबाव में न आने वाला है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें को दिग्विजय सिंह ने खारिज किया और कहा, कमलनाथ जैसा व्यक्ति जिन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत कांग्रेस से की और जिन्हें हम सब इंदिरा जी का तीसरा पुत्र मानते है, उन्होंने हमेशा कांग्रेस का साथ दिया है और कांग्रेस के स्तंभ रहे। कांग्रेस की ओर से कमलनाथ को दी गई जिम्मेदारियां का जिक्र करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि कमलनाथ को कौन सा पद नहीं मिला, उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए और मुख्यमंत्री बनाए गए। सारे पद उनको मिले। मुझे नहीं लगता कि वह कांग्रेस छोड़ेंगे। ईडी का, आईटी का और सीबीआई का दबाव तो सब पर है, वह उन पर भी है लेकिन कमलनाथ का चरित्र दवाब में आने वाला नहीं रहा।

### वायुसेना का चिनूक हेलीकॉप्टर एहतियात के तौर पर पंजाब में खेत में उतरा



**चंडीगढ़।** भारतीय वायु सेना के एक चिनूक हेलीकॉप्टर ने रविवार को पंजाब के संगरूर जिले के बरनाला शहर के पास सुरक्षित एहतियाती लैंडिंग की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर खुले मैदान में उतरा और चालक दल के दोनों सदस्य सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि रिकवरी टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है।

## कमलनाथ बेटे नकुल सहित थामेंगे कमल ?

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

कमलनाथ अब अपने बेटे नकुल नाथ (छिंदवाड़ा से सांसद) के राजनीतिक भविष्य तथा अपनी सुरक्षा के लिए कमल थामने को बेचैन हैं। कहा तो यह जा रहा है कि यह मप्र विधान सभा चुनाव के पहले ही तैयार थे, लेकिन दुविधा थी कि कहीं कांग्रेस जीत गई तो फिर मुख्यमंत्री बन जाएंगे। लेकिन कांग्रेस नहीं जीती,तो अब ईडी से बचने व बेटे को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा की तरफ बढ़ गये हैं। 77 वर्ष के कमल नाथ उन नेताओं में हैं जो संजय गांधी के यार व बिग्रेड का होने के कारण कांग्रेस में आगे बढ़े और उनकी मौत के बाद राजीव गांधी की टीम के पार्ट बन गये। राजीव के देहांत के बाद भी सोनिया गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी व सरकार में प्रमुख कोटरी बने रहे। कांग्रेस में 40 वर्ष तक पद व पावर में रहे। संजय बिग्रेड में रहे जगदीश टाइटलर, गुलाम नबी आजाद , जैसे लोग भी लगातार फलते-फूलते रहे। अब राज्य सभा में नहीं भेजे जाने के कारण गुलाम नबी आजाद व अन्य कई पार्टी छोड़ भाजपा के सहयोगी बन गये या भाजपा में चले गये। मप्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने कई विधायकों के साथ अलग हो कमलनाथ की सरकार गिरा भाजपा में चले गये ,अब कमलनाथ उसी राह पर हैं। लेकिन कमलनाथ के सामने रोड़ा कुछ सिख नेता बन रहे हैं। दिल्ली भाजपा के आरपी सिंह व कई सिख नेताओं ने बाकायदा बयान दिया है कि 1984 के सिख दंगे में जिस कमलनाथ का टाइटलर व अन्य के साथ नाम आया , उसके विरूद्ध कार्रवाई करने के बजाय यदि भाजपा उनको पार्टी में लाती है ,तो हम भाजपा छोड़ देंगे। वैसे तो ऐसे किसी भी सिख नेता की नाराजगी का भाजपा के बड़े नेताओं पर कोई असर नहीं होने वाला है, लेकिन दिल्ली के सिखों के बीच एक मुद्दा तो बन ही जाएगा। इसको देखते हुए हो सकता है भाजपा नकुल को पार्टी ज्वाइन करा ले और कमलनाथ राजनीति से अलग हो जाएं। उनके लोग व विधायक उनके बेटे नकुल के साथ या बाद में भाजपा में चले जाएं। यह होने पर मप्र में कांग्रेस को और झटका लगेगा।

### जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में रविवार को मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने के साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार से बुधवार तक केंद्र शासित प्रदेश में व्यापक बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 5.8, गुलमर्ग में माइनस 1.4 और पहलगाम में 2.5 डिग्री रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.5 और कारगिल में 2.8 डिग्री दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 13, कटरा में 11.8, बटोटे में 8.1, भद्रवाह में 2.4 और बनिहाल में 7 डिग्री रहा।

# नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' में पहली बार हिस्सा लेंगे विक्रमादित्य और विक्रांत

### पचास मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए भारतीय नौसेना की बड़े पैमाने पर तैयारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सिटी ऑफ डेस्टिनी विशाखापत्तनम में 21 फरवरी से होने वाले बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' में पहली बार भारत के दोनों विमानवाहक आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत हिस्सा लेंगे। करीब 50 मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए मेजबान भारतीय नौसेना बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने अब तक के सबसे बड़े इस नौसैन्य अभ्यास को समुद्री क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय हित देखते हुए काफी



महत्वपूर्ण बताया है।

बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' में शामिल होने के लिए 58 देशों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें 50 से अधिक देशों से शामिल होने की प्रतिक्रियाएं मिलीं हैं। विभिन्न देशों की नौसेनाएं अपने-अपने युद्धपोत समुद्री और हवाई बेड़े के साथ इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहुंचने लगी हैं। अमेरिकी नौसेना का अर्ले बर्क-क्लास गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'यूएसएस हैल्सी' विशाखापत्तनम पहुंच गया है, जिसका पूर्वी नौसेना कमान सनराइज कमांड ने सिटी ऑफ डेस्टिनी में गर्मजोशी से स्वागत किया है। यह पहला मौका है जब भारत के दोनों विमानवाहक यानी आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत विशाखापत्तनम में होने वाले बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन-2024 में भाग लेंगे।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कहते हैं कि 'मिलन' वास्तव में अब तक का सबसे बड़ा अभ्यास है, जो अपने कद, सामग्री और जटिलता की डिग्री में बढ़ रहा है। यह इस मायने में बहुत महत्वपूर्ण है कि इस बार का विषय सभी के साथ 'सहयोग, सामंजस्य और बातचीत' है। इसमें एक समुद्री चरण और एक बंदरगाह चरण है, जो 19 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगा। अभी हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, 2030 तक या उससे भी पहले तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से हमारे देश का कद बढ़ रहा है और समुद्री क्षेत्र के महत्व को भी हर कोई महसूस कर रहा है। समुद्री क्षेत्र अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए महासागरों को सुरक्षित, संरक्षित और मुक्त रखने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि नियम-आधारित व्यवस्था के तहत समुद्री क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें। बहुराष्ट्रीय अभ्यास ह्यमिलनङ्क में भारतीय नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों की भागीदारी पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कहते हैं कि दोनों वाहक अभ्यास में हिस्सा लेने के बाद पश्चिमी समुद्र तट पर जाएंगे और हम उन्हें एकीकृत करने जा रहे हैं। अभी पश्चिमी समुद्र तट पर ऑपरेशन की गति काफी तेज है, क्योंकि हमारे 10 जहाज ड्रोन-रोधी उपायों के लिए तैनात हैं। अन्य 3-4 जहाज समुद्री डकैती-रोधी अभियानों के लिए तैनात हैं, जो अभूतपूर्व है, क्योंकि पहले ऐसा नहीं था।

### फिल्म जगत

## एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग के अनुभव शेयर किए

साउथ की टॉप एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने हाल ही में एक फोटो के साथ हाल ही में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग के अनुभव शेयर किए हैं। रश्मिका ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अभिनेत्री श्रद्धा दास के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, केवल आपकी जानकारी के लिए, इस तरह हम आज मौत से बाल-बाल बच गए। जमीन पर सुरक्षित उतरने के बाद रश्मिका और श्रद्धा खुशी से मुस्कुरा रही थीं। इसके साथ उन्होंने अपने पैरों की फोटो भी शेयर की है। दरअसल, रश्मिका मंदाना, श्रद्धा और अन्य यात्रियों को ले जा रही एयर विस्तारा की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के बाद यात्रियों को बेहद अजीब अनुभव का सामना करना पड़ा और पूरी फ्लाइट में अफरा-तफरी मच गई। रश्मिका की फ्लाइट मुंबई से हैदराबाद जा रही थी। तकनीकी खराबी के कारण 30 मिनट बाद फ्लाइट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस घटना में यात्रियों की जान को कोई नुकसान नहीं हुआ।

